CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 25°C

लखनऊ, सोमवार 21 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 260 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ पर राहुल गांधी का सरकार पर हमला पेज 2



शुभमन गिल के निशाने पर 19 साल पुराना रिकॉर्ड खेल टाइम्स



संसद में प्राइवेट मेंबर बिल: गंभीरता की गिरती रेखा व लोकतंत्र की अनदेखी सम्पादकीय



20 साल से सऊदी के 'सोते हुए राजकुमार' का निधन पेज़ 12

## फ्लाइट की जल्दबाजी में पत्नी को भूले शिवराज सिंह

जूनागढ़, वार्ता



- काफिले के साथ जूनागढ़ से राजकोट निकले, एक किमी के बाद वापस लौटे फिर साथ गए केंद्रीय मंत्री

**केंद्रीय कृषि मंत्री** शिवराज सिंह चौहान जूनागढ़ में एक दिलचस्प जल्दबाजी कर बैठे। वे पत्नी साधना सिंह को छोड़कर 22 गाड़ियों के काफिले के साथ जूनागढ़ से राजकोट की ओर रवाना हो गए।

एक किलोमीटर दूर पहुंचे ही थे कि ख्याल आया पत्नी तो साथ में हैं ही नहीं। इसके बाद काफिला तुरंत यू-टर्न लेकर मूंगफली शोध केंद्र लौटा, जहां साधना सिंह वेटिंग रूम में बैठी थीं। दरअसल, शिवराज पत्नी के साथ गुजरात के धार्मिक व सरकारी दौरे पर थे। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग और गिर के सिंहदर्शन के बाद मूंगफली शोध केंद्र में किसानों व 'लखपति दीदी' योजना से जुड़ी महिलाओं से संवाद कार्यक्रम था। उन्हें रात 8 बजे राजकोट से फ्लाइट पकड़नी थी और रास्ता खराब होने के कारण वे हड़बड़ी में थे। कार्यक्रम के मंच पर बार-बार घड़ी देखते रहे। खुद माइक से कहा कि राजकोट का रास्ता खराब है, अगली बार फुर्सत से आऊंगा। उन्होंने भाषण छोटा किया और तेजी से काफिले के साथ निकल गए। उधर, साधना गिरनार दर्शन के बाद लौट चुकी थीं और प्रतीक्षालय में बैठी थीं। शिवराज को ख्याल आया कि पत्नी, तो साथ में हैं नहीं। फिर फोन पर संपर्क साधा। इसके बाद काफिले संग लौटे और पत्नी को लेकर राजकोट निकले। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ सासन-देवलिया सफारी पार्क घूमा था। उन्होंने कहा था कि सासन में हमने प्रकृति के राज को देखा। गिर की प्राकृतिक सुंदरता वाकई अद्भुत है। उन्होंने कहा था कि सफारी की पूरी अवधारणा और योजना अद्भुत है। यह सफारी अनुभव के अलग-अलग रंग प्रदान करती है।

## थरूर के तीखे बोल: पहली वफादारी देश के लिए

- कहा: दूसरे दलों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, इसे गद्दारी समझ लिया जाता है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने कहा कि किसी भी नेता की पहली वफादारी देश के प्रति होनी चाहिए, पार्टी के प्रति नहीं।

थरूर कोच्चि में शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय विकास पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। पार्टियां सिर्फ एक रास्ता हैं, देश को बेहतर बनाने का जरिया हैं। अगर देश ही नहीं बचेगा, तो पार्टियों का क्या फायदा? इसलिए जब देश की सुरक्षा का सवाल हो, तब सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए। जब हम कहते हैं कि देश के लिए दूसरे दलों से मिलकर काम करना चाहिए, तो कुछ लोग इसे पार्टी से गद्दारी समझ लेते हैं। राजनीति में मुश्किल वक्त में सभी को एकजुट होना चाहिए।

### डॉन फिल्म के निर्देशक चंद्रा बारोट का निधन



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अभिनीत सुपरहिट फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्रा बारोट का रविवार को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। चंद्रा बारोट कई सालों से अपने फेफड़ों का इलाज करा रहे थे। वह मुंबई के बांद्रा स्थित एक अस्पताल में भर्ती थे, जहां रविवार को उन्होंने आखिरी सांस ली। चंद्रा बारोट को वर्ष 1978 में प्रदर्शित अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म 'डॉन' का निर्देशन करने के लिए जाना जाता है। चंद्रा बारोट का जन्म और पालन-पोषण तंजानिया में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक बैंक में नौकरी से की थी, लेकिन उनका दिल फिल्मों की ओर चला गया, जिसके बाद वे भारत आकर फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ गए।

### राजस्थान के नागौर में सड़क पर मछलियां तैरीं, काशी में बाढ़

**नई दिल्ली।** राजस्थान में हो रही भारी बारिश आफत बन गई है। नागौर में तालाब भर गए हैं और पानी बाहर आ गया है, सड़क पर सैकड़ों मछलियां तैर रही हैं। वहीं, पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण अलग-अलग हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। यूपी में लगातार बारिश से गंगा, यमुना और मंदाकिनी जैसी नदियां उफान पर हैं। काशी में 84 घाट डूबने के बाद अब गंगा का पानी अस्सी घाट की सड़क तक पहुंच गया है। गंगा के साथ वरुणा नदी में बाढ़ आ गई है। उधर बिहार की कई नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। पटना में गंगा नदी उफान पर है। पटना डीएम ने जिले के 78 स्कूलों को 21 जुलाई तक बंद रखने का आदेश दिया है।

### विदेशी मीडिया के झूठे कवरेज पर बरसे उड्डयन मंत्री


**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में बीते 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चर्चा जारी है। इसी बीच केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने रविवार को एयर इंडिया 171 विमान हादसे को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि एएआईबी पूरी जिम्मेदारी से और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत जांच कर रही है। मंत्री नायडू ने एएआईबी रिपोर्ट को लेकर विदेशी मीडिया के दावों पर भी निशाना साधा। उन्होंने खासकर पश्चिमी मीडिया को आगाह किया कि वे अफवाहें फैलाने और बिना पुष्टि वाली खबरें छापने से बचें। नायडू ने कहा कि हमें एएआईबी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने ब्लैक बॉक्स को भारत में ही डिकोड कर एक बेहतरीन काम किया है। जब तक अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कोई भी निष्कर्ष निकालना सही नहीं है।

### प्रधानमंत्री से अपना नैतिक कर्तव्य निभाने की उम्मीद जताई

## विपक्ष एकसुर: पहलगाम और ट्रम्प की हकीकत बताएं मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सर्वदलीय बैठक के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने एक स्वर में उठाई मांग, एकजुट हुआ विपक्ष



**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं ने रविवार को एक स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर पर संसद से देश को संबोधित करना चाहिए और बिहार में मतदाता सूची तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आरोपों पर जवाब देना चाहिए।

सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस सत्र में हम पहलगाम पर बात करेंगे। सीमा पर संघर्ष, प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार और बिहार में मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित मुद्दे पर प्रधानमंत्री को संसद से राष्ट्र को संबोधित करना चाहिए। उम्मीद है प्रधानमंत्री अपना नैतिक कर्तव्य निभाएंगे। समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने कहा कि उन्होंने बैठक में पहलगाम आतंकी हमला और इसमें खुफिया विफलता, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के सैन्य कारवाई रोकने वाले बयान के साथ ही पांच जेट गिराए जाने संबंधी बयान, देश की विदेश नीति की विफलता का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि विदेश नीति की विफलता के कारण ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के किसी देश ने हमारा साथ नहीं दिया। अन्नाद्रमुक के एम. थंबीदुरई ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में लगभग सभी दलों के नेताओं ने -शेष पृष्ठ दो पर

### संसद सुचारू रूप से चलाना सबकी जिम्मेदारी: रिजिजू



**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि संसद को सुचारू रूप से चलाना राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है और वैविचारिक विविधता के बावजूद सभी दलों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सर्वदलीय बैठक में आज विभिन्न दलों के 54 सदस्यों ने भाग लिया। यह बैठक बहुत सकारात्मक रही और सदस्यों ने सकारात्मक रूप से ही अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी दलों के नेताओं ने सुझाव दिए और सरकार ने उन सभी की सुझाव को नोट कर लिया है।

## कांवड़ यात्रा में उपद्रव करने वालों के लगेंगे पोस्टर: योगी

### उप्र के मुख्यमंत्री ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मुख्यमंत्री ने लोगों को भी कराया उनकी जिम्मेदारी का अहसास

**लखनऊ।** कांवड़ यात्रा में तोड़फोड़ और उपद्रव करने वालों के योगी सरकार ने पोस्टर चस्पा करने की चेतावनी दी है और यात्रा सम्पन्न होने के बाद उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। ये बातें खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में कही।

सीएम योगी इन घटनाओं को लेकर बेहद सख्त नजर आए और कहा कि सभी घटनाओं के सीसीटीवी हैं, जिन्होंने भी कांवड़ यात्रा को बदनाम करने का प्रयास किया है, जो भी उपद्रवियों के भेष में छिपे हैं वो सब बेनकाब होंगे। मुख्यमंत्री योगी ने आगाह करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा में उत्साह और उमंग है। श्रद्धा और भक्ति है। वहीं इस उत्साह और श्रद्धा को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया के साथ अन्य माध्यमों से इस धार्मिक यात्रा को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे लोगों को अपने बीच में न घुसने दें। कांवड़ को खंडित करने और श्रद्धा से जो खिलवाड़ करता है। खुद कानून हाथ में न लें बल्कि उनके बारे में प्रशासन को सूचना दें। मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा के दौरान जहां कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। वहीं लोगों को उनकी जिम्मेदारी का भी अहसास कराया। सीएम योगी ने कहा कि शिव लोकमंगल के देवता हैं। वो आदिदेव महादेव हैं। पुलिस प्रशासन ने तो बेहतर व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन हमें भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें दूसरों की परेशानी समझनी होगी। सफाई कर्मचारी तो अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, लेकिन हमें भी अपना दायित्व समझना होगा।

## जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने पर SC ने लिया स्वत: संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के वकीलों को तलब करने के मामले का स्वत: संज्ञान लिया है।

शीर्ष अदालत इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किया था। इसे लेकर ईडी ने कहा कि उसने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मुवक्किलों के खिलाफ चल रही जांच में किसी भी वकील को समन जारी न करें।

### विधेयक मंजूरी मामले में संविधान पीठ कल करेगी विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ 22 जुलाई को राष्ट्रपति के संदर्भ पर विचार करेगी कि क्या राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों पर विचार करते वक्त राष्ट्रपति की ओर से विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों से समय-सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं।

## सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं: इलाहाबाद हाईकोर्ट

- कहा: महज स्टांप पेपर पर पति-पत्नी के बीच तलाक नहीं हो सकता

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक महिला के अनुकंपा नियुक्ति के मामले में दिए अहम फैसले में कहा कि सिर्फ आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र विवाह का वैध सबूत नहीं माना जाएगा।

अदालत ने यह भी कहा कि महज स्टांप पेपर पर पति-पत्नी के बीच तलाक नहीं हो सकता है। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने महिला की अनुकंपा नियुक्ति पाने की याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला महिला की याचिका पर दिया। महिला ने अपने कथित पति की मृत्यु के बाद उसकी जगह खुद को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का दावा किया था, जिसे कृषि विभाग ने बीते 5 अप्रैल को खारिज कर दिया था। दावे को खारिज करने के इसी आदेश को महिला ने याचिका में चुनौती दी थी।

### एनआईए अदालत ने शमील की जमानत याचिका खारिज की

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की यहां की एक विशेष अदालत ने प्रतिबंधित संगठन सिमी के कार्यकर्ता साकिब नाचन के पुत्र और आतंकवाद के आरोपी शमील नाचन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शमील ने अपने पिता की मृत्यु के बाद विभिन्न क्रियाकलापों के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी। उसके पिता की हाल ही में दिल्ली की तिहाड़ जेल में मृत्यु हो गई थी। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि नमाज कहीं से भी अदा की जा सकती है और कब्रिस्तान में व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक नहीं है। शमील ने अपने पिता की मौत के बाद विभिन्न क्रियाकलापों के लिए 20 दिनों की अंतरिम जमानत दिए जाने का आग्रह किया था। शमील के वकीलों, मोबिन सोलकर और ताहिरा कुरैशी ने तर्क दिया था कि मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार, कुरान ख्वानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। मृत्यु के बाद 20 दिनों की अवधि के दौरान, नमाज अदा करने के लिए कब्रिस्तान में दिन में दो बार जाना होता है।

## नैनीताल से विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम जुड़ेगा रोपवे से

अफज़ल हुसैन 'फौजी'







- अब 20 मिनट में होंगे बाबा के दर्शन, जाम से मिलेगी मुक्ति
- जिला पर्यटन विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव
- श्रद्धालुओं-पर्यटकों को मिलेगी बड़ी राहत

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों और बाबा नीम करौली महाराज के अनन्य भक्तों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है।

नैनीताल से विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम तक की यात्रा अब न केवल बेहद सुगम होगी, बल्कि समय भी कम लगेगा। दरअसल, जिला पर्यटन विभाग ने नैनीताल के स्नो व्यू से कैंची धाम तक एक अत्याधुनिक रोपवे (केबल कार) परियोजना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया है। इस पहल से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भीषण जाम और लंबी दूरी की थकावट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल, नैनीताल से कैंची धाम तक सड़क मार्ग से करीब 17 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। गर्मियों की छुट्टियों, पीक पर्यटन सीजन और विशेषकर हर वर्ष आयोजित होने वाले कैंची धाम मेले के दौरान इस मार्ग पर अक्सर घंटों का भीषण जाम लग जाता है, जिससे यात्रा बेहद असहज और थका देने वाली हो जाती है।

**स्नो व्यू से सीधे कैंची धाम तक उड़ान**

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस रोपवे की मांग लंबे समय से की जा रही थी, खासकर स्थानीय होटल व्यवसायियों और पर्यटन कारोबारियों की ओर से। यह रोपवे नैनीताल के प्रसिद्ध स्नो व्यू प्वॉइंट से शुरू होकर सीधे कैंची धाम तक पहुंचेगा। उन्होंने आगे बताया कि सड़क मार्ग से यह दूरी 17 किमी है, जबकि रोपवे से यह महज 5-6 किलोमीटर रह जाएगी, जिसे लगभग 20 मिनट में तय किया जा -शेष पृष्ठ दो पर

संक्षिप्त समाचार

### श्रीनिवासन व सुदर्शन वेणु से मिलकर खुशी हुई: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी के श्री वेणु श्रीनिवासन और श्री सुदर्शन वेणु से मिलकर उन्हें अपार खुशी हुई। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आज एक पोस्ट में कहा कि मैं कच्छ की सुंदरता को दर्शाने और मोटरसाइकिल सवारों को वहां जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उनके प्रयास की सराहना करता हूं। दरअसल टीवीएस मोटर कंपनी के अध्यक्ष वेणु श्रीनिवासन और उनके पुत्र सुदर्शन वेणु ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री 'रण उत्सव 2025' कॉफी टेबल बुक भेंट की।

### जनता ने 2017 में ही बूथ का भूत उतारा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एसएन सिंह ने रविवार को यहां समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का बिना नाम लिए कहा कि प्रदेश की जनता ने 2017 में ही बूथ का भूत उतार दिया था और बची कसर 2027 जनता पूरी कर देगी। सिंह ने रविवार को यहां कहा कि सनातन को गाली, धर्मान्तरण और जेहाद का समर्थन के कारण ही उत्तर प्रदेश की जनता ने कई लोगों का बूथ का भूत उतार दिया है और बची खुची कसर जनता 2027 के विधान सभा चुनाव मे पूरा कर देगी। उन्होंने सपा मुखिया का नाम लिए बिना कहा कि इसलिए भूत की चिंता छोड़ दीजिए और इस बात की चिंता करिए कि यह देश रघुपति राघव राजा राम को मानते वाला है। ऐसी विचार धारा वाले देश में सनातन और हिन्दू संतों के खिलाफ जहर उगलने वाले लोगों को देश की जनता जवाब देना जानती है।

# यूपीपीसीबी को क्षतिपूर्ति वसूलने का अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि औद्योगिक इकाइयों पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने का कोई अधिकार नहीं है।

न्यायालय ने कहा कि यह क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने की शक्ति सिर्फ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने यूपीपीसीबी द्वारा औद्योगिक इकाइयों पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने के आदेशों को रद्द करके याचिकाएं मंजूर कर लीं। प्रदेश के आद्योगिक इकाइयों ने पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने के आदेशों को चुनौती दी थी। न्यायाधीश एआर मसूदी और न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह फैसला 177 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करके दिया है। यह सभी याचिकाएं प्रदेश की अलग-अलग औद्योगिक इकाइयों की ओर से दाखिल की गई थीं। याचिकाओं में पर्यावरण को हानि पहुंचाने के आरोप में इन औद्योगिक इकाइयों पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लगाई गई क्षतिपूर्ति के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिनियम के तहत सिर्फ ट्रिब्यूनल को ही पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने करने की शक्ति है। वहीं न्यायालय ने यह भी कहा कि जल प्रदूषण के सम्बंध में राज्य सरकार भी कानून बना सकती है, लेकिन प्रदेश में ऐसा कोई विधान लागू नहीं किया गया है। जबकि असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान त्रिपुरा व पश्चिम बंगाल राज्यों में जल प्रदूषण को लेकर कानून बने हुए हैं।

# एएमयू में तिलक लगाकर ऑफिस आने पर आपत्ति

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में एक बार फिर धार्मिक भेदभाव का मामला सामने आया है। जेएन मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कर्मचारी नेता पंडित आशीष शर्मा ने असिस्टेंट फाइनेंस ऑफिसर समीर मुर्सिल खान पर तिलक लगाने को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आशीष शर्मा ने फाइनेंस ऑफिसर को तत्काल निलंबित करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। पंडित आशीष शर्मा पिछले सात वर्षों से एएमयू में कार्यरत हैं। इनका आरोप है कि फाइनेंस ऑफिसर समीर मुर्सिल खान द्वारा तिलक लगाने पर लगातार कमेंट किए जा रहे हैं। आशीष शर्मा ने बताया कि वे कहते हैं तुम तो नेता हो, काम कौन करेगा? तिलक लगाकर ऑफिस क्यों आते हो? यह मेरे आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने दावा किया कि धार्मिक प्रतीकों को लेकर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, साथ ही वेतनवृद्धि और पदोन्नति में भी भेदभाव हो रहा है। शर्मा ने कहा कि उनके विभाग में बाहरी व्यापारियों से मिलने पर पाबंदी लगा दी गई।

# आगरा धर्मांतरण केस: मुक्त हुई सगी बहनों के पिता ने खोले चौंकाने वाले राज

आगरा, वार्ता

धर्मांतरण गिरोह से मुक्त हुई सगी बहनों के पिता रविवार को मीडिया के सामने आए। उन्होंने कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूपी पुलिस का धन्यवाद जताया। साथ ही धर्मांतरण गैंग के तरीकों पर भी चौंकाने वाले खुलासे किए।

पिता ने बताया कि मामले की शुरुआत वर्ष 2021 से हुई। बड़ी बेटी पीएचडी की कोचिंग ले रही थी। वहां उसके साथ जम्मू-कश्मीर की युवतियां भी पढ़ने आती थीं। इनमें से एक युवती ने बेटी को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया। उस युवती ने बेटी की मां से भी फोन पर बात की। पिता ने बताया कि इस दौरान युवती की मंशा थी कि ब्रेनवॉश कर पूरे परिवार का ही धर्मांतरण करा दिया जाए। पिता ने बताया कि धर्मांतरण गिरोह के लोग टारगेट चुनते हैं। इसके बाद इंतजार करते हैं। नाबालिग की जगह बालिग को निशाने पर रखते हैं। इसके लिए गैंग को एक-दो साल का इंतजार करना पड़े तो करते हैं। जैसे ही 18 वर्ष की उम्र पूरी करते हैं, उस टारगेट पर गिरोह के सदस्य काम करना शुरू कर देते हैं। ब्रेन वॉश कर धर्मांतरण की कोशिश शुरू कर देते हैं। पिता ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने समय रहते बेटियों को मुक्त कराने के लिए यूपी पुलिस की भी प्रशंसा की। पुलिस के अनुसार सदर बाजार स्थित पंजाबी परिवार की बड़ी बेटी एमफिल पास है। वर्ष 2020 में उसकी पहचान जम्मू-कश्मीर के उधमपुर निवासी साइमा उर्फ खुशबू से हुई थी। दोनों में दोस्ती हो गई। साइमा आगरा के लाइफ साइंस से पढ़ाई कर रही थी। वर्ष 2021 में साइमा अपने साथ बड़ी बहन को जम्मू कश्मीर ले गई थी। अचानक लैंड स्लाइड हो गया था। उनकी गाड़ी फंस गई। किसी तरह उन्हें निकाला गया। तब साइमा ने खुद को रिटायर इंस्पेक्टर की बेटी बताया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस की सूचना पर परिजन बेटी को वापस लेकर आए थे। बेटी के घर पहुंचने पर परिवार के लोगों को पता चला कि वह पूजा-पाठ करने से इन्कार कर रही है। वह इस्लाम को मानने लगी थी। वह कई लोगों से फोन पर बातचीत किया करती थी। डाक से उसके पास इस्लाम से संबंधित किताबें आया करती थीं।

**■ ब्रेन वॉश कर शुरू करते हैं धर्मांतरण की कोशिश**

## पहलगाम से लेकर एसआईआर तक पीएम से मांगेंगे जवाब: गोगोई

# संसद में पीएम मोदी को घेरेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



मानसून सत्र शुरू होने से पहले विपक्षी नेताओं ने बताया कि वह किन मुद्दों को उठाकर सदन में सरकार को घेरेंगे। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार का मुखिया होने के नाते पीएम सदन में उठे सभी सवालों के जवाब देंगे। लोकसभा का मानसूत्र सत्र सोमवार को शुरू होने जा रहा है। इसी को लेकर विपक्षी दल के सभी नेताओं ने सदन में उठाए जाने वाले सवालों की लिस्ट बना ली है।

सर्वदलीय बैठक से पहले कई नेताओं ने मीडिया के सामने उनके द्वारा उठाए जाने वाले सवालों पर चर्चा की। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मीडिया से कहा कि पिछले कुछ महीनों के महत्वपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के बाद संसद का सत्र शुरू हो रहा है। हमें उम्मीद है कि पीएम मोदी सदन में जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि जैसा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने बताया कि पहलगाम हमला सुरक्षा चूक थी, तो सरकार को अपनी चूक पर बात रखनी होगी। गोगोई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय हमने अपनी सेना को समर्थन दिया, यह जरूरी है कि संसद में हम सेना के साथ एकजुट रहें।

गोगोई ने कहा जो बयान अमेरिका के राष्ट्रपति की ओर बार-बार आ रहे हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर उन्होंने करवाया, वह भारत की गरिमा और सेना के शौर्य पर सवाल उठाता है। चुनाव आयोग को घेरते हुए उन्होंने कहा कि वोट देने का अधिकार हर नागरिक होता है, आज चुनाव आयोग राजनीतिक दलों से ठीक से बात करने में भी हिचकिचा रहे हैं। चुनाव आयोग की तरफ से किसी भी पार्टी को कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया रहा है।

**■ आज से संसद का मानसून सत्र, सर्वदलीय बैठक में बोली कांग्रेस**

### रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ पर राहुल का सरकार पर हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार में एक रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगार युवकों की भारी भीड़ को लेकर राजग सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के युवा अब लच्छेदार बातों की फेर में आने वाले नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार की गारंटी चाहिए और यह काम कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन ही कर सकता है। गांधी ने कहा कि बेरोजगार युवकों यह भीड़ बताती है कि बिहार के काबिल युवाओं के लिए सरकार रोजगार मुहैया नहीं कराई पा रही है। बिहार का युवा भाषण नहीं रोजगार चाहता है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें रोजगार देने में विफल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महारोज़गार मेला में उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ़ एक भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब भाषणों पर नहीं, रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है। भाजपा और नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से लाखों युवाओं को रोज़ी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है।

# एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ छेड़ना होगा युद्ध

## जम्मू-कश्मीर के एलजी ने किया आह्वान

श्रीनगर, वार्ता



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि एकजुट होकर आतंकवाद, उसके पारिस्थितिकी तंत्र और नशे की लत के खिलाफ युद्ध छेड़ना होगा।

सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करना तथा युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों की आपूर्ति करने, धन उपलब्ध कराने और आतंकवादियों की सहायता करने के लिए जिम्मेदार पूरे नेटवर्क को नष्ट करना उनका दृढ़ संकल्प है। वह श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा आयोजित 'पेडल थ्रू पैराडाइज' साइकिल रेस-2025 के सम्मान समारोह में शामिल होने के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उपराज्यपाल ने विजेताओं को सम्मानित किया तथा प्रतिभागियों के उत्साह तथा एकता की भावना की सराहना की। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 5500 से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया। सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में शांति एवं प्रगति सुनिश्चित करने में जम्मू-कश्मीर के बहादुर पुलिस कर्मियों के बलिदान, समर्पण और वीरता को सलाम किया।



सेंसेक्स 81757.73
निफ्टी 2496840



सोना रु. 98243
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार




चांदी रु. 112700
प्रति किलो



# वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता



लगातार तीन सप्ताह की गिरावट के बाद अगले सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने में घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम और वैश्विक स्तर पर अमेरिका में स्टेबलकॉइन को लेकर बने नए कानून की अहम भूमिका होगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को गाइडिंग एंड इस्टेब्लिशिंग नेशनल इनोवेशन फॉर यू.एस. स्टेबलकॉइन्स' (जीनियस) एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए जिसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखेगा। खासकर स्टेबलकॉइन जारी करने वालों के लिए शत-प्रतिशत रिजर्व रखने के प्रावधान से डॉलर और अल्पावधि अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड की मांग बढ़ेगी और ये मजबूत होंगे। इससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल सकते हैं।

अमेरिका द्वारा नए टैरिफ को लेकर अंतिम समझौते से पहले निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं और उनका यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। सप्ताह के दौरान 21 जुलाई को इटरनल, 23 जुलाई को इंफोसिस और 25 जुलाई को बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज के परिणाम जारी होने हैं। आईडीबीआई, यूको बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और कोटक महिंद्रा बैंक समेत कई बैंकों के परिणाम भी सप्ताह के दौरान जारी होने हैं। निवेशकों की नजर सोमवार को जारी होने वाले आठ प्रमुख उद्योगों के आंकड़ों पर भी रहेगी। बीते सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में जहां लगातार तीसरी साप्ताहिक गिरावट रही, वहीं मझौली और छोटी कंपनियों के निवेशक लाभ में रहे। बीएसई का सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 मंगलवार और बुधवार को छोड़कर शेष तीन दिन लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स 0.90 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 81,757.73 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 24,968.40 अंक पर आ गया। यह दोनों का एक महीने का निचला स्तर है। निफ्टी.100 में 0.53 फीसदी की गिरावट रही। दूसरी तरफ, मिडकैप और स्मॉलकैप में साप्ताहिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 में 0.99 प्रतिशत का उछाल देखा गया और यह शुक्रवार को 16,645.40 अंक पर रहा। निफ्टी स्मॉलकैप.100 भी 1.04 प्रतिशत की बढ़त में 18,959.65 अंक पर बंद हुआ।

## विदेशी संस्थागत निवेशकों ने किया 5,939 करोड़ रुपये का निवेश

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जुलाई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 69.6 करोड़ डॉलर (5,939 करोड़ रुपए) का शुद्ध निवेश किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार महीने के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शेयरों में बिकवाली कर डेट खरीदे। इक्विटी में उन्होंने 64.3 करोड़ डॉलर की बिकवाली की जबकि 134.4 करोड़ डॉलर के डेट की लिवाली की। इसके अलावा म्यूचुअल फंड में उन्होंने 4.6 करोड़ डॉलर लगाए जबकि हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट से पांच करोड़ डॉलर निकाले। इस महीने की शुरुआत में निवेशकों का रुख सकारात्मक था, हालांकि बाद में वे बिकवाल हो गए, खासकर पिछले सप्ताह। इससे पहले जून में एफपीआई निवेशक बिकवाल रहे थे। उन्होंने शुद्ध रूप से बाजार से 90.4 करोड़ डॉलर निकाले थे। पूरे कैलेंडर वर्ष के दौरान उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार से 682.2 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की है।

# सोनभद्र के जंगल में यूरेनियम का भंडार?

**सोनभद्र।** भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद में यूरेनियम खनिज की खोज शुरू कर दी है। म्योरपुर ब्लॉक के पूर्वी देव हार इलाके के घने चितपहरी जंगल में विभाग की एक टीम द्वारा गुपचुप तरीके से 1100 फीट गहरी खुदाई की जा रही है।

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस खुदाई का उद्देश्य क्षेत्र में यूरेनियम की उपलब्धता की जांच करना है। भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय की वैज्ञानिक टीम काफी समय से सोनभद्र के इस क्षेत्र में भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर रही थी। भू-गर्भीय संकेतों और रॉक सैंपल के परीक्षण में संभावनाएं मिलने के बाद यहां खुदाई का कार्य शुरू किया गया है। चितपहरी गांव के जंगलों में की जा रही यह खुदाई पूरी तरह वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है। टीम के पास अत्याधुनिक ड्रिलिंग मशीनें और सेंसर लगे यंत्र हैं, जिनकी सहायता से गहराई में मौजूद खनिज तत्वों की पहचान की जा रही है। खुदाई के शुरुआती स्तर पर वैज्ञानिकों को कुछ रेडियोधर्मी तत्वों के संकेत मिले हैं, लेकिन फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की गई है कि वह शुद्ध यूरेनियम है या उससे जुड़ा कोई अन्य खनिज है। चूंकि खुदाई वन क्षेत्र के अंदर हो रही है, इसलिए वन्यजीवों और पर्यावरण पर असर को लेकर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खुदाई स्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है और आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।

**■ परमाणु ऊर्जा विभाग की टीम ने शुरू की खुदाई**

### क्या है यूरेनियम और इसका महत्व?

यूरेनियम एक अत्यधिक महत्वपूर्ण रेडियोधर्मी खनिज है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से परमाणु ऊर्जा उत्पादन और सैन्य हथियारों में किया जाता है। भारत में यूरेनियम के सीमित भंडार हैं और इसकी खोज की प्रक्रिया लगातार जारी है। अगर सोनभद्र में इसकी पुष्टि होती है, तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। सोनभद्र जिला पहले से ही अपनी खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध है। यहां बाक्साइट, मैग्नीज, आयरन, सिलिका आदि जैसे खनिज पहले से खनन किए जा रहे हैं। अगर यूरेनियम की पुष्टि होती है, तो यह इस जिले के खनन मानचित्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिला सकता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष एकसुर..** कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सवालों का जवाब देने के लिए संसद से देश को संबोधित करना चाहिए। उनका कहना था कि सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची का मामला भी उठाया। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि उन्हें कहीं अन्यत्र जाना था इसलिए और बैठक बीच में छोड़कर के आए, लेकिन उन्होंने बैठक में पार्टी की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के उन आरोपों पर सरकार का स्पष्टीकरण मांगा जिनमें पांच जेट विमानों को गिराने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि मैंने बिहार में मतदाता पर बुलडोज़र कार्रवाई और अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हमारे पायलटों को दोषी ठहराए जाने का मुद्दा उठाया। बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा ने कहा कि ओडिशा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है और राज्य की भाजपा सरकार असहाय और विफल नजर आ रही है। उनका कहना था कि संसद सत्र के दौरान पार्टी इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी। तेलुगु देशम पार्टी के लावु श्रीकृष्ण देवरायलु ने कहा कि संसद के 21 दिन के दौरान सभी दलों को संसद का कामकाज सुचारू रूप से चलाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और संसद में कामकाजी घंटों का सही तरीके से उपयोग होना चाहिए।

**नैनीताल से...** सकेगा। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इस रूट को भौगोलिक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टियों से उपयुक्त पाया गया है। प्रशासन जल्द ही तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम के साथ विस्तृत भू-सर्वेक्षण और साइट निरीक्षण शुरू करेगा, ताकि प्रस्ताव को और अधिक मजबूती मिल सके। पर्यटन उद्योग को मिलेगी नई ऊर्जा- यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगी, बल्कि नैनीताल के समूचे पर्यटन उद्योग को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी। होटल, टैक्सी, खानपान, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों से जुड़े व्यवसायों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पर्वतमाला योजना के तहत देशभर में रोपवे निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है और नैनीताल-कैंची धाम रोपवे इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार का एक अत्यंत सराहनीय निर्णय है, जो धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और हर साल कैंची धाम में लगने वाले भीषण जाम से लाखों श्रद्धालुओं को मुक्ति दिलाएगा।प्रतिवर्ष देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नीम करौली महाराज के पावन दर्शनों के लिए कैंची धाम पहुंचते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी भक्त भी शामिल होते हैं। रोपवे उनके लिए न केवल एक सुविधाजनक माध्यम होगा, बल्कि यह उनके आध्यात्मिक अनुभव को भी और अधिक समृद्ध करेगा। स्थानीय लोगों, व्यापारियों और बाबा के भक्तों के बीच इस खबर को लेकर जबरदस्त उत्साह व्याप्त है। यदि यह परियोजना धरातल पर उतरती है, तो यह उत्तराखंड के धार्मिक पर्यटन के लिए एक ऐतिहासिक पहल साबित होगी। नैनीताल से कैंची धाम तक की यह रोपवे यात्रा निश्चित रूप से लोगों के लिए अध्यात्म और रोमांच का एक अविस्मरणीय संगम बन जाएगी।

# बनारस में बरेका ने 2500वें विद्युत रेल इंजन का किया निर्माण

बनारस, वार्ता

बनारस रेल इंजन कारखाने ने 2017 में दो विद्युत इंजन के निर्माण के साथ अपना सफर शुरू किया था और अब इसने 2500वें इंजन बनाने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। कंपनी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार की रोज नई ऊंचाइयों को छू रही है।

बरेका ने अब तक 10,822 लोकोमोटिव बनाए हैं, जिनमें 7498 डीज़ल इंजन और 2500 विद्युत इंजन शामिल है। इनमें से 641 गैर-रेलवे ग्राहकों के लिए, 174 निर्यातित डीज़ल इंजन, 01 ड्यूल ट्रैक्शन इंजन, 08 कन्वर्जन इंजन शामिल हैं। बरेका ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 472 इलेक्ट्रिक लोको का निर्माण किया है। यह बरेका की उत्पादन क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और तकनीकी सामर्थ्य को दर्शाता है। बरेका द्वारा निर्मित 2500वां विद्युत इंजन आधुनिक तकनीक से लैस डब्ल्यूएपी-7 श्रेणी का है, जिसमें 6000 एचपी क्षमता, वातानुकूलित कैब, रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग और 140 किलोमीटर/घंटा की रफ्तार की क्षमता है। यह इंजन दक्षिण- पश्चिम रेलवे के कृष्णराजपुरम शेड को भेजा जा रहा है। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने 2500 वें लोकोमोटिव का लोकार्पण मीडिया की टीम की मौजूदगी में किया। कार्यक्रम की शुरुआत 'हॉल ऑफ फेम' में एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण से हुई, जिसमें बरेका के निर्माण इतिहास, निर्यात उपलब्धियों, स्वदेशीकरण, हरित ऊर्जा प्रयासों एवं तकनीकी नवाचारों को रेखांकित किया गया। इसके बाद रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने मीडिया टीम के साथ बरेका का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी परिषद् सदस्य और काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। शेष आठ इंजनों की आपूर्ति दिसंबर 2025 तक की जाएगी। बरेका मोज़ाम्बिक, तंजानिया, वियतनाम, म्यांमार, माली, अंगोला, बंगलादेश, श्रीलंका, मलेशिया, नेपाल और सूडान डीजल इंजन की आपूर्ति करता है। गौरतलब है कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने अप्रैल 1956 में इस कारखाने का शिलान्यास किया था।

**■ छह हजार एचपी क्षमता है, 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तराखंड में भी बहुजन समाज पार्टी करेगी संगठन को मजबूत: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को उत्तराखंड में पार्टी की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत झोंकने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और पंजाब समेत कई राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी बसपा संगठन को मजबूत कर दलितों, पिछड़ों और कमजोर वर्गों को प्रभावी भागीदारी दिलाई जाएगी। मायावती ने लखनऊ से इस बैठक के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा कि पार्टी के संगठनात्मक कार्य में नीचे से लेकर ऊपर तक पूरी सक्रियता होनी चाहिए ताकि जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को समझते हुए पार्टी उनके बीच अपनी ताकत बढ़ा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि समाज



के वंचित तबकों को न्याय और हक दिलाना बसपा का प्राथमिक लक्ष्य है और इसके लिए संगठन में आवश्यक बदलाव भी किए जाएंगे। बसपा प्रमुख ने उत्तराखंड सरकार की नीतियों पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान में प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही है। विकास कार्यों की जगह धार्मिक आडंबर की राजनीति की जा रही है, जिससे आम जनता का कोई भला नहीं हो रहा।

प्रदेश में बढ़ती दुर्घटनाओं और अपराध की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मायावती ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति भी चिंता. जनक बनी हुई है। मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि आगामी चुनावों में उत्तराखंड में बसपा को नई ऊर्जा के साथ तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि बाबा. साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के सपनों को साकार करने के लिए अब तेज़ संघर्ष ज़रूरी है ताकि गरीबों और वंचित समाज के लोग सम्मान के साथ आगे बढ़ सकें।

## स्वर्ण शताब्दी का उन्नाव में ठहराव शुरू, यात्रियों को बड़ी राहत

**लखनऊ।** राजधानी से दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। प्रतिष्ठित स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस अब उन्नाव स्टेशन पर भी रुकेगी। रविवार से शुरू हुए इस नए ठहराव के तहत ट्रेन को दोनों दिशाओं में दो मिनट का स्टॉपेज मिलेगा। रेलवे के मुताबिक यह ठहराव फिलहाल परीक्षण के आधार पर लागू किया गया है। उन्नाव स्टेशन पर स्वर्ण शताब्दी के रुकने से पहली बार लखनऊ से नई दिल्ली और नई दिल्ली से लखनऊ आने-जाने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि परीक्षण अवधि के दौरान यह देखा जाएगा कि उन्नाव से कितने यात्री चढ़ते और उतरते हैं।

# स्कूलों का विलय दलित-पिछड़ों की शिक्षा पर हमला: स्वामी प्रसाद मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पिछड़े, दलित और वंचित समाज के बच्चों की पढ़ाई छीनने के इरादे से सरकार स्कूलों का विलय कर रही है। यह आरोप अपनी जनता पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य ने लगाया।

उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि वंचित तबकों के बच्चों को शिक्षा से दूर रखा जाए, ताकि वे सदियों तक गुलाम बने रहें। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का जबरन विलय किया जा रहा है, जिससे गांव-देहात के गरीब बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह नीति संविधान के अनुच्छेद 21-ए का खुला उल्लंघन है, जो प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है।

कांवड़ यात्रा के दौरान अरा. जकता के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार को घेरा और कहा कि श्रावण मास की धार्मिक परंपराओं का उपयोग कर सत्ता संरक्षित गुंडों को उपद्रव की खुली छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि क्या धर्म की आड़ में सड़क पर अराजकता फैलाना लोकतंत्र के अनुरूप है? पार्टी संगठन के विस्तार की जानकारी देते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनकी पार्टी ने महिला प्रकोष्ठ, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को और अधिक सक्रिय करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वंचित समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती देने के लिए पार्टी गांव-गांव तक पहुंचेगी। आगामी चुनावों की रणनीति पर उन्होंने कहा कि समान विच. ारधारा वाले दलों से गठबंधन के लिए रास्ते खुले हैं। स्वामी मौर्य ने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए अपनी जनता पार्टी समावेशी राजनीति को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा सरकार की जनविरा. धी नीतियों के खिलाफ जनता एकजुट हो रही है और आने वाले चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा।

# लाखों का माल उठा ले गए चोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम रैघटा पतौली निवासी तेजराम पुत्र जगदीश का परिवार शनिवार की रात घर में सो रहा था। राष्ट्र के किसी पर में कर तेजराम के घर में घुस गए।

चोरों ने बच्चों का ताला तोड़कर 54 हजार रुपए की नगदी, दो जोड़ी झाला, पांच जोड़ी पायल, दो जोड़ी बाली, तीन सोने की जंजीर, दो जोड़ी झुमकी, सोने के दो, चुटकी, बिछिया, दो माला, कपड़े आदि सामान समेत कर कर मौके से फरार हो गए। रविवार की सुबह जब परिवार की नींद टूटी तब उन्हें घर का सामान बिखरा मिला और उन्हें चोरी की जानकारी हो सकी। पीड़ित गृहस्वामी तेजराम



ने किस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ सकरन थाने में तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच की बात कह रही है।

## सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण दो अगस्त 2027 को

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** दो अगस्त 2027 को दुनिया एक ऐतिहासिक खगोलीय ख़श्य देखेगी जब छह मिनट तेईस सेकंड तक सूर्य पूरी तरह चंद्रमा की छाया में ढक जाएगा। यह सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा, जो अफ्रीका, दक्षिणी यूरोप और अरब देशों में पूर्ण रूप से दिखेगा। भारत में गुजरात, राजस्थान, पंजाब के कुछ हिस्सों में आंशिक ग्रहण दिखेगा। ग्रहण का आंशिक प्रभाव भारत में दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे शुरू होकर शाम तक रहेगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह अद्भुत ख़श्य सूर्य ग्रहण के दौरान पर्यावरणीय बदलाव को देखने का दुर्लभ अवसर होगा।

# युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा युवा विरोधी पार्टी है जिसने छात्रों और नौजवानों के सपनों को तोड़कर प्रदेश को बेरोजगारी के अंधकार में धकेल दिया है। श्री यादव का कहना है कि प्रदेश में आज नौजवानों के पास ना नौकरी है, ना रोजगार और ना कोई उम्मीद। सरकार ने सभी विभागों की नौकरियों को संविदा और आउटसोर्स के हवाले कर दिया है, जिससे पढ़े-लिखे युवाओं की जिंदगी में घोर निराशा है। अखिलेश यादव ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा



जानबूझकर विभागों का निजीकरण कर रही है और अब बिजली विभाग को भी अपने चहेतों को सौंपने की तैयारी है। इससे लाखों युवाओं की नौकरी और आरक्षण से वंचित करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। भाजपा के पास ना युवाओं के भविष्य का कोई रोडमैप है, ना रोजगार और शिक्षा का कोई ठोस समाधान। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों ने छात्रों को अपमानित किया है, चाहे वह उनसठ हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण की अनदेखी हो या मेडिकल और अन्य क्षेत्रों में छात्रों की उपेक्षा, हर स्तर पर युवाओं की आवाज दबाई जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में हजारों पद खाली हैं लेकिन सरकार भर्तियां नहीं कर रही है। लाखों युवा भर्तियों का इंतजार कर रहे हैं और बार-बार परीक्षाओं की तैयारी के बावजूद उन्हें ठगा जा रहा है। उन्होंने इन्वेस्टर समिट और बड़े-बड़े वादों को छलावा बताया और कहा कि नौ साल की सरकार में एक भी बड़ा कारखाना नहीं खुला, न कोई नई कंपनी आई। भाजपा सरकार की झूठी घोषणाओं ने युवाओं के भविष्य को गर्त में डाल दिया है। सपा प्रमुख ने विश्वास जताया कि दो हजार सत्ताईस के विधानसभा चुनाव में प्रदेश का युवा भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगा।

# शिक्षित व संगठित हुए बिना किसी भी समाज का उत्थान संभव नहीं: अचिन

### खत्री महासभा की मासिक बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** सभी को शिक्षा और एकता पर जोर देने की जरूरत है। क्योंकि बगैर शिक्षित हुए और बगैर संगठित हुए किसी भी समाज का उत्थान संभव नहीं है। क्या बात नेहरू हाल में आयोजित खत्री सभा की मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कही।

उन्होंने कहा कि सभी को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देनी चाहिए। भले ही अपने खाने-पीने में कटौती कर लें, अपनी जरूरत की चीजों में कटौती कर ले लेकिन अपने बच्चों को हर हाल में पढ़ाए। उन्होंने कहा कि समाज के लोग एक दूसरे का





ध्यान भी रखें। समय-समय पर एक दूसरे की मदद करते रहें। एक दूसरे की मदद करने से ही समाज संगठित होगा। इस दौरान संगठन के पदा. धिकारी के साथ संगठन की मजबूती और विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान गठित हुई खत्री सभा महिला कार्यकारिणी एवं बिसवां विधानसभा की बिसवां विधानसभा की मुख्य, महिला, पुरुष गठित हुई कार्यकारिणी के विषय में भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान कुछ समय पूर्व सड़क दुर्घटना में मृतक हुए जिला मंत्री खत्री अनुकूल सेठ जी की पत्नी को नगर पालिका परिषद सीतापुर के द्वारा मात्र 24 घंटे के भीतर जॉइनिंग लेटर देने के विषय पर पर समाज के लोगों के द्वारा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नेहा अवस्थी का आभार व्यक्त किया गया।

बैठक के अंत में स्व.अनुकूल सेठ के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखकर निधन पर शोक जताया गया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में मौजूद रहे संरक्षक खत्री सुधीर मेहरोत्रा, खत्री गोपाल टंडन, महिला मोर्चा अध्यक्ष खत्री निर्मला मेहरोत्रा, जिला महामंत्री रेनू मेहरोत्रा, जितेंद्र मेहरोत्रा, जितेंद्र मेहरोत्रा जिला उपाध्यक्ष खत्री सचिन मेहरोत्रा, खत्री मीनू कपूर, खत्री मनोज कपूर, खत्री नितिन मेहरोत्रा, खत्री मनोज सेठ, खत्री विशाल टंडन, विधिक प्रकोष्ठ खत्री मनमोहन टंडन, जिला मंत्री खत्री आरती मेहरोत्रा, खत्री रति सहगल, खत्री नितिन मेहरोत्रा, खत्री अमर मेहरोत्रा, खत्री वैभव मेहरोत्रा, खत्री शोभना मेहरोत्रा, खत्री प्रभाल महेंद्र,खत्री शैली महेंद्र, खत्री शिल्पी टंडन, खत्री नेहा महेंद्र, खत्री लीना पुरी, खत्री राम मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष खत्री केसी कपूर, व्यवस्थापक मंत्री खत्री आशु कपूर, व्यवस्थापक धर्मशाला खत्री प्रदीप धवन, खत्री कमल किशोर मेहरोत्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# गड्ढे में पलटा वाहन, 14 घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** बिसवां कस्बे से रविवार को कांवरियों का एक जत्था मैजिक डाला में सवार होकर चहलारी घाट जा रहा था। रास्ते में भोला गंज के निकट मैजिक डाला अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड्ड में पलट गया।

हादसे को देखते ही स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे और मदद में जुट गए। ग्रामीणों ने आनन - फानन में कांवरियों को बाहर निक. ाला और बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घायल कांवड़ियों में जमालपुर के हेमराज उम्र 26 वर्ष, सिपाह गांव के अभिषेक (15 वर्ष), सुभाष प्रजा. पति, राधेश्याम, बजराह के शिवम कुमार, शिवरख के अर्जुन, सिपाह के लवकुश (17वर्ष) और



शिवरख के रामप्रकाश तेली (36वर्ष) शामिल हैं। सीएचसी में भर्ती अन्य घायलों में आकाश (14), शिवनाथ, अनिल (19), श्रवण (19), सुर्खी खुर्द के रामन. रेश (35) और जमालपुर के किशोरीलाल (19) शामिल हैं। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घायलों में 8 घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रंपा टॉकीज सादिक पुरवा निवासी अमन उर्फ माना पुत्र दिनेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अमन के कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस ने इस संबंध में अमन के खिलाफ शहर कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि अमन शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में करीब आधा दर्जन मामले पहले से ही दर्ज है।



पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## बांदा में मिनी ट्रक की टक्कर से दो की मौत

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में शनिवार अपराहन डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह ने बताया कि मिर्चों से भरा एक डीसीएम लोडर महाराष्ट्र जा रहा था। शाम करीब तीन बजे देहात थाना क्षेत्र के करहिया गांव निवासी समर सिंह (18) अपने नंदकिशोर (25) के साथ साइकिल से बांदा आ रहा था कि करहिया गांव के मोड़ पर डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया।

# व्यापारियों की सुरक्षा प्राथमिकता, अपर पुलिस अधीक्षक ने की व्यापारी बंधुओं संग गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**गौरीगंज ( अमेठी )।** जनपद अमेठी में व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

इसी क्रम में आज रविवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जनपद के व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी में अमेठी के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारी बंधुओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य व्यापारियों को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरूक करना और उनके प्रतिष्ठानों की



सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा। अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं, जिससे किसी भी आपरा. धिक घटना की निगरानी और जांच में सहायता मिल सके। गोष्ठी के दौरान व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं एवं सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी साझा कीं। श्री सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन सदैव व्यापारियों के साथ है और उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है।अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और व्यापारी समाज के बीच संवाद और सहयोग की आवश्यकता है, जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन दृष्टि' एक सकारात्मक पहल है, जिसका उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# गिरफ्त में कोर्ट का लिपिक, एटीएस ने चिनहट से दबोचा राजेश उपाध्याय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने चर्चित छांगुर गैंग के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए राजधानी लखनऊ से गिरोह के अहम सहयोगी बलरामपुर कोर्ट में लिपिक राजेश कुमार उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया है। चिनहट थाना क्षेत्र से दबोचे गए राजेश उपाध्याय की गिरफ्तारी ने छांगुर बाबा के गिरोह की अदालती साठगांठ और फंडिंग नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया है।

अदालत में लिपिक पद पर तैनात राजेश पर न केवल कोर्ट में मामलों को प्रभावित करने बल्कि धर्मांतरण के बड़े खेल में गहरी संलिप्तता के आरोप हैं। गिरोह की संदिग्ध गतिविधियों के बाद एटीएस और प्रवर्तन निदेशालय ने राजेश पर शिकंजा कसते हुए उसे विशेष अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जांच में सामने आया है कि राजेश उपाध्याय का संबंध न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि महाराष्ट्र और नेपाल सीमा तक फैले छांगुर गैंग के नेटवर्क से है। वह अदालत में मामलों को प्रभावित कर गिरोह के सदस्यों को लाभ दिलाने का जरिया बना हुआ था।एटीएस सूत्रों के मुताबिक राज. ेश बाबा के सबसे करीबी लोगों में शामिल था और उसे पुणे में प्रॉपर्टी का भी हिस्सेदार बनाया गया था। छांगुर गिरोह ने राजेश के माध्यम से अदालत में आदेश प्रभावित करने की कई कोशिशें कीं और इसके एवज में उसे मोटी रकम ट्रांसफर की जाती थी। राजेश पर विदेशी फंडिंग का लाभ उठाने और संदिग्ध संपत्तियों का संरक्षण करने के गंभीर आरोप लगे हैं। उसके खिलाफ देशद्रोह, धोखाधड़ी, धार्मिक विद्वेष फैलाने और उत्तर प्रदेश धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय ने राजेश के आवास और अन्य ठिकानों पर छापेमारी में भारी मात्रा में संदिग्ध लेनदेन के साक्ष्य भी जब्त किए हैं। छांगुर गिरोह के फंडिंग नेटवर्क की जांच में सामने आया है कि विदेशी फंड के जरिए लगभग तीन सौ करोड़ रुपये विभिन्न खातों में भेजे गए, जिनमें से एक दर्जन बैंक खाते राजेश से जुड़े पाए गए। गिरोह पर आरोप है कि वह धर्मांतरण के लिए जातिगत आधार पर लोगों को धनरा. शि का प्रलोभन देता था, जिसमें ब्राह्मण समाज के लिए पंद्रह लाख रुपये, क्षत्रिय और वैश्य समाज के लिए दस लाख और अन्य जातियों के लिए आठ लाख रुपये का लालच दिया जाता था। राजेश उपाध्याय के गिरोह से संबंध की परतें खुलने के बाद यह भी जानक. ारी सामने आई है कि वह मूल रूप से वाराणसी के आदमपुर थाना क्षेत्र के राजघाट इलाके का निवासी है, लेकिन लंबे समय से लखनऊ के चिनहट इलाके में रहकर बाबा के नेटवर्क को संचालित कर रहा था। उससे पहले बलरामपुर से गिरोह के अन्य सहयोगी इमरान, शहाबुद्दीन और नेशरीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच में बाबा की विदेशी फंडिंग, अदालतों में हस्तक्षेप, जमीनों पर अवैध कब्जे और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों की पुष्टि हुई है। छांगुर गिरोह का जाल न केवल यूपी बल्कि महाराष्ट्र के नागपुर और पुणे तक फैला हुआ है। एटीएस की टीम इन स्थानों पर दबिश दे चुकी है और गिरोह की लगभग सौ करोड़ की संपत्तियों को चिह्नित किया जा चुका है। एटीएस ने पाया है कि अदालतों में बैठे छोटे कर्मचारियों के माध्यम से छांगुर गिरोह फर्जी आदेशों और केस मैनेजमेंट का नेटवर्क चला रहा था। राजेश के पास से बरामद दस्तावेजों और बैंक डिटेल से यह साफ हो गया कि गिरोह ने सरकारी तंत्र के भीतर गहरी पैठ बना ली थी। उससे पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली है जिसके आधार पर जांच का दायरा और बढ़ाया गया है। एटीएस अब उन सभी लोगों की भूमिका खंगाल रही है जिन्होंने गिरोह को प्रश्रय दिया या उनके काले कारनामों में हिस्सेदारी निभाई। अब तक की जांच में गिरोह द्वारा यूपी के कई जिलों में धर्मांतरण कराए जाने, फर्जी शादियों, धार्मिक विद्वेष फैलाने और सामाजिक तानाबाना बिगाड़ने की साजिशों का पता चला है। छांगुर बाबा ने खुद को फंसाए जाने का दावा किया है लेकिन अब तक की जांच में उसके नेटवर्क का बड़ा जाल सामने आ चुका है। एटीएस और ईडी की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं और कई अन्य संदिग्धों को भी चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली के ग्राम लालपुर बाजार निवासी रिजवान पुत्र अमीर अली, फैजान पुत्र मुन्ना, सैफ पुत्र नूर अली बाइक से किसी काम से कस्बा तंबौर गए थे। शनिवार देर शाम तीनों लोग मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहे थे। रास्ते में लहरपुर - तंबौर मार्ग पर सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम गणेश के निकट किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिजवान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फैजान और सैफ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लहरपुर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंडरपास निर्माण में देरी पर भड़के सांसद चंद्रशेखर आजाद

## रेल मंत्री को पत्र लिखकर जल्द समस्या के समाधान की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने नगीना-कालाखेड़ी मार्ग स्थित रेलवे फाटक संख्या 470/बी पर निर्माणाधीन अंडरपास कार्य में हो रही भारी देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

सांसद चंद्रशेखर ने पत्र में उल्लेख किया कि रेलवे विभाग द्वारा स्वीकृत अंडरपास का निर्माण कार्य 1 मार्च 2025 से शुरू किया गया था। इस कार्य के लिए चार माह की अवधि निर्धारित की गई थी, लेकिन आज तक न तो खुदाई पूरी हुई है और न ही कोई ठोस निर्माण कार्य आगे बढ़ सका है। क्षेत्रीय जनता को अब तक कोई राहत नहीं मिल सकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी की ओर से घोर लापरवाही बरती जा रही है और विभागीय निगरानी भी न के बराबर है। इससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे द्वारा फाटक को पूरी तरह बंद कर दिए जाने के कारण राहगीर, स्कूली बच्चे, सरकारी व निजी कर्मचारी और आपातकालीन सेवाएं तक प्रभावित हो रही हैं। सांसद ने कहा कि यह स्थिति न केवल जनहित के विरुद्ध है, बल्कि सरकारी संसाधनों और योजनाओं की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है।

उन्होंने रेल मंत्री से मांग की कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए, ताकि निर्माण कार्य को अविलंब पूरा किया जा सके और जनता को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि इस प्रकरण पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो वह जनआंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# घर से नकदी व जेवरात चोरी



## पुलिस ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम अनीसा नंगली में बीती रात चोरो ने एक घर को निशाना बनाकर नकदी व जेवरात चोरी कर लिए।

पीड़ित महिला गुलनाज खातून पत्नी महमूद मलिक ने बताया कि शनिवार की रात वह अपने बच्चों संग घर में सो रही थी। देर रात अचानक किसी ने दरवाजे पर जोर से हाथ मारा। घबराई गुलनाज ने जब छत से झांक कर देखा तो कुछ लोग मुंह पर कपड़ा बांधे खड़े थे, जिसे देख वह डर गई और वापस अंदर चली गई। कुछ देर तक आवाजें आने के बाद जब सन्नाटा हो गया तो गुलनाज को लगा चोर लौट गए और वह सो गई। सुबह उठने पर महिला ने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से चोर सोने के आभूषण व लगभग छह हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# छत पर सो रहे युवक की नीचे गिरकर मौत, मचा कोहराम

## ड्रोन उड़ने की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शनिवार की देर रात गांव कोला सागर निवासी सुरेन्द्र शर्मा (41 वर्ष) पुत्र भूपेंद्र सिंह की एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र रात में अपने मकान की छत पर सो रहा था। रात में किसी समय जब वह अचानक उठकर टहलने लगा, तभी छत पर रखे बांस में उसका पैर फंस गया जिससे संतुलन बिगड़ने पर वह छत से नीचे सड़क पर आ गिरा। परिजनों ने आनन-फानन में उसे स्योहारा के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया लेकिन हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे रैफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही सुरेन्द्र ने दम तोड़ दिया। सुरेन्द्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों से जानकारी ली। मृतक के पिता भूपेंद्र शर्मा व अन्य परिजनों ने पुलिस से किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की अपील की है।

इसी बीच गांव में चर्चाएं यह भी हैं कि पिछले कई दिनों से गांव व आसपास के क्षेत्रों में रात के समय ड्रोन उड़ने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि सुरेन्द्र भी संभवतः आसमान में उड़ते ड्रोन को देखने के लिए ही उठा था और फिर यह हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस ने मामले को हादसा मानते हुए कार्रवाई नहीं की है लेकिन ड्रोन उड़ने की घटनाओं ने गांव में चिंता जरूर बढ़ा दी है।

# फरार बस चालक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** स्कूल जाते समय छात्रों से भरी स्कूली बस पलटने के प्रकरण में पुलिस ने वांछित चल रहे बस चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

गौरतलब हो कि शुक्रवार को नगर के हरेवली मार्ग स्थित बाबूजी मेमोरियल स्कूल की बच्चों से भरी बस अनियंत्रित होते हुए विद्युत पोल से टकराकर पलट गई थी, जिससे कई बच्चे घायल हो गए थे। घटना के बाद आरोपी बस चालक फरार हो गया था।

घटना के सम्बंध में घायल हुई एक छात्रा भव्या के चाचा ने बस चालक व स्कूल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

# एमएम कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम

## पेड़-पौधों के महत्व को बताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के एक पौधा मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए एमएम इंटर कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान कालेज के समस्त शिक्षकों ने शिक्षक सैयद बिलाल अकबर के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्य में कॉलेज के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद आजिफ फारुकी ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा पेड़ पौधों के लगाने से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिक्षक सैयद बिलाल अकबर ने कहा कि पेड़ पौधे मानव जीवन का आधार होते हैं, पेड़ पौधों से पर्यावरण स्वच्छ बना रहता है, इनसे स्वच्छ ऑक्सीजन प्राप्त होती है जो मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक काजी फिरोज ने कहा कि पौधे हमें फल, ठंडी छाया और कीमती लकड़ी भी प्रदान करते हैं। हम सभी को चाहिए कि हम समय-समय पर पौधों को लगाते रहे और उनके देखभाल भी करते रहें। शिक्षक पौधारोपण कार्यक्रम में रिजवान बारी हाशमी, शिक्षक नवाज शरीफ, इरशाद जमाल आरिफ, सुलेमान सिद्दीकी, मोहम्मद आसिफ, इमरान अहमद, मोहम्मद सदीक, अरशद अली, शाहिद खान, तैयब हसन खान एवं कर्मचारी श्वेता यादव, कमर आलम, मेहर आलम सहित समस्त शिक्षक स्टाफ ने पौधारोपण अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कॉलेज में एक सप्ताह में दो बार पौधारोपण कार्यक्रम कराया जा चुका है।

इस दौरान नीम, जामुन, आम, बकैन आदि के पेड़ों की पौध लगाई गई है।

## एक नजर

### ई-रिक्शा चालकों ने सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** जनता मिनी ई रिक्शा चालक वैलफेयर सोसाइटी पंजीकृत की एक बैठक में एसडीएम धामपुर के नाम एक ज्ञापन भेज कर मिनी ई रिक्शा चालकों के लिए नगर में किसी एक स्थान पर भूमि तलाश कर स्टैंड बनाए जाने की मांग की गई। इसके अलावा बैठक में सर्वसम्मति से शशिकांत शर्मा को समिति का अध्यक्ष चुना गया। नगीना रोड स्थित रामबाग लीला के मैदान के निकट शनिवार को बीती सांय समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष शशिकांत शर्मा की अध्यक्षता और पत्रकार तथा समिति के महामंत्री खुर्शीद अंसारी के संचालन में संपन्न हुई। मकबूल अहमद, हरपाल सिंह, सर्वेश कुमार, शहजाद अली, मोहित वर्मा, वहाजुद्दीन, मुकेश कुमार, इरशाद अहमद, पंकज कुमार, निजामुद्दीन, सोमपाल सिंह, सिराजुद्दीन, ज्ञानेंद्र कुमार, खूब सिंह, जीशान ,नसीम खान, फखरुद्दीन सहित दर्जनों व्यक्ति शामिल रहे।

### पुलिस ने अज्ञात में दर्ज की रिपोर्ट



**नहटौर।** हल्दौर चौराहे के पास लगी भाजपाईयों की फ्लेक्सी में भाजपा कार्यकर्ता राजीव अहलावत के चेहरे पर स्याही पोत देने के मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। हल्दौर रोड पर भाजपा विधायक, जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों के साथ भाजपा कार्यकर्ता राजीव अहलावत की फ्लेक्सी लगी हुई थी। यह चौराहा पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस है और इस पर हमेशा पुलिस तैनात रहती है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह को जब लोगों ने देखा तो उक्त फ्लेक्सी में लगा राजीव अहलावत के फोटो पर चेहरे पर किसी ने स्याही पोत दी। जिसको लेकर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और इन्होंने इस करतूत को एक घिनौनी करतूत बताया। बाद में उक्त फ्लेक्सी को उतार कर दूसरी फ्लेक्सी लगा दी गई। इस मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ता राजीव अहलावत ने पुलिस से शिकायत की थी। शुक्रवार को एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमे एक आल्टो कार कैद हुई है। जिससे दो युवक नीचे उतरते है और एक डंडे को लेकर एक युवक कार पर चढ़ता है। डंडे के ऊपरी हिस्से पर स्याही लगा कपड़ा बांध रखा है।डंडे से स्याही पोत कर दोनों युवक कार से जाते हुए दिखाई दे रहे है। कार सवार अपने साथ डंडा भी ले गए। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# निराश्रित गौवंशों को गौशाला भिजवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत नहटौर-नूरपुर मार्ग पर गांव खंडसाल के पास सड़क पर घूम रहे पांच निराश्रित गौवंशों को ब्लॉक की टीम ने पकड़कर गौशाला भिजवाया।

नहटौर-नूरपुर मार्ग से कांवड़ यात्री अपने गंतव्य को जा रहे हैं। प्रशासन के सख्त निर्देश है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर कोई निराश्रित गौवंश पशु घूमता हुआ नहीं मिलना चाहिए। इसी के तहत नहटौर-नूरपुर मार्ग पर गांव खंडसाल में सड़क पर घूम रहे पशुओं की सूचना ग्राम प्रधान द्वारा ब्लॉक प्रशासन को दी गई। ब्लॉक की टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर घूम रहे पांच निराश्रित गौवंशों को पकड़कर तुराबनगर गौशाला भिजवाया। ब्लॉक की टीम में ग्राम विकास अधिकारी दीप अमर राही व अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी और पांच निराश्रित गौवंशों को पकड़कर गौशाला भिजवाया गया है।

# धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

न्यू सिटी धामपुर कॉलोनी में स्थित भारत गुप्ता के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उसका उत्सवर्धन किया। अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल हर शनिवार को सनातन परिवार में हनुमान चालीसा का पाठ करता है। यह पाठ निशुल्क किया जाता है। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में भारत गुप्ता, राधा रानी बरनवाल, श्रेया बरनवाल, जिया बरनवाल, अभय राज, भावना वात्सल्य, अर्चना सीमा, अनुपम बिश्नोई, घटा दीक्षित, अभिनव कुमार आदि शामिल रहे।

श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, सतीश रस्तोगी, नंदकिशोर रस्तोगी, सुनील चौहान आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने सहभोज का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# पानी निकासी न होने पर कॉलोनी वासियों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महारानी बाग कॉलोनी में पानी की निकासी न होने के कारण कॉलोनी में पानी भर रहा है। जिस कारण कॉलोनी निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी के घरों का पानी खाली प्लाटों में भर रहा है और तालाब बन गए हैं। जिस कारण मच्छर, मक्खी, केंचुए, जोक और सांप आदि बड़ी मात्रा में लोगों के घरों में छतों एवं दीवारों पर घूम रहे हैं। कॉलोनी में महामारी फैलने की आशंका से सब परेशान हैं।

कॉलोनी वासियों का कहना है कि जब उन्होंने इस बाबत कॉलोनाइजर से पानी निकासी के लिए नाली बनवाकर निकासी करने के लिए कहा लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की और ना ही पानी निकासी की कोई व्यवस्था की गई। जिस कारण कॉलोनी वासियों ने विरोध प्रदर्शन कर अधिकारियों से मांग की है। जिससे कॉलोनी वासी बरसात के मौसम में महामारियों से बच सके। विरोध प्रदर्शन करने वालों में कुसुम चौहान, मीना राजपूत, गरिमा गहलोत, आभावती देवी, कमलेश देवी, तेजपाल सिंह, दुष्यंत सिंह, हरविंदर सिंह, गजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक चिकित्सा अवकाश से वंचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि उत्तर प्रदेश के राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित (अनुदानित) महाविद्यालयों में कार्यरत हजारों शिक्षक इन दिनों एक गहरे आंतरिक आक्रोश और पीड़ा से गुजर रहे हैं। वे आज एक ऐसी मूलभूत सुविधा से वंचित कर दिए गए हैं, जो न केवल उनके स्वास्थ्य से बल्कि उनकी कार्यक्षमता, गरिमा और मानवाधिकारों से भी सीधे जुड़ी हुई है और वह है चिकित्सा अवकाश (मेडिकल लीव) का अधिकार। इन शिक्षकों की उत्तर प्रदेश सरकार से यह विनम्र, किंतु दृढ़ माँग है कि उनके स्वास्थ्य-संबंधी इस बुनियादी अधिकार को तत्काल बहाल किया जाए। प्रदेश के अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक यह जानना चाहते हैं कि जब सचिवालय, न्यायपालिका, चिकित्सा, तकनीकी, कृषि, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा सहित अधिकांश विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को चिकित्सा अवकाश की सुविधा पूर्ण वेतन सहित प्राप्त है, तब उच्च शिक्षा में कार्यरत अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को ही इससे वंचित क्यों रखा गया है? यें शिक्षक न तो संविदा पर हैं, न ही अंशकालिक। वे राज्य सरकार द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया से नियुक्त, वेतनमानयुक्त तथा पूर्णकालिक अधिकारी हैं। फिर केवल अनुदान शब्द की ओट में उन्हें चिकित्सा अवकाश जैसी बुनियादी सुविधा से क्यों वंचित किया जा रहा है। क्या अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक मानव नहीं हैं, क्या वे बीमार नहीं पड़ते? क्या उनका स्वास्थ्य और जीवन, अन्य विभागों के कर्मचारियों से कम मूल्य का है?

**क्या है मामला**-पूर्व में अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को पूरे सेवाकाल में 365 दिन का पूर्ण वेतन सहित चिकित्सा अवकाश उपलब्ध था। यह सुविधा न केवल सामाजिक सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण आधार थी, बल्कि गंभीर रोगों, शल्य चिकित्सा अथवा दीर्घकालिक बीमा. रियों की स्थिति में शिक्षक की गरिमा को बनाए रखने वाली भी थी। इसके अतिरिक्त विशेष परिस्थितियों में 180 दिन का अर्धवेतन चिकित्सा अवकाश भी अनुमन्य था किन्तु हाल में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एकतरफा निर्णय लेते हुए इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया और उसके स्थान पर मात्र 240 दिन का परिवर्तित अवकाश (कम्युटेड लीव) अनुमन्य किया गया, वह भी अर्धवेतन के साथ। इसका व्यावहारिक अर्थ यह है कि शिक्षक अपने पूरे सेवाकाल में केवल 120 दिन ही पूर्ण वेतन सहित चिकित्सा अवकाश ले सकते हैं। यह व्यवस्था न केवल असंगत, बल्कि शिक्षकीय गरिमा और सेवा-न्याय के सिद्धांत के भी विरुद्ध है।

**क्यों उठ रहे हैं सवाल**-राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षक आज भी 365 दिन की चिकित्सा अवकाश की पूर्व व्यवस्था का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी यही सुविधा मिल रही है। अन्य सभी सरकारी विभागों में चाहे वह मंत्रालय हो, बोर्ड हो या निगम, कर्मचारियों को पूर्ण वेतन सहित चिकित्सा अवकाश प्राप्त है तो फिर केवल अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक ही इस भेदभाव के शिकार क्यों हैं? क्या यह मान लिया गया है कि वे बीमार नहीं पड़ते या फिर उनकी बीमारी की कोई संवैधानिक या मानवीय वैधता नहीं बची। क्या यह शासन व्यवस्था एक राज्य दो विधान की ओर संकेत नहीं करती। आज जब सरकार शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की अपेक्षा करती है तो यह अनिवार्य है कि शिक्षकों को भी वह न्यूनतम अधिकार और सुविधाएँ प्रदान की जाएँ जो उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और सम्मानित बनाए रखें। एक शिक्षक यदि शारीरिक अस्वस्थता में भी केवल इसलिए महाविद्यालय जाने को विवश हो कि अवकाश लेने से वेतन कट जाएगा, तो यह स्थिति केवल अन्यायपूर्ण नहीं, अपितु शोषणकारी है। यह शिक्षा की गुणवत्ता कक्षा की ऊर्जा और विद्यार्थी के मनोबल को सीधे प्रभावित करता है।

**क्या है इसका प्रभाव**-चिकित्सा अवकाश की यह भेदभावपूर्ण नीति अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को मानसिक, आर्थिक और शारीरिक संकटों की ओर धकेलती है। शिक्षक गंभीर बीमारी से जूझते हुए भी अवकाश लेने से घबराते हैं, क्योंकि इलाज के लिए आवश्यक धन वेतन कटौती के कारण नहीं जुटा पाते। ऐसे में वे बीमारी की अवस्था में भी कक्षा में उपस्थित होते हैं, जिससे न केवल विद्यार्थियों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि पूरे शिक्षण तंत्र की गरिमा भी कमजोर होती है।

**शिक्षक क्या चाहते हैं**- उत्तर प्रदेश के अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक सरकार से आग्रह करते हैं कि चिकित्सा अवकाश की पूर्ववत् व्यवस्था (365 दिन पूर्ण वेतन सहित) को तत्काल बहाल किया जाए। यदि कोई नवीन नीति प्रस्तावित है, तो वह सभी शैक्षिक व प्रशासनिक सेवाओं पर समान रूप से लागू हो, जिससे समान कार्य के लिए समान सुविधा का संवैधानिक सिद्धांत अक्षुण्ण रहे। सेवा शर्तों में परिवर्तन से पूर्व शिक्षकों के प्रतिनिधियों से परामर्श लिया जाए। भारतीय संविधान का मूलमंत्र समानता और समता है। लेकिन एक ही राज्य सरकार के अधीन एक जैसी चयन प्रक्रिया और कार्यदायित्व के बावजूद अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को इस मौलिक सुविधा से वंचित किया जाना न केवल असंवैधानिक है बल्कि शासन के विचारात्मक दोहरेपन का प्रतीक भी बनता जा रहा है।

असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि चिंता की बात यह है कि इस विषय पर शासन स्तर पर न तो कोई स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं और न ही निदेशालय ने कोई स्थिति स्पष्ट की है। यह चुप्पी केवल उदास. ीनता नहीं बल्कि एक खतरनाक उपेक्षा की संस्कृति को जन्म देती है जो आने वाले समय में शिक्षा की गुणवत्ता और संस्थागत ढांचे को गहरा नुकसान पहुँचा सकती है। यह लेख केवल एक शिक्षक की व्यक्तिगत पीड़ा नहीं है यह सैकड़ों प्राध्यापकों की सामूहिक आवाज है जो अपने स्वास्थ्य, सम्मान और अधिकारों के लिए अभी भी मौन तप कर रहे हैं। सरकार से हमारा यह कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक मानवीय, संवैधानिक और नैतिक आग्रह है कि वह इस विषय पर शीघ्र और न्यायोचित निर्णय लें। एक शिक्षित समाज की नींव मजबूत तभी होगी जब उसका शिक्षक स्वस्थ, सुरक्षित और सम्मानित होगा।

# श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन ध्रुव और माता अनुसूया की प्रेरणादायक कथा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** शिव मंदिर मोहल्ला समना सराय में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य हनु उपाध्याय ने ध्रुव और माता अनुसूया की कथा सुनाई। ध्रुव की कथा में उनकी निष्ठा और समर्पण को दर्शाया गया है, जबकि माता अनुसूया की कथा में उनकी पति भक्ति और धार्मिक महत्व को बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कथावाचक आचार्य हनु उपाध्याय ने ध्रुव की कथा में बताया कि कैसे उन्होंने भगवान विष्णु की तपस्या करके ध्रुव पद प्राप्त किया। उनकी इस तपस्या और निष्ठा ने उन्हें एक अद्वितीय स्थान दिलाया। आचार्य जी ने जनमानस को ध्रुव की तरह ही भक्ति करने का संदेश दिया। माता अनुसूया की कथा में उनकी पति भक्ति और धार्मिक महत्व को दर्शाया गया है। उनकी कथा में बताया गया है कि कैसे उन्होंने अपनी पति भक्ति के बल पर देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाया गया है। यह कथा हमें जीवन के सही मार्ग की जानकारी देती है और हमें अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है तथा इन कथाओं से हमें प्रेरणादायक संदेश मिलता है कि कैसे हम अपने जीवन में निष्ठा, समर्पण और भक्ति के माध्यम से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

यह कथा हमें अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है।

# उत्तराखण्ड के राज्यमंत्री व रुड़की की मेयर का स्वागत

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के सभासद शिवम अग्रवाल के मौहल्ला बालकराम स्थित निवास पर शोभाराम प्रजापति उपाध्याय माटी कला बोर्ड (राज्य मंत्री, उत्तराखंड सरकार) एवं नगर निगम रुड़की भाजपा मेयर श्रीमती अनीता देवी अग्रवाल व ललित मोहन अग्रवाल वरिष्ठ बीजेपी नेता का स्वागत लोगों ने अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सभासद शिवम अग्रवाल व उनके बड़े भाई भाजपा के पूर्व नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद प्रत्याशी नेता लवी अग्रवाल ने दोनों अतिथियों को बुके देकर व भगवान की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। शिवम व लवी अग्रवाल ने इस मौके पर राज्यमंत्री से विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की। इस मौके पर एनबीडी बुलेट शोरूम एमडी आशीष अग्रवाल, प्रियंका, सुशांत सिंह राजपूत, भानू राजपूत, पंडित राकेश कौशिक, रणवीर सिंह निराला, रवि जांगड़ा आदि मौजूद रहा।

# विधानसभा चुनाव में अखिलेश के साथ आएंगे चंद्रशेखर!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में समा. जवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के बीच एक साथ चुनाव लघ्ने पर बात नहीं बन पायी थी लेकिन पिछले कुछ महीनों से दोनों एक-दूसरे के करीब आए हैं।

यूपी के राजनीतिक गलियारों में ऐसी अटकलें लगाई जा रहीं हैं कि 2027 में होने वाले चुनाव में ये दोनों पार्टियां एक साथ आ सकती हैं। पिछले कुछ समय से ऐसा देखा जा रहा है कि दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ ज्यादा मुखर नहीं हो रही हैं। दोनों ही पार्टियों के नेता सीधे तौर से एक दूसरे पर हमला करने से बच रहे हैं। सपा सूत्रों की माने तो पार्टी के नेताओं को इस समय श्री चंद्रशेखर के खिलाफ ज्यादा न बोलने को कहा गया है ताकि दोनों के बीच आने वाले समय में एक साथ आने का रास्ता खुला रहे।

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो यदि वर्तमान परिस्थितियों में सर्वश्री चंद्रशेखर और अखिलेश के बीच गठबंधन होता है तो यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ काफी कारगर साबित होगा। चंद्रशेखर के खिलाफ ज्यादा न बोलना भी समाजवादी पार्टी की रणनीति का ही एक हिस्सा है। वह नहीं चाहती कि जनता के बीच ऐसा संदेश जाए कि वह एक दलित नेता के खिलाफ खघी है। सपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि 2027 में चंद्रशेखर का सपा के साथ आने में उनका भी फायदा है। आजाद समाज पार्टी यदि अकेले चुनाव में उतरती है तो इससे वोट का बंटवारा होगा और बीजेपी को



फायदा मिलेगा। सपा के साथ आने से अपने अभियान को आगे बघने में चंद्रशेखर को भी मदद मिलेगी। दरअसल, हाल में कई मंचों में श्री चंद्रशेखर ने अपने और श्री अखिलेश यादव के साथ सम्बंधों को लेकर भी बात की थी। इसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि उनके श्री अखिलेश यादव के साथ अच्छे रिश्ते हैं और वह उनको पूरी तरह से एंजाय कर रहे हैं। भविष्य में आने वाले चुनावों में सपा के साथ मिलकर चुनाव लघ्ने की संभावनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर आजाद समाज पार्टी के एक नेता और श्री चंद्रशेखर के करीबी ने कहा कि फिलहाल तो पार्टी पंचायत चुनाव पर फोकस कर रही है। पार्टी अपने दमपर अकेले चुनाव लड़ेगी। पर 2027 का चुनाव अकेले लघ्ने या सपा के साथ मिलकर लघ्ने पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। वह कहते हैं,हइस मामले पर पार्टी फैसला लेगी। राजनीतिक विश्लेषक पंकज कुमार की माने तो सर्वश्री अखिलेश यादव और चंद्रशेखर आजाद के बीच तालमेल अच्छा है। संसद में भी सत्र के दौरान दोनों नेताओं की एक दूसरे से मुलाकात होती रहती है। इन मुलाकातों के दौरान दोनों नेता अपने विचारों को एक दूसरे से साझा जरूर करते होंगे। यही तालमेल उनको 2027 में एक साथ ला सकता है। वहीं सपा की बात करें तो हाल में कई मौकों पर सपा के कई नेता श्री चंद्रशेखर के काम की प्रशंसा कर चुके हैं। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि श्री चंद्रशेखर को लेकर पार्टी के भीतर ऐसा मानना है कि विचारधारा के तौर पर देखा जाए तो चंद्रशेखर आजाद समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के करीब दिखते हैं। अभी उनको अपनी स्थिति को और स्पष्ट करना होगा और उसी तरह बीजेपी के खिलाफ मुखर होना पघ्गा जिस तरह से समा. जवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन से जुघ्े नेता होते हैं। पंकज कहते हैं कि मुझे लगता है कि अभी दोनों ही पार्टियां जल्दबाजी के मूड में नहीं है। दोनों वेट एंड वाच की मुद्रा में है। यह देखना रोचक है कि साथ आने के लिए पहले पहल कौन करता है। क्योंकि 2022 के दौरान भी दोनों पार्टियों के नेता ने गठबंधन को लेकर बात तो की थी लेकिन वह साथ नहीं आ सके। गौरतलब है कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान श्री चंद्रशेखर ने श्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर तीन सीटों की डिमांड की थी।

# कांवड़ मार्ग पर 200 व विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र में 400 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार को कांवड़ मार्ग पर 200 और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में 400 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से विशेष निगरानी की जाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए एटीएस कमांडो तैनात किए जाएंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए आठ ड्रोनों से भी नजर रखी जाएगी। दस क्विक रिस्पॉन्स टीमें 24 घंटे सक्रिय रहेंगी। इसके अलावा, 20 से अधिक मोटरसाइकिल दस्ते सड़कों पर गश्त करेंगे। लगभग 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। मंदिर और गंगा घाटों के आसपास श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवड़िए नंगे पांव कांवड़ लेकर आते हैं। नगर निगम द्वारा सड़कों पर स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव भी कराया जा रहा है।

# गंगा नदी चेतावनी बिंदु से 14 सेमी दूर, बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों में घुसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी रेखा से मात्र 14 सेंटीमीटर नीचे है। जलस्तर में वृद्धि के कारण शहर के कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है।

सामनेघाट, मारुति नगर, दनियालपुर, हुकुलगंज, नक्खीघाट, ढेलवरिया और ग्रामीण क्षेत्रों के कई हिस्से बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर के सापेक्ष 70.12 मीटर तक पहुंच गया है। नदी का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। गंगा और वरुणा नदी में आई बाढ़ से 221 परिवारों के 1,079 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 492 लोग बाढ़ राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं जबकि 547 लोग अन्य स्थानों पर रह रहे हैं। जिला प्रशासन ने नौ बाढ़ राहत शिविर स्थापित किए हैं जो प्राथमिक विद्यालय सलारपुर, प्राथमिक विद्यालय सरैया, मदरसा बटलोहिया, चित्रकूट कॉन्वेंट स्कूल नक्खीघाट, नवोदय विद्यालय दनियालपुर, दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल हुकुलगंज, प्राथमिक विद्यालय ढेलवरिया और सिटी गर्ल्स स्कूल बड़ी बाजार में संचालित हैं।

# जागरुकता से जीत सकते है नशे के खिलाफ लड़ाई: शेखावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई आज्ञा से नहीं बल्कि जागृति से जीती जाती है और यह जागृति संस्कृति, समुदाय और संकल्प से आती है।

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत नामक युवा आध्यात्मिक समिट के शुभारंभ अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि काशी केवल एक नगर नहीं है, यह स्वयं में एक जीवंत चेतना है। ऐसी चेतना, जो युगों से अध्यात्म, ज्ञान और संस्कृति की ज्योति प्रज्वलित करती आ रही है। ऐसी पुण्यभूमि पर एक गंभीर विषय पर आयोजित विमर्श के लिए एकत्र होना हम सभी के लिए गर्व की बात है, जो न केवल आज के



युवाओं को दिशा देता है, बल्कि सरकारी पहल और नागरिक समाज को एक साझा मंच पर लाकर नशा विरोधी अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होने कहा कि हम एक मौन युद्ध के बीच खड़े हैं, यह युद्ध बंदूकों या बारूद से नहीं, बल्कि प्रलोभन, भ्रम और रसायन से लड़ा जा रहा है, जो हमारे युवाओं से उनका स्वास्थ्य, ऊर्जा, भविष्य और उद्देश्य छीन रहे हैं। आज नशा एक व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट, एक सामाजिक-आर्थिक बोझ और एक आध्यात्मिक पतन का रूप ले चुका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति वाला देश है, लेकिन इसका एक मौन महामारी की चपेट में रहना अत्य्यंत लचताजनक है।

शहरों से गांवों तक, स्कूलों से गलियों तक, हमारे युवा बड़ी संख्या में दवाएं, शराब, तंबाकू और अन्य लतों की गिरफ्त में आ रहे हैं। यह केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सभ्यता पर आक्रमण है, क्योंकि जब युवा गिरते हैं तो भविष्य डगमगाता है। इसलिए हमें सिर्फ इलाज नहीं, जागृति, संकल्प और सामूहिक चेतना की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि आज जब हर दिशा में सोशल मीडिया, अभियान, पोस्टर्स का प्रचलन है तो हमें स्मरण करना चाहिए कि भारत संवाद की जननी रहा है। यहां कथाएं थीं, यात्राएं थीं, सभाएं थीं और उत्सवों में शिक्षा थी, संचार सूचना नहीं, प्रेरणा का साधन था। नशे की लत के विरुद्ध लड़ाई आज्ञा से नहीं, जागृति से जीती जाती है। वह जागृति संस्कृति, समुदाय, और संकल्प से आती है। शेखावत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मुझे 100 ऊर्जावान युवा दो और मैं भारत को बदल दूंगा आज 100 नहीं, लाखों विवेकानंद चाहिए, क्योंकि परिवर्तन तभी आएगा, जब युवा केवल देखेंगे नहीं, बल्कि आगे बढ़कर बदलाव की दिशा में काम करेंगे।

# योगी के दिल्ली दौरे पर राय ने कसा तंज, भाजपा का पलटवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल के दिल्ली दौरे पर तंज कसते हुए कहा है कि कुछ तो गड़बड़ है। श्री राय ने अपने सोशल मीडिया आकाउंट पर दो फोटो शेयर किये हैं।

पहली तस्वीर में वह (योगी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर रहे हैं जबकि दूसरी तस्वीर गृह मंत्री अमित शाह के साथ है। इन तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने अपने अकांउट पर केवल इतना ही लिखा है कि कुछ तो गड़बड़ है। मुलाकात के बारे में एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए श्री योगी ने लिखा कि नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और उनका हार्दिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अपना बहुमूल्य समय देने के लिए प्रधानमंत्री का हृदय से आभार! केंद्रीय मंत्री शाह के साथ उनके आवास पर हुई मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए योगी ने लिखा,हनई दिल्ली में श्री अमित शाह जी से शिष्टाचार भेंट हुई। अपना बहुमूल्य समय देने के लिए हृदय से आभार! गौरतलब है कि आदित्यनाथ ने शनिवार देर शाम दिल्ली में श्री मोदी, श्री शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को दूसरे की बजाए अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। पूरे यूपी में उनकी पार्टी समाप्त हो गई है। दो सीटों पर सिमटने वाली पार्टी के मुखिया को अपनी पार्टी की गघ्बघ् हालत को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। इस तरह का बयान उनकी मानसिक दिवालियापन को ही दर्शाता है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी कांग्रेस: अविनाश पांडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अकेले दम पर लड़ने का ऐलान किया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय ने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस के लिए यूपी में प्रबल संभावनाएं दिख रही हैं जबकि 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी 403 सीटों पर कांग्रेस का संगठन पूरी मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए उस समय जो भी राजनीतिक सहयोग का निर्णय लेना होगा, इंडिया गठबंधन के तहत शीर्ष नेतृत्व तय करेगा। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में भी अस्तित्व में था और आज भी उसका अस्तित्व बना हुआ है। श्री पांडेय ने कहा कि सभी 403 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है लेकिन गठबंधन तय होने के बाद ही पता चलेगा कि कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए जो भी रणनीति बनानी पड़ेगी, उस पर कांग्रेस काम करेगी। राजनीतिक दलों में गठबंधन के बाद कार्यकर्ताओं में सामंजस्य न होने के सवाल पर कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस सपा और अन्य घटक दलों के नेताओं की समन्वयक बैठकें हुई थी। जिसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिला था। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस महासचिव ने कहा कि बिहार में बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए भी बिहार में अच्छी संभावना है। कांग्रेस गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी और कांग्रेस के बिना बिहार में कोई सरकार नहीं बनेगी। पांडेय कांग्रेस की जोनल बैठक और कार्यशाला में शिरकत करने प्रयागराज पहुंचे थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस अखिल भारतीय स्तर पर और खास तौर पर यूपी में संगठन को मजबूत करने में जुटी है।

# संभव अभियान में उत्दृष्ट कार्य करने वाली पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हुई सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य के निर्देशन में संचालित संभव अभियान के तहत प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल एवं मातृ पोषण सुधार के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस के दौरान वाराणसी, चंदौली, श्रावस्ती, उन्नाव और फर्रूखाबाद जिलों की पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उत्दृष्ट सेवा के लिए सम्मानित की गई हैं। इन कार्यकत्रियों ने कुपोषित बच्चों के पुनर्वास, किशोरी बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया नियंत्रण, टीकाकरण में सुधार, केवल स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ डिजिटल साधनों के दक्ष उपयोग में उदाहरण पेश किया।

वाराणसी की सरिता देवी ने अपने क्षेत्र में कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराकर पोषण सुधार की दिशा में अनुकरणीय प्रयास किए और टीकाकरण तथा स्तनपान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। चंदौली की सुजाता कुशवाहा ने सैम बच्चों को पोषण सेवाओं से जोड़ने के साथ किशोरियों के एनीमिया नियंत्रण व डिजिटल रिपोर्टिंग में बेहतरीन कार्य किया। श्रावस्ती की पानकली ने सीमित संसाधनों में सैम बच्चों को चिन्हित कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाया और महिलाओं तथा किशोरियों में पोषण जागरूकता बढ़ाई।

उन्नाव की सजनी अवस्थी ने कुपोषित बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर दर्ज कर पोषण लाभ दिलाया, किशोरियों को एनीमिया से बाहर निकालकर शिक्षा से जोड़ा और मातृत्व सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई। फर्रूखाबाद की चन्द्रमुखी ने एनआरसी और ई-कवच के माध्यम से कुपोषित बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया और लो बर्थ वेट की समस्या में भी कमी लाई। संभव अभियान के अंतर्गत इन कार्यकत्रियों की सेवाएं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हैं। इनके सतत प्रयासों से प्रदेश में पोषण जागरूकता, स्वास्थ्य सुधार और डिजिटल पारदर्शिता को नई मजबूती मिली है।

# दोहरी हत्या के छह दोषियों को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने पिता पुत्र की हत्या के छह आरो. पियों को दोषी मानते हुये आजीवन कारावास और 45-45 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाबूराम ने हथिगवा थाना क्षेत्र के बलिपुर गांव निवासी शीतला सिंह,उनके बेटे बिपिन सिंह व रंजीत सिंह, पत्नी चंद्रा सिंह ,बहू प्रीती सिंह व प्रकाश सरोज को सश्रम आजीवन करावास व हर दोषी पर 45 हजार 200 रूपये का अर्थ दंड लगाया है, अधिकृत जानकारी के अनुसार दो नवम्बर 2020 की शाम को राजेन्द्र बहादुर सिंह अपने पुत्र अभय के साथ ट्रैक्टर से धान लाद कर अपने घर आ रहे थे। बिजली का तार नीचे होने के कारण ट्रैक्टर उसमे फंस गया। तार हटाने को लेकर विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई। उसी दौरान घर के अंदर से बिपिन सिंह बंदूक एवं शीतला सिंह व प्रकाश सरोज अपने हाथ में अवैध तमंचा व रंजीत सिंह लाठी लेकर आया।

शीतला सिंह ने ललकारते हुये राजेन्द्र सिंह पर फायर कर दिया। इसके बाद शीतला सिंह व प्रकाश सरोज ने बेटे अभय पर गोली चलायी जिससे वह भी जमीन पर गिर पड़ा। दोनों पक्षो की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# दिनदहाड़े बालू कारोबारी पर चली गोली, घायल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के गंगानगर के मऊआ. इमा थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने बालू कारोबारी युवक को गोली मार कर घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इलाकाई पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र में तिलई बाजार के बड़ौदा बैंक के पास बाइक से किसी काम से बालू कारोबारी जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मोटर साइकिल से नौ की संख्या में आए बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। बताया जाता है कि दुबाही गांव निवासी बालू कारोबारी मोहम्मद जैद (25) पुत्र समून का प्रतापगढ़ के देल्हू के रहने वाले एक युवक से रुपये के लेनदेन का मामला है। इसी को लेकर तीन मोटर साइकिल से आए बदमाशों ने गोली सर में मार कर भाग निकले। जानकारी होने पर परिवार के लोगों के साथ ही पुलिस भी पहुंची और अस्पताल में भर्ती कराया। मामले को लेकर मऊआइमा थाने की पुलिस गोली से घायल मोहम्मद जैद के परिवार के लोगों से पूछताछ के बाद क्षेत्र में कांबिंग की। अभी तक बदमाश पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं।

# चार इंटरनेशनल साइबर अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले की कोतवाली क्राइम ब्रांच और साइबर पुलिस में संयुक्त रूप से चार अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तार अपराधियों के रिश्ते चीन, इंडोनेशिया और हांगकांग जैसे देशों के साइबर अपराधियों से निकलकर सामने आए हैं।

इन चारों साइबर ठगों की गिरफ्तारी इटावा की कोतवाली पुलिस में बाइस ख्वाजा के पास से की है। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में विदेशी साइबर ठगो से हुई चैट में 100 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन



कराए जाने का लालच दिए जाने के सबूत भी मिले है। करोड़ों रुपए की ठगी से मामला सामने आने के बाद इन चारों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार सभी साइबर अपराधी उत्तराखंड के देहरादून में एनडीए की तैयारी कर रहे थे। गिरफ्तार साइबर अपराधी इटावा, बलिया, बुलंदशहर और झांसी के रहने वाले हैं। एक खाते में करीब 80 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया था जिसकी शिकायत पर जांच पर मामला खुला है। ऑन लाइन गेलमग के माध्यम से मात्र तीन दिन में एक खाते में अस्सी लाख रुपए का ट्रांजैक्शन किया गया है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि सीओ सिटी अभयनारायण राय के नेतृत्व में प्रातघ् थाना कोतवाली पुलिस, एसओजी,सर्विलांस टीम व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने बाइस ख्वाजा गेट के इन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से छह मोबाइल, एक पेन ड्राइव, तीन पासबुक, सात चेकबुक, दो आधार कार्ड, तीन पेन कार्ड, एक मैट्रो कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, एक ड्राइलवग लाइसेंस, तीन क्यूआर कोड, एक फर्म की मोहर, एक मोटर साइकिल, एक कार टाटा पंच तथा इण्डोनेशिया की सिम बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में इन अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उन्हें साइबर ठगी करने के लिए बडे स्तर पर रुपयों के ट्रांजेक्शन के लिए चालू खाता की आवश्यकता होती है।

## एक नजर

### दलितों और गरीबों की सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है भाजपा: राजेन्द्र पाल

**लखनऊ।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा शासन में दलितों का उत्पीड़न चरम पर है। उन्होंने कहा कि 2027 में कांग्रेस की सरकार बनने पर ही अत्याचारों से राहत मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि एनसीआरबी के आंकड़ों में उत्तर प्रदेश दलित उत्पीड़न में देश में शीर्ष पर है। वर्ष 2022 में दलितों पर देशभर में 51,656 मामले दर्ज हुए, जिनमें 12,287 केस अकेले यूपी में हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इसके बाद के आंकड़े ही छिपा लिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्तियों पर हमले लगातार बढ़े हैं। सुलतानपुर, बरेली, बस्ती और जालौन में कई बार प्रतिमाएं तोड़ी गईं। हाल ही में एटा, अमरोहा, आगरा और सहारनपुर में दलित बारातों पर भी हमले हुए। गौतम ने कहा कि सामाजिक अपराध जो लगभग खत्म हो गए थे, भाजपा सरकार में फिर बढ़ने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार ने पिछले वर्षों में 50 हजार से अधिक सरकारी विद्यालय बंद कर दिए, जिससे दलित बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। साथ ही संविधान और आरक्षण पर भी लगातार हमले हो रहे हैं। गौतम ने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर ही संविधान, आरक्षण और दलित सम्मान की रक्षा संभव होगी। प्रेस वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन व सांसद तनुज पुनिया, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी. पी. राय, पूर्व मंत्री राजबहादुर सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रोफेसर आर. बी. बौद्ध और प्रदेश प्रवक्ता पुनीत पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### सोनभद्र में चोरों ने रायफल और कारतूसों पर हाथ किया साफ

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोघ्कर उसमें रखा एक रायफल और 100 से अधिक कारतूस चोरी कर लिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राबर्ट्सगंज नगर के अंबेडकर नगर मोहल्ले में लल्लन सिंह व भूपेंद्र सिंह किराये के मकान में अपना कार्यालय बनाये हुए थे। यह लोग जिला पंचायत में ठेकेदारी का काम करते हैं। शुक्रवार की शाम दोनों लोग आफिस में मौजूद थे और हथियार कमरे में रखकर कहीं बाहर चले गए, लेकिन रात में वापस नहीं लौटे। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने दो कमरों के ताले टूटे देख इसकी सूचना लल्लन सिंह और पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर डा-चारू द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल कर निरीक्षण किया। उधर घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने एएसपी अनिल कुमार व सीओ नगर डा-चारू द्विवेदी के नेतृत्व में चार टीमें गठित कर दिया है। पुलिस टीम चोरी किए गए सामानों को बरामद करने में जुट गई है। राबर्ट्सगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि चोरी के मामले में पीघ्ति की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### काशी में युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन शुरू

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' थीम पर 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' का शुभारंभ हुआ। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के 122 आध्यात्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों से 600 से अधिक युवा प्रतिभागी शामिल हुए। केंद्रीय युवा मामले, खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने कहा कि 15 अगस्त 2022 को 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत काल के 'पंच प्राण' के माध्यम से अगले 25 वर्षों का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, क्योंकि देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। डॉ- मांडविया ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नशामुक्ति के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, जो उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण मोड़ पर प्रभावित करता है और राष्ट्रीय प्रगति में बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को नशीले पदार्थों, मोबाइल फोन और रील्स की लत से दूर रखना आवश्यक है।

### औरैया में हत्याभियुक्त को आजीवन कारावास

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनासी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एडीजे-तृतीय कोर्ट ने अजीतमल में पांच साल पहले हत्या के एक मामले में आरोपी श्रीप्रकाश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मामला 12 नवंबर 2020 का है। वेरीधनकर निवासी श्रीप्रकाश के खिलाफ थाना अजीतमल में धारा 302 और आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस और शासकीय अधिवक्ता की प्रभावी पैरवी के बाद 19 जुलाई 2023 को न्यायालय ने फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी पर 52,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में अभियोजन अधिकारी उमेश कुमार राजपूत (एडीजीसी क्राइम) और न्यायालय पैरोकार केन्द्रपाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### धर्मांतरण कराने का आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मिर्जामुराद पुलिस ने विवाहिता को भगा ले जाने और धर्मांतरण कराने के आरोपी मजहर को चित्रसेनपुर सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया। मिर्जामुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि आरोपी मजहर चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर का निवासी है। विवा. हिता के ससुर ने 24 अप्रैल को मिर्जामुराद थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मजहर ने दूसरी शादी का झांसा देकर उनकी बहु को भगा लिया। पुलिस जांच में पता चला कि इंस्टाग्राम के जरिए मजहर और विवाहिता की दोस्ती हुई थी।

# ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** अपराध शाखा और सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने नोएडा एयरपोर्ट जेवर के पास जमीन बेचने के नाम पर तीन वर्ष पूर्व 24 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में एक और आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अब तक 23 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। अपराध शाखा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी की पहचान ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर हल्दौनी गांव निवासी रविंद्र शर्मा के रूप में हुई। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आरोपी की गिरफ्तारी हमीदपुर गांव से एक्सप्रेसवे पर चढ़ने वाले कट से हुई।




आरोपी रविंदर शर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। जमीन न मिलने पर वादी पक्ष की ओर से रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर 22 लोगों के खिलाफ आरा.पपत्र न्यायालय में दाखिल किया जा चुका है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने मिलकर मार्च 2022 में पीड़ित गौरव शर्मा को नोएडा एयरपोर्ट जेवर के पास जमीन दिखाई और फर्जी दस्तावेज दिखाकर बैनामा कर दिया। जब पीड़ित जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो उनको फर्जीवाड़े की जानकारी मिली। आरोपी 24 करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस मामले में छह दिसंबर 2023 को सेक्टर-63 थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस टीम ने कार्रवाई कर अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि 11 आरोपियों ने कोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे ले रखा है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में नामजद के अलावा आठ और आरोपियों के नाम प्रकाश में आए, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पूर्व में जेल गए 11 आरोपी अब तक जेल में हैं। अभी एक और आरोपी की गिरफ्तारी बाकी है।

# लुहारली टोल प्लाजा से रोजाना गुजरने वाले 30 हजार वाहन चालकों को मिलेगी जाम से मुक्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी क्षेत्र के लुहारली टोल प्लाजा से रोजाना गुजरने वाले वाहन चालकों को जाम से अब राहत मिलेगी। टोल प्रबंधन ने टोल प्लाजा पर सात लेन का और विस्तार कर आवागम शुरू करा दिया है। अब कुल 15 लेन शुरू हो गई हैं।

बता दें कि लुहारली टोल प्लाजा के स्थापना के दौरान आठ लेन बनाई गई थीं। उन्हीं लेन से रोजाना करीब 30 हजार छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता था। आठ लेन के कारण टोल प्लाजा पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी। वाहन चालक 15 से 20 मिनट तक टोल प्लाजा में जाम में फंसे रहते थे।

**टोल टैक्स देने के बाद भी जाम झेलने को वाहन चालक मजबूर:** टोल टैक्स देने के बाद भी जाम झेलने को वाहन चालक मजबूर रहते थे। कई बार कभी एंबुलेंस भी जाम में फंस चुकी हैं। कई दिनों से लेन की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही थी। टोल प्रबंधन ने समस्या को संज्ञान लेते हुए सात लेन का विस्तार कर शनिवार से आवागमन शुरू कर दिया है। इससे वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है। टोल प्रबंधक विनीत कुमार ने बताया कि लुहारली टोल प्लाजा पर यातायात को लेकर काफी दिनों से लेन विस्तार को लेकर योजना बनाई जा रही थी। एनएचएआई के द्वारा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए लोहारली टोल प्लाजा पर सात लेन का और विस्तार किया गया है ,जिसमें लुहारली टोल प्लाजा से गुजरने वाले 30 हजार उपभोक्ताओं को अब काफी हद तक जाम से निजात मिलेगी।

**सात लेन बुलंदशहर से गाजियाबाद की तरफ से चालू रहेगी:** वर्तमान में सात लेन बुलंदशहर से गाजियाबाद की तरफ से चालू रहेगी। एक लेन वीआइपी व एंबुलेंस के लिए रिजर्व रहेगी। गाजियाबाद से बुलंदशहर की तरफ आठ लेन रहेगी।

उन्होंने बताया कि दोनों प्लाजा के बीच में एक कट है, एनएच-34 से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा को नजर रखते हुए इसे बंद कराने की तैयारी है। दरअसल गाजियाबाद से अलीगढ़ की तरफ वाहनों की तेज रफ्तार और अलीगढ़ से गाजियाबाद की तरफ वाहनों के तेज रफ्तार से निकलने में इस कट में कभी भी जनहानि होने की संभावना बन सकती है। कट बंद कराने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया है।

## गौतमबुद्धनगर विकास समिति के सदस्यों ने किया वृक्षारोपण



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित विभिन्न सोसाइटियों सेवियर ग्रीनआर्च, गौर सिटी प्रथम एवेन्यू, किंग्सवुड गोल्फ होम्स एवं नॉलेज पार्क-5 के निवासियों द्वारा सामूहिक रूप से वृक्षारा.पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर्यावरणीय पहल में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने सक्रिय भागीदारी की और हरियाली के इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया।

गोल्फ होम्स एवं किंग्सवुड फैमिली ग्रुप के सम्माननीय सदस्य राघवेंद्र, आदित्य अवस्थी, मुरारी, मीरतुंज, आलोक शंकर, अभिजीत, राहुल, राजेश, सौरव मिश्रा, हरीश, दिव्यांशु अवस्थी, दीपक चौधरी, साहू, सक्षम, रिशु, प्रीति, अशोक सहित अनेक समाजसेवी और निवासी इस अभियान में पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ सम्मिलित हुए।

ग्रीनआर्च सोसाइटी से ख़ हिमांशु, नमित रंजन, उमेश राजन, अंकित त्यागी, प्रदीप बंसल, गौरव, अशोक सैनी; गौर सिटी प्रथम एवेन्यू से ख़ गौर सिटी ग्रीन वॉरियर्स टीम ने विशेष योगदान दिया और अभियान को दिशा प्रदान की।

नॉलेज पार्क-5 से अरुण सर्वत, सुदेश कुमार, अनिकेत एवं अन्य लोगो ने इस वृक्षारा.पण कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

इस अवसर पर नीम, आंवला, नींबू, अमरूद, शीशम, अर्जुन, बेलपत्र, जामुन, पापड़ी, कचनार जैसे पौधे लगाए गए, जो न केवल छाया प्रदान करते हैं बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर हैं। यह पौधे एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भविष्य की नींव रखेंगे।

**गौतम बुद्ध नगर विकास समिति की अध्यक्ष रश्मि पाण्डेय ने कहा:** "वृक्ष केवल पर्यावरण नहीं, भावी पीढ़ियों का आश्वासन हैं। पौधा लगाना आज की जरूरत नहीं, आज की जिम्मेदारी है। हम धन्यवाद देना चाहेंगे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का जिनके सहयोग से पौधे प्राप्त हुए है "

**समिति के सचिव ( ग्रेनो वेस्ट ) अनूप कुमार सोनी ने कहा:** "अगर हम आने वाले कल को सुरक्षित देखना चाहते हैं, तो आज एक पौधा जरूर लगाना होगा ख़ यह सबसे सरल और श्रेष्ठ योगदान है।"

# एनसीआर में रेकी कर वाहन चोरी करने वाले दो गिरोह के चार बदमाश पकड़े

- आठ मोटरसाइकिल व असलहा बरामद






शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर में रेकी कर वाहन चोरी करने वाले दो गिरोह के 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं 2 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी की 8 मोटरसाइकिल, असलहा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अभियुक्तों से पूछताछ कर उनके अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा 2 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशादेही पर चोरी की 4 मोटरसाइकिल व 2 अवैध चाकू बरामद किया है। थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पुलिस ने आज गोपनीय सूचना की सहायता से कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान 2 शातिर वाहन चोर राहुल पुत्र हरकेश उर्फ कैलाश तथा तरुण पुत्र क्रान्तिवीर को पी-3 गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है, जो दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में रेकी करके बन्द पडे मकानों के अंदर व बाहर खड़ी दो पहिया वाहनों की चोरी करते हैं तथा पकडे जाने के डर से अवैध चाकू रखते है। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाशों के खिलाफ एनसीआर के विभिन्न थानों में 17 मुकदमें विभिन्न आपराधिक मामलों में दर्ज है।

वहीं थाना सेक्टर-20 पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 अभियुक्त को गिरफ्तार व 2 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे व निशादेही पर चोरी की 4 मोटरसाइकिल व 1 अवैध तमंचा बरामद किया है। थाना सेक्टर-20 पुलिस के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 अप्पू उर्फ संदीप पुत्र श्याम तथा भानू उर्फ सागर पुत्र बच्चनराम को तिकोनिया पार्क सेक्टर-27 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही व 2 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त गिरोह बनाकर रेकी करके मोटरसाइकिल चोरी करते है। अभियुक्तों के साथी बाल अपच.ारी, अभियुक्तों की चोरी करने में मदद करते है जिससे चोरी करने में सफलता मिलती है।

## एक नजर

### नोएडा-ग्रेनो की बेहतर हुई हवा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा की हवा बेहतर हुई। दोनों शहरों का एक्यूआई रविवार को संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किया गया। अगले छह दिन भी एक्यूआई 100 के आसपास रहने का अनुमान है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 96 और 92 दर्ज किया गया। दिनभर बादलों की आवाजाही रही। दोपहर में उमस ने परेशान किया। नोएडा का अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री रहा। अगले छह दिनों में बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 31-35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 23-27 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

### श्री महाराजा अग्रसेन भवन परिसर में पौधरोपण किया

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** श्री महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति ग्रेटर नोएडा द्वारा सेक्टर स्वर्ण नगरी स्थित श्री महाराजा अग्रसेन भवन के परिसर में रविवार को पौधरोपण किया। सदस्यों ने 51 पौधे रोपित किए। समिति के अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि शहर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से मानसून के इस मौसम में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री महाराजा अग्रसेन भवन परिसर के साथ अन्य स्थानों पर भी पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में शामिल सदस्यों को अपने- अपने घरों में पौधे लगाने के लिए भेंट किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों को पौधे लगाने का संदेश दिया गया।

अभियान में ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश गुप्ता, अरुण गुप्ता, अंकुर गर्ग, बृजमोहन गोयल, रविंद्र गर्ग, मुकुल गोयल, नवीन जिंदल, सर्वेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल आदि ने सहयोग किया।

### 25 दिन की नई दुल्हन ससुराल से भागी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक नवविवाहिता ससुराल से फरार हो गई। वह अपनी शादी के 25 दिन बाद शुक्रवार रात करीब 12 बजे घर की दीवार कूदकर भाग गई। दूल्हा पक्ष को एक बिचौलिए ने करीब 25 दिन पहले हरियाणा में दुल्हन से परिचय कराया था। बिचौलिए ने बताया था कि वह दुल्हन का रिश्तेदार है। उसने यह भी कहा कि लड़की के माता-पिता की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद एक मंदिर में दोनों की शादी हुई। शुक्रवार रात जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे, उसी समय वह छत के रास्ते नीचे उतरी और दीवार कूदकर फरार हो गई। शनिवार सुबह जब वह कमरे में नहीं मिली, तो परिवार ने उसे काफी खोजा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दुल्हन शादी में दिए गए लाखों रुपये के गहने भी साथ ले गई है। परिवार ने दनकौर कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आज से दो जगह दे सकेंगे ड्राइविंग टेस्ट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए होने वाले टेस्ट में अब एक नहीं दो विकल्प मिलेंगे। सोमवार से दादरी बाईपास रोड पर स्थित वाईबी बिल्डर्स ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर को भी लोग टेस्ट देने के लिए अब चुन सकेंगे। इसके लिए पोर्टल पर बदलाव कर दिए गए हैं। अहम है कि इससे पहले जिले में बिसाहड़ा में केवल एक ही ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर संचालित हो रहा था। ऐसे में दो सेंटर खुल जाने से लोगों को विकल्प भी मिल सकेंगे। अधिकारियों का कहना है कि अभी जिले में तीन और सेंटरों को खोला जाना है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ सियाराम वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को इसके लिए शासन की ओर से मंजूरी मिली और इसे शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

## हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी

**नोएडा।** कमिश्नरेट के विभिन्न थानाक्षेत्र में महिला बीट अधिकारियों द्वारा स्थानीय महिलाओं को महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के संबंध में रविवार को जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा टीम द्वारा अलग अलग गांवों, सोसाइटियों, स्कूलों, कॉलेजों, लेबर कॉलोनियों, कंपनियों और बाजारों में महिलाओं एवं बच्चियों को एकत्र करते हुए उनसे वार्ता की गई व सभी को महिला सशक्तिकरण अभियान, उनके प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी की गई। महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181 के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

# भाकियू भानु ने किया संगठन विस्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा अट्टा गांव में भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन का हुआ विस्तार पंचायत की अध्यक्षता के एल अवाना ने की और संचालक सुभाष भाटी ने किया। इस मौके पर एनसीआर अध्यक्ष सुनील अवाना को बनाया गया।

अवाना ने कहा जो जिम्मेदारी मुझे राष्टीय अध्यक्ष ने दी है उसे बिल्कुल ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा और राकेश भड़ाना को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने भारतीय किसान यूनियन भानू की सदस्यता ली। राष्ट्रीय महासचिव बेगराज गुर्जर ने कहा संगठन में आस्था व्यक्त करते हुए आज सैकड़ो लोगों ने सदस्यता ली और सभी ने एक साथ रहकर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ संघर्ष करने की बात कही है। अजब सिंह कसाना ने कहा भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन किसानों के लिए गरीबों के लिए संघर्ष करता रहता है इसी को देखते हुए आज बहुत लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है। इस मौके पर प्रेम सिंह भाटी अनिल बेसोंया राजकुमार नागर बिल्लू अवाना राजवीर मुखिया विकास गुर्जर आनंद दरोगा सुभाष भाटी सतवीर मुखिया सतप्रकाश अवाना संतराम अवाना ऋषि अवाना भानु प्रकाश शर्मा आदि लोग पंचायत में उपस्थित रहे।

## विवाहिता की हत्या के मामले में बहनोई को नहीं मिली अग्रिम राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर सत्र न्यायालय ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी बहनोई जयराम की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामला सेक्टर-39 नोएडा थाना क्षेत्र का है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी धनश्याम अहिरवार ने अपनी पुत्री सुमन की शादी वर्ष 2018 में अनिल नामक युवक से की थी। शादी में लगभग 12 लाख रुपये खर्च किए गए थे। शादी के बाद से ही पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग पर प्रताड़ित किया जाता रहा। आरोपी कार और पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे।

पुत्री के पति अनिल के संबंध एक अन्य महिला से थे। जिसके कारण पति-पत्नी में झगड़े भी होते थे। घटना के दिन 30 दिसंबर 2024 की रात करीब दो बजे अनिल के पिता ने वादी को फोन कर बताया कि पुत्री की तबीयत खराब है। जब वादी नोएडा पहुंचे तब उन्हें सूचना मिली कि उनकी पुत्री को मारकर फंदे पर लटका दिया गया है। बहनोई आरोपी जयराम पर आरोप है कि उसने भी मृतका को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और दहेज की मांग में सह-आरोपी आरोपी व अन्य के साथ मिलकर भूमिका निभाई। बचाव पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि आरोपी निर्दोष है। उसका मृतका या सह-आरोपी अनिल से कोई लेना-देना नहीं है। घटना के समय वह का मौके पर नहीं था। केवल रिश्तेदारी के आधार पर उसे झूठा फंसाया गया है।

# किसान एकता महासंघ की महापंचायत की तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के उस्मानपुर कोठी गांव में किसान एकता महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना मौजूद रहे। बुद्धा सिंह राजपूत ने बैठक की अध्यक्षता की।

संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी ने आगामी महापंचायत की जानकारी दी। यह महापंचायत 30 जुलाई को सलारपुर अंडरपास के नीचे होगी। इसमें कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई जाएंगी। इनमें 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत 10 प्रतिशत भूखंड की मांग शामिल है। साथ ही किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा दिए जाने की मांग भी रखी जाएगी।

महापंचायत में आबादी निस्तारण का मुद्दा भी उठेगा। स्थानीय कंपनियों में युवाओं को रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं की मांग भी की जाएगी। ग्रामवासियों से महाप.ंचायत में बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की गई। सभी ग्रामवासियों ने महापंचायत में शामिल होने का आश्वासन दिया।

बैठक में बाबा भारती ने महापंचायत की सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में पप्पू प्रधान, राजवीर ठेकेदार, अतर सिंह प्रधान, अमित नागर समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौहान ने बैठक का संचालन किया।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

## पानी की गुणवत्ता देखेगी कमेटी, केंद्र सरकार को देगी रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** लोगों के पीने के पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जिलास्तर पर कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कार्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत किया जा रहा है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी की हर महीने बैठक होगी, जिसमें पानी की गुणवत्ता पर रिपोर्ट देगी। भारत सरकार के पोर्टल पर भी यह रिपोर्ट अपलोड करेगी।

पिछले दिनों पानी की सप्लाई को लेकर कई सोसाइटियों में लोगों के बीमार पड़ने की खबरें आई थीं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सोसाइटी में शिविर लगाकर पानी की गुणवत्ता की जांच कराई थी जिसमें खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए थे।

**जांच के लिए बनाई जा रही लैब:** डिप्टी सीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, जल विभाग और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक करके कमेटी का गठन किया जा रहा है। इसी के तहत स्वास्थ्य विभाग में पानी की जांच के लिए लैब भी बनाई जा रही है। इसमें सोसाइटी और सेक्टर में सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। टीम सार्वजनिक स्थानों से भी पानी के सैंपल लेकर जांच करेगी।

# सुविधाओं की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन




शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित इरोस संपूर्ण सोसाइटी के लोगों ने रविवार को बिल्डर प्रबंधन के नई परियोजना फेस 2 के सेल्स ऑफिस में जाकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने इस दौरान नए खरीदारों को यहां फ्लैट न लेने की सलाह दी। साथ ही, अपनी सुविधाओं में कटौती को लेकर बिल्डर प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी की। इरोस संपूर्ण सोसाइटी के लोग परिसर में रविवार को एकत्रित हुए। इसके बाद लोगों ने पूरी सोसाइटी में पैदल मार्च निकाला और बिल्डर प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी की। साथ ही, बिल्डर प्रबंधन के फेस 2 के निर्माणधीन परियोजना के सेल्स ऑफिस में पहुंचे, जहां उन्होंने अपना नया घर खरीदने आए लोगों के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

उन्होंने नए खरीदारों को यहां फ्लैट ने खरीदने की सलाह दी। साथ ही, यहां बिल्डर द्वारा सुविधाओं में की जा रही कटौती और मनमानी के बारे में उन्हें बताया। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। साथ ही, लोगों द्वारा पुलिस को भी इस मामले को लेकर लिखित शिकायत दी गई। लोगों का आरा.प है कि पिछले रविवार भी बिल्डर के विरुद्ध प्रदर्शन किया था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। अगर अगले रविवार बिल्डर के साथ बैठक नहीं हुई या उन्हें कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला तो बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

सोसाइटी में हजारों परिवार रह रहें सोसाइटी में रहने वाले अभिषेक शर्मा ने बताया कि परिसर में हजारों परिवार रह रहे हैं, लेकिन लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक ठीक से नहीं मिल रही है। सोसाइटी में बिजली की समस्या इस समय लोगों को सबसे अधिक परेशान कर रही है। आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। साथ ही, डीजी की सप्लाई भी लोगों के घरों में सही से नहीं दी जाती है। बिल्डर प्रबंधन द्वारा डीजी की सप्लाई को बीच में बंद कर दिया जाता है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। वहीं, कॉमन एरिया का बिजली चार्ज दोबार लिया जा रहा है, जिस पर रोक लगनी चाहिए। बिजली सेवाएं ठीक से नहीं मिल रही है। साथ ही, सोसाइटी में कभी भी पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

# देवरनियां के गांव में कई घरों में चोरी, दहशत



**■ एक घर में नकब लगाया और दूसरे घरों में दरवाजे के ताले तोड़े**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के हल्का नम्बर चार के गांव बसुधरन जागीर में चोर एक घर में नकब लगाकर व एक घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गये। कोतवाली क्षेत्र में अभी कुछ दिन पूर्व हुई ज्वैलर्स की लूट का खुलासा नहीं हो पाया। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर लाखों के जेवर और नकदी चोरी कर ली। घटना 19 जुलाई की रात्रि लगभग 1 बजे की है। जब कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के गांव बसुधरन में दो घरों को निशाना बनाया गया।

बसुधरन गांव निवासी अली पुत्र शकील अहमद के घर में नकब लगाकर अज्ञात चोरों ने घर खंगाला। वहाँ से चोर सोने की झुमकी, अंगूठी, दो तब्बीज, दो पायल और 40 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। वहीं, नाजमा बेगम पत्नी स्वर्गीय मोहब्बत शाह के घर से चोरों ने चांदी की कैधानिया, एक लौंग और एक पायल 36 हजार रुपये नगद चोरी कर लेकर फरार हो गये। उधर चोरों ने तारिक पुत्र जलील अहमद के घर का ताला तोड़ा, चोरी का प्रयास कर रहे थे कि तब तक खुट खुट की आवाज होने पर परिजनों ने शोर शराबा कर दिया। तारिक ने बताया कि ताला तोड़ने की आवाज सुनाई दी, तभी घर की छत पर तुरन्त पहुँचे, और शोर मचा दिया था। गली में खड़े दो चोर भागते हुए जंगल की तरफ भाग गये, और तभी पीआरवी 112 डायल को लगभग 2 बजे सूचना दी थी। पीआरवी 112 डायल वाले आये, और सूचना नोट कर ले गये। मगर कोतवाली पुलिस सुबह आई, और जंगल में जो कपड़े व सामान फैला पड़ा था। इकट्ठा कराकर घर में रखवा गई। गाँव वाले दहशत में पूरी रात्रि सोए नहीं और घरों की छतों पर बैठकर जागते रहे।

पुलिस जांच में जुटी पुलिस ने घटना स्थल पहुँचकर मामले की जानकारी कर जांच शुरू कर दी है। अभी गृह स्वामियों ने कोई तहरीर नहीं दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है। पुलिस द्वारा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

कोतवाली प्रभारी अशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सुबह चार बजे सूचना मिली थी। घटना स्थल पर पहुँचकर मौका मुआयना किया गया। अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर आने पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया जायेगा। आला अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। जल्द चोरी का खुलासा कर चोरों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# इंटर स्कूल चेस चैंपियनशिप 26 जुलाई से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली शतरंज एसोसिएशन तृतीय इंटर स्कूल चेस चौंपियनशिप का माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल शिव गार्डन ब्रांच में 26 जुलाई तक आयोजन करेगा। इसके लिए इच्छुक स्कूल अपनी एंट्री 23 जुलाई तक भेज सकते हैं। बरेली

शतरंज एसोसिएशन के सचिव रामकिशोर ने बताया कि दो दिवसीय चैंपियनशिप अंडर-19, अंडर -13 और अंडर- 9 आयु वर्ग में होगी। हर वर्ग के टॉप 10 खिलाड़ियों को इंडिविजुअल ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा। हर वर्ग में दो-दो बालिकाओं के लिए भी सम्मानित किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. सौरभ कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का ब्राशर सभी स्कूलों में भेजा जा चुका है।

# किन्नर को दफनाने को लेकर विवाद

**■ पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हुआ दफीना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला अब्बास नगर में शनिवार को एक किन्नर की मौत के बाद कब्र खोदने को लेकर स्थानीय निवासियों और मृतक के साथियों के बीच विवाद की स्थिति बन गई।

मृतक भोला किन्नर को दफन करने के लिए जब कब्र खोदी जा रही थी, तो मोहल्ले के कुछ लोगों ने इसका विरोध करते हुए कब्रिस्तान में दफनाने से इनकार कर दिया। मोहल्ले वालों का कहना था कि बाहरी लोग जब इस इलाके में आकर बसे थे, तभी उन्हें स्पष्ट कर दिया गया था कि इलाके में कब्रिस्तान की जगह सीमित है, ऐसे में वे अपनी ओर से कब्रिस्तान की वैकल्पिक व्यवस्था करें। रात में जब परिवार के लोग मृतक भोला को लेकर उसके गांव जोखनपुर लेकर गये थे, तब गांव जोखनपुर के स्थानीय लोगों ने भी भोला किन्नर को कब्रिस्तान में दफन होने का विरोध किया, जिसको लेकर परिवार के लोग वापस अपने घर अब्बास नगर आ गये थे। इसके बाद पुनः विरोध शुरू हो गया। मामला गरमाता देख पुलिस मौके पर पहुंची, और लोगों से बातचीत कर आपसी सहमति से कब्र के लिए जगह उपलब्ध कराई, और शांति पूर्वक दफन की प्रक्रिया पूरी कराई।

> मृतक किन्नर के शव को दफन करा दिया गया है। अब मामला शांत है।
>
> **संजय तोमर**
> **कोतवाल बहेड़ी**

भोला किन्नर की मौत पर उसके साथी किन्नरों में शोक की लहर है।

वहीं मोहल्ले के लोगों ने प्रशासन से मांग की कि इस तरह के मामलों को लेकर पहले से ही स्पष्ट दिशा-निर्देश हों, ताकि भविष्य में कोई असमंजस की स्थिति उत्पन्न न हो।

# दो लाइनमैन के हवाले है शीशगढ़, कैसे मिलेगी बिजली

**■ दूर के गांवों के लाइनमैन करते हैं ड्यूटी रात में हो गया फाल्ट, तो अंधेरे में गुजरतीं हैं रातें**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे की बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाए जाने के उद्देश्य से बिजली विभाग ने विभिन्न मोहल्लों में छोटे बड़े बीस ट्रांसफार्मर तो लगवा दिए, लेकिन इनकी देखरेख केवल दो संविदा लाइन मैन के हवाले कर रखी है। दोनों ही लाइन मैंन दूर दराज के गांवों के रहने वाले है रात को अपने घरों को चले जाते है यदि रात में कोई फॉल्ट हो भी जाए तो फिर अंधेरे में रहना पड़ता है। यह क्रम पिछले चार, पांच महीने से चल रहा है।

कस्बे के लोग बिजली की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली को लेकर हाइबिल्ला मची हुई है, लेकिन बिजली विभाग के अफसरों को इसकी कोई परवाह नहीं है। बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे की आबादी करीब पचास हजार है। इस आबादी में बीस ट्रांसफार्मर भी लगे है कस्बे में बिजली कनेक्शन के हिसाब से बिजली के बिलों की वसूली तो खूब होती है, लेकिन उपभोक्ताओं को सुविधाएं मयस्सर नहीं हो पा रही है। इतनी बड़ी आबादी के कस्बे में केवल दो लाइन मैन से काम लिया जा रहा है, वह भी बाहरी गांवों से बुलाकर स्थानीय लाइन मैन को हटाकर दूर दराज के गांवों के लाइन मैन लगाए।

बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कस्बे के निवासी लाइन मैन शमशाद को हटाकर पड़ोसी गांव मदनापुर में तैनात कर दिया है, जबकि बल्ली निवासी वीरेंद्र को शेरगढ़ बिजलीघर भेज दिया गया। ग्राम बैरम नगर निवासी गुड्डू एवं बकैनिया निवासी राजेंद्र को शीशगढ़ में लगाया गया है। बाहरी लाइन मैन होने के कारण दोनों को कस्बे में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं के लिए भी नई मुसीबत पैदा हो गई है। भीषण गर्मी में बिजली की आपूर्ति रोज रोज बाधित हो रही है , लेकिन बिजली विभाग के अफसरों को कस्बे के लोगों की कोई परवाह नहीं है।

## काम के बोझ से बाहरी लाइनमैन भी परेशान

कस्बे में लगाए गए बाहरी लाइनमैन भी परेशान हैं। इनकी फरियाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। बेरम नगर निवासी लाइनमैन गुड्डू जो वर्तमान में शीशगढ़ कस्बे में तैनात है का कहना है कि ड्यूटी की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। रात दिन ड्यूटी करनी पड़ती है। इधर बिजली अफसरों का काम करने का दबाव उधर परिवार की जिम्मेदारियां भी है, लेकिन वह घर परिवार को भी नहीं देख पा रहे है, लेकिन अफसरों के सामने कुछ कहने का साहस भी किसी में नहीं है। वह बैरमनगर वापसी के प्रयास में है, लेकिन कौन सुनेगा इन बेबस लाइमैन की फरियाद।

## चेयरमैन ने कस्बे में लाइनमैन बढ़ाने की उठाई मांग

कस्बे में लगातार बिजली आपूर्ति खराब रहने का मुख्य कारण है लाइनमैन की कमी। इसी कारण से बिजली आपूर्ति लगातार बाधित रहती है। बीस ट्रांसफार्मर केवल दो लाइनमैन के हवाले कर देने से बिजली की आपूर्ति कैसे हो पाएगी। यह एक बड़ा सवाल है, लेकिन विभाग के अफसरों को इसकी कोई परवाह नहीं है। रात को फाल्ट हो जाए तो सभी को अंधकार में रहना पड़ता है क्योंकि बाहरी लाइन मैन अपने घरों को चले जाते है रात की ड्यूटी के लिए भी लाइनमैन होना चाहिए। इस मामले में हमने अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर स्थानीय लाइनमैन शमशाद को शीशगढ़ में लगाने एवं लाइनमैन की संख्या बढ़ाए जाने की मांग भी की है।

**नीलोफर**
**चेयरमैन**
**नगर पंचायत शीशगढ़**

## अधिशासी अभियंता, एसडीओ के आदेश का नहीं हो रहा पालन

कस्बे के लोगों की एवं चेयरमैन नीलोफर की मांग को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने लाइनमैन शमशाद को पुनः शीशगढ़ कस्बे में तैनात किए जाने हेतु आदेश एसडीओ को दिए थे। एसडीओ विशाल कंसल ने अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा को अधिशासी अभियंता के आद. ेश का अनुपालन किए जाने का आदेश भी जारी किया, लेकिन अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा ने शमशाद को शेरगढ़ से हटाकर शीशगढ़ के बजाय ग्राम मदनापुर में तैनात कर दिया। इससे कस्बे के लोगों को कोई लाभ नहीं हुआ समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

# कार की साइड लगने से भड़के कांवड़िये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कांवड़ यात्रा के दौरान भुता इलाके कार की साइड लगने के बाद कांवड़ियों ने हंगामा किया। पत्थर मारकर कार का शीशा तक तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझा और जैसे तैसे मामला शांत कराया।

पूरा मामला शनिवार शाम बरेली बीसलपुर मार्ग पर ग्राम कमुआ का है। जहां रास्ते से गुजर रहे कांवड़ियों के जत्थे में एक कांवड़िया कार की साइड लगने से घायल हो गया। वहीं उसका मोबाइल गिरकर टूट गया। जिसको चलते कांवड़ियों ने हंगामा काटा। भुता थाने के सामने ही कांवड़ियों ने पत्थर मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। काफी देर तक तक हंगामा यू हीं चलता रहा और पुलिस बेबस नजर आई।

## एक नजर

# सावन का दूसरा सोमवार आज, शिव मंदिरों में भक्त करेंगे जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** सावन के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के शिव मंदिरों में शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे। नगर पंचायत देवरनियाँ के सेमीखेड़ा व सिंगतरा शिव मंदिर को फूलों से सजाया गया है। सावन मास में श्रद्धालु श्रद्धा के साथ भगवान शिव से आराधना करते हैं। सुबह से ही मन्दिरों में पूजा अर्चना शुरू हो जाती है, जो देर शाम तक शिवालयों में चलती रहती है। भक्तों में जलाभिषेक व पूजा अर्चना का भाव देखने को मिलता है, भगवान शिव की आराधना में महिलाएं भी सबसे आगे रहती हैं। मान्यता है कि सावन माह में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान शिव को बेलपत्र धतूरा भांग दूध शहद आदि अर्पित कर पूजन किया जाता है। इसके अलावा कछला व हरिद्वार से भी पैदल चलकर भक्तजन कांवड़ में जल लेकर आते हैं, और जलाभिषेक करते हैं। सुबह तीन बजे से ही भक्तगण स्नान आदि के बाद शिवालय पहुंचते हैं, जहां जल चढ़ाकर भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना करते हैं। सावन के दूसरे सोमवार पर भी मन्दिरों में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स को जगह-जगह लगाया गया है, बैरिकेडिंग भी लगाई गई है। मंदिरों को फूलों की झालरों से सजाया गया है, और रंग बिरंगी रोशनी भी लगाई गई है। महादेव को प्रसन्न करने के लिए शिव मंदिर सेमीखेड़ा व शिव मंदिर सिंगतरा पर भक्तों की भीड़ रहती है।

# पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को पकड़ा

**तमंचा लहराते हुए वीडियो हुआ था वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना परिसर के अंदर बनाई गई वीडियो वायरल करने के प्रकरण में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को यह सफलता मुखबिर की सटीक सूचना पर मिली, जिसके आधार पर रहपुरा अंडरपास बाईपास के पास घेराबंदी कर अभियुक्त को दबोचा गया।

इरिश खान उर्फ बाबा पुत्र कलीम खान है जोकि मोहल्ला सराय वार्ड नंबर 15 कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली का रहने वाला है। इसके कब्जे से एक 12 बोर का नाजायज तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस को पूछताछ में इरिश खान ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने का शौकीन है और पहले भी अवैध तमंचे के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर चुका है। उसने यह भी स्वीकार किया कि बरामद तमंचा उसने कुछ महीने पहले भिटौरा रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात व्यक्ति से छीना था। मोबाइल की जांच में यह पुष्टि हुई है कि अभियुक्त ने थाना परिसर में बैठकर एक वीडियो बनाया और उसे अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट कर वायरल किया था जिसके संबंध में थाना फतेहगंज पश्चिमी में पहले से ही आईटी एक्ट की धारा 72 के तहत एक मुकदमा दर्ज है।

अभियुक्त के खिलाफ अब तक दो मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह चौकी प्रभारी अनूप सिंह हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह हेड कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे।

# कोटे का चुनाव हमारे पक्ष में नहीं हुआ, तो घर में घुसकर मारेंगे

**ग्रामीणों ने कहा दबंगों को नजर बन्द किया जाए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव मुड़िया भीकमपुर में 22 जुलाई को राशन कोटे की दुकान का चुनाव होना है, गांव की महिला प्रधान सहित कई ग्रामीणों ने कोटे की दुकान के चुनाव में दबंगों द्वारा विवाद किए जाने की आशंका जताते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर इन्हें नजर बंद किए जाने की मांग की है।

ग्राम की महिला प्रधान भूपा देवी के साथ ही शान्ति पाल, उमेश, सोमपाल, धर्मपाल, गौरव, हेमराज, सूरज पाल, सत्यपाल, रामभरोसे, राहुल आदि ने एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि उनके गांव की राशन कोटे की दुकान का चुनाव 22 जुलाई को होना है, आरोप है कि ग्राम के आधा दर्जन दबंगों ने खुले आम धमकी दी है कि चुनाव उनके पक्ष में नहीं हुआ तो वह घर में घुसकर मारेंगे। ग्रामीणों ने चुनाव के दौरान झगड़ा किए जाने की आशंका जताते हुए इन दबंगों को नजर बन्द किए जाने की मांग की है, जिससे चुनाव शान्ति पूर्ण ढंग और निष्पक्ष रूप से हो सके। मालूम हो क्षेत्र के गांव चौखंडी और ब्लॉक नवाबगंज के गांव रिछोला किफायतुल्ला में हुए राशन कोटे के चुनाव में धांधली किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण दोनों ग्रामों में हुए चुनाव को निरस्त किए जाने की मांग डीएम और एसडीएम से कर चुके हैं।

# हुजूर ताजुश्शरिया के विसाल को सात साल पूरे होने पर फातिहा व लंगर का किया गया एहतिमाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ताजुश्शरिया मुफ्ती अख्तर रजा कादरी अजहरी मियां का विसाल आज से ठीक सात साल पहले 20 जुलाई 2018 को हुआ था। आज अंग्रेजी तारीख के विसाल के मौके पर दरगाह ताजुश्शरिया पर महफिल का एहतिमाम किया गया। दरगाह ताजुश्शरिया के सज्जादानशीन व काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजाॿ खां कादरी असजद रजा कादरी की सरपरस्ती व सदारत में हुआ।

जमात रजा मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां की निगरानी में अदा हुई। फरमान मियां ने कहा कि उलेमाओं की खुसूसी तकरीर हुई, जिसमें उन्होंने हुजूर ताजुश्शरिया की जिन्दगी पर रौशनी डाली व आपकी दीनी खिदमात के बारे में बताते हुए कहा कि आपने अपनी जिन्दगी को सिर्फ खिदमते दीन के लिए वक्फ कर दिया, आपने बहुत सी किताबे लिखीं, जिनमें आपका नातिया दीवान व फतावा ताजुश्शरिया मशहूर हैं। आपने अपने तकवे और परहेजगारी की बुनियाद पर मसलक ए आला हजरत में एक अलग पहचान बनाई। जो अवाम के शरई मसले हल कर दे उसे मुफ्ती कहा जाता है और जो उलेमा व मुफ्तियों के मसले हल कर दे उसे अपने वक्त का ताजुश्शरिया कहा जाता है। आपने मसलक के प्रचार-प्रसार के लिए सारी दुनिया का दौरा कर सुन्नियत को फरोग देने का काम किया। फातिहा 7 बजकर 14 मिनट पर हुई, उसके बाद काजी-ए हिंदुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजाॿ खां काध्दरी की खुसूसी दुआ हुई। सभी को लंगर तकसीम किया गया। इस मौके पर सैयद अजीम उद्दीन, मौलाना गुलजार, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना बिलाल, मोइन खान, शमीम अहमद, बख्तियार खान आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा जल लेने शिव भक्त गढ़मुक्तेश्वर रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** रविवार को भोले की आर्मी बरेली कैंट की 30 लोगों का जत्था ग्रीन फार्म रिसोर्ट्स पीलीभीत बाईपास रोड से गंगाजल भरने के लिए गढ़मुक्तेश्वर ब्रज घाट रवाना हुआ । सद्भाव समाज सेवा समिति परिवार के सुनील सक्सेना, मिलन एवं महेन्द्र राठौर ने सभी को इस दौरान माला पहनाकर विदा किया। सोमवार सुबह पांच बजे श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को बरेली नाथनगरी में बाबा महाकाल भोलेनाथ का सभी जलाभिषेक करेंगे। यात्रा में मनोज पाण्डेय, प्रवेश कुमार, दिवाकर आर्य, आर एस शर्मा, स्वदेश कन्नोजिया, आचार्य ललित जोशी, अमित सती, विपिन, उदित, शंकर सिंह बोहरा, चारु सति, संजीव कुमार आदि शामिल हैं।

# शिक्षक रजनीश के समर्थन में उतरी कुर्मी क्षत्रिय सभा

**■ साजिश बताकर निष्पक्ष जांच की मांग**
**■ जनप्रतिनिधियों ने साधी चुप्पी!**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शिक्षक रजनीश गंगवार के वायरल वीडियो प्रकरण को लेकर रविवार को कुर्मी क्षत्रिय सभा ने एकजुटता दिखाते हुए इसे सुनियोजित साजिश करार दिया है। आयोजित बैठक में सभा पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक की छवि को जानबूझकर धूमिल किया जा रहा है। जबकि शिक्षक की मंशा केवल शिक्षा को बढ़ावा देना मात्र था, न कि किसी यात्रा को ठेस पहुंचाना। लेकिन उनका भाव किसी ने न समझा, और यह पूरा मामला दुर्भावनापूर्ण सोच का नतीजा है। सभा के उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार व प्रेम शंकर गंगवार ने कहा कि शिक्षक बच्चों को समझा रहे थे, लेकिन कुछ संगठनों ने इसे बेवजह तूल देकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। कोषाध्यक्ष आलोक गंगवार ने आरोप लगाया कि वीडियो पहले से रिकॉर्ड कर वायरल किया गया, जबकि शिक्षक रजनीश पूरी ईमानदारी से अपना कार्य कर रहे थे। महामंत्री आर.सी. लाल व मूलचंद गंगवार ने निष्पक्ष जांच की मांग की। सभा के आडीटर एड. मनोज बाबू गंगवार ने एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियों और धमकी भरे संदेश भेजने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सभा ने चेताया कि यदि प्रशासन ने समय रहते उचित कदम नहीं उठाया तो कुर्मी सभा प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष प्रेम शंकर गंगवार, महामंत्री/व्यवस्थापक आर.सी. लाल, महामंत्री मूलचंद गंगवार, कोषाध्यक्ष आलोक गंगवार, आडीटर एड. मनोज बाबू गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, सदस्य अरविंद पटेल, सदस्य एड. मुनेन्द्र सिंह गंगवार, सदस्य अमित गंगवार, सदस्य खेमेन्द्र पाल सिंह, वीरेश कुमार गंगवार, सदस्य तेज पाल गंगवार, सदस्य भद्रपाल गंग. वार आदि मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन की अनूठी पहल

## समस्त तहसीलों में आयोजित भंडारों में शिव भक्तों को किया गया प्रसाद वितरण

**■ ग्राम नितोई एवं रामगंगा में कांवड़ियों का माल्यापर्ण कर किया स्वागत**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने रविवार को आंवला के ग्राम नितोई एवं रामगंगा में कांवड़ियों का माल्यापर्ण कर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर कांवड़ यात्रियों के लिये लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में डीएम ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

श्रावण मास के प्रत्येक रविवार तथा सोमवार को बरेली जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से भंडारा कराया जा रहा है, जो सभी शिव भक्तों को समर्पित है, जहां शिव भक्त प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं तथा विश्राम भी कर सकते हैं, कांवड़ियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल कैम्प भी लगाए गये हैं।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि यह सावन का महीना चल रहा है, जिसमें हमारे भक्तगण कांवड़ लेने जाते हैं, कुछ लोग कछला एवं कुछ लोग हरिद्वार से भी जल लेकर आते हैं, और भगवान भोले नाथ को अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भी कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री से प्रेरणा लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा बरेली जनपद की प्रत्येक तहसीलों में कांवड़ यात्रियों के ठहरने, उनके भोजन करने तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप की भी पूर्ण व्यवस्था की गई है, जिससे यदि कोई यात्री यात्रा के दौरान बीमार हो जाता है तो उसका उपचार किया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, तहसीलदार सदर सहित अन्य अधिकारीगण व शिव भक्त उपस्थित रहे।

# होमगार्ड को पांच किलोमीटर बोनट पर टांग भगाई कार

**■ गाड़ी लेकर कांवड़ मार्ग में घुस गया था आरा. ेपी, गिरफ्तार**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** चौपुला चौराहे पर ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड अजीत कुमार को कार के बोनट पर टांगकर पांच किलो मीटर तक घसीटने वाले चालक सुभाषनगर के करगैना निवासी दक्ष श्रीवास्तव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। टीएसआई गजेंद्र सिंह की ओर से आरोपी के खिलाफ कोतवाली में सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, लापरवाही से वाहन चलाने और जानलेवा हमले की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दक्ष के साथ कार में बैठे दूसरे साथी की पहचान शिवेंद्र यादव के रूप में हुई है।

शनिवार रात 11:30 बजे टीएसआई गजेंद्र सिंह के साथ होमगार्ड अजीत कुमार चौपुला पुल के पास ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान आई तेज रफ्तार कार ने रॉन्ग साइड से वन-वे रूट में घुसने की कोशिश की। मार्ग से काफी संख्या में कांवड़िये भी गुजर रहे थे। होमगार्ड अजीत ने कार को रोकने की कोशिश की तो चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। जान बचाने के लिए अजीत कार के बोनट पर चढ़ गए। इसके बावजूद चालक ने कार को नहीं रोकी। होमगार्ड को बोनट पर टांगकर कार दौड़ाता रहा। उसने होमगार्ड को जान से मारने की धमकी भी दी। इसकी सूचना वायरलेस पर प्रसारित की गई तो पुलिस महकमे में खलबली मच गई।

> आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा और सार्वजनिक स्थान पर लाप. रवाही से वाहन चलाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।
>
> **आशुतोष शिवम**
> **सीओ प्रथम**

रात में ही इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के जरिये कार के नंबर को ट्रेस किया गया। इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडेय ने बताया कि सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करगैना में सावित्री स्कूल के पास रहने वाले आरोपी कार चालक दक्ष श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में सामने आया है कि घटना के दौरान आरोपी और उसके साथ कार में बैठा शिवेंद्र यादव दोनों नशे में थे।

# पांच लाख की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव अली नगर के पुरषोत्तम ने अपनी पुत्री मानसी की शादी एक साल पहले क्षेत्र के गांव जिगनियां के रहने वाले राम बहादुर के पुत्र चरन सिंह के साथ की थी, जिसमें उसने अच्छा खासा दान दहेज दिया था।

आरोप है कि ससुराल के लोग इससे खुश नहीं थे, और आए दिन विवाहिता को तरह-तरह से प्रताड़ित करते रहते थे। गुजरी 19 जुलाई की रात विवाहिता के तहेरे जेठ अमित और चचिया ससुर रमेश उसके घर में दीवार फांदकर घुस आए, और उसे जान से मारने की नियत से दबोच लिया। आरोप है कि रमेश विवाहिता पर गलत नजर रखता है। किसी तरह अपने आप को भागकर विवाहिता ने बचाया।

विवाहिता का आरोप है कि पति चरन सिंह, सास मायावती और ननद प्रीती उससे पांच लाख रुपये लाने की जिद करते हैं, और उसे मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की। घटना की तहरीर पुलिस को दिए जाने के साथ ही विवाहिता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रोन की दहशत लोगों में खौफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में रात में उड़ते ड्रोन का मामला चर्चा की विषय बनकर रह गई है जिससे जिले में दहशत का माहौल बना हुआ है। जिसमें पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने इस मामले को सिर्फ अफवाह बताकर ऐसे किसी भी मामले की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की बात कही है।

बताते चलें कि रामपुर जनपद में चार दिन से एक मामला तेजी से बढ़ता जा रहा है जिससे लोगों में दहशत फैल रही है। जी हां मामला रात के अंधेरे में उड़ते हुए ड्रोन का है जो रात होते ही चार दिन से लगातार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उड़ते हुए दिख रहे हैं जिनकी कुछ जगह वीडियो भी बनाई गई है।

लेकिन अहम बात यह है कि रामपुर पुलिस इस मामले को सिर्फ एक अफवाह बता रही है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा है कि यह अफवाह है और कुछ नहीं अगर किसी को



कुछ भी संदिग्ध दिखाई दे तो तुरंत 112 पर कॉल करें और सतर्क रहें।

उन्होंने कहा कि हमारी सम्मानित और जिम्मेदार लोगों से बराबर बात चल रही है पुलिस विभाग में सिपाही से लेकर मैं स्वयं पेट्रोलिंग कर रहा हूं। अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दें अगर कोई संदिग्ध वस्तु दिखती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। जबकि लोगों ने कहा है कि रातों को घरों की छत पर बैठकर



रात गुजारना पड़ रही है पहले ड्रोन नीचे आता है जब पीछा किया जाता है तो ऊपर को चला जाता है।

लोगों कहना है कि यह चोरों का ग्रुप है जो यह काम कर रहा है क्योंकि उसे दिन पहले कोतवाली टांडा क्षेत्र, थाना शहजादनगर के धमोरा और मिलक में चोरियां हुई थी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## चोरों की आहट और ड्रोन से क्षेत्र में दहशत

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रात के समय चोरों की आहट और ड्रोन कैमरों की उड़ान से लोगों में दहशत है। लोग रात को जहां जागकर पहरा दे रहे हैं, वहीं पुलिस भी पूरी तरह चौकसी बरत रही है। शनिवार की रात्रि मे नगर के नसीराबाद रेलवे लाइन के किनारे की आवादी में चोरों की आहट और ड्रोन की उड़ान से लोग दहशत में आ गए हैं ।लोगों ने पूरी रात्रि जागकर पहरेदारी की वहीं नसीराबाद के कुछ लोगों ने रेलवे लाइन के किनारे संदिग्ध लोगों को भी देखा और इसकी सूचना लोगों को जगा कर दी लोगों ने संदिग्ध लोगों का पीछा भी किया और फिर सूचना पुलिस को भी दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से सतर्क रहने का और अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा माही नगर के बिलासपुर रोड स्थित शाहू जी नगर में पुलिस को भैंस चोरी होने की सूचना मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर जंगल से भैंस को बरामद किया। लेकिन चोर हाथ नहीं लग पाए पिछले कई दिनों से क्षेत्र में चोरों की सक्रियता से नागरिकों में दहशत का माहौल है। लोग सुरक्षा के मद्देनजर रातों को जागकर गांव में टोली बनाकर पहरा दे रहे हैं। पुलिस भी पूरी तरह निगरानी में जुटी है।

बीती रात क्षेत्र के ग्राम नवादिया और जालिफ नगला सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों की आहट व ड्रोन कैमरों की उड़ान से गांव में हल्ला मचा गया। गांव के पूरब की ओर चोरों के मौजूद होने और ड्रोन कैमरों के जरिए मकानों की टोह लिए जाने की खबर पर लोग उस ओर दौड़ पड़े। पुलिस क्षेत्र में लगातार गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिला रही है।

## बेरुआ गांव में लकड़ी के पुल पर चलने वाले राहगीर परेशान, पक्के पुल की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी /रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेरुआ से चंद्रपुरा खुर्द गांव को जाने वाले मार्ग पर बना पक्का पुल टूटने के कारण बांस फंटी द्वारा लकड़ी का अस्थाई पुल बना दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि आने जाने वाले राहगीरों व स्कूली बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करते हुए जानजोखिम में डालते हुए आना जाना पड़ रहा है। बहुत से लोगो को इस अस्थाई पुल पर ही चलने से डर भी लगता है। दोपहिया वाहन चलाने पर पूरा पुल डगमगाने लगता है वहीं ग्रामीणों ने स्थाई व पक्के पुल जल्द से जल्द बनवाने की मांग की है और कहा कि एक बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है।

# मानपुर उत्तरी में 100 केबी का ट्रांसफार्मर फुंका

■ रात के अंधेरे में चोरों का ग्रामीणों को सता रहा है डर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के मानपुर उत्तरी में 100 के बी का ट्रांसफार्मर फुक जाने से ग्रामीणों को रात अंधेरे में काटनी पड़ रही है जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और रात के अंधेरे में ग्रामीणों को चोरों का भय भी बना हुआ है।

मानपुर उत्तरी में पिछले दो दिनों से 100 के बी का ट्रांसफार्मर फुका हुआ है जिसे बदलने के लिए बिजली विभाग गंभीर नहीं है रात के समय गांव में अंधेरा रहने से ग्रामीणों को



चोरों का भय सता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी पनबडिया स्थित बिजली घर पर ट्रांसफार्मर न होने का बहाना बनाकर टाल रहे हैं। अपना दल एस के युवा नेता शकील अंसारी ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र ही फूका ट्रांसफार्मर न बदले जाने पर विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है युवा नेता का कहना है की बिजली आपूर्ति के अभाव में रात के अंधेरे में ग्रामीणों को बदमाशों के आतंक से जूझना पड़ रहा है शिकायत के बाद भी बिजली विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है।

उधर ऑफर अभियंता मोहन सिंह राजपूत ने बताया कि शीघ्र ही फूंका ट्रांसफार्मर बदलवा दिया जाएगा।

## मसवासी क्षेत्र में थमने का नाम नहीं ले रहा है बदमाशों का आतंक

### मध्य रात्रि से पूर्वी गांव में शुरू हो जाती है फायरिंग

शाह टाइम्स संवाददाता


**मसवासी।** नगर सहित क्षेत्र में बदमाशों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मध्य रात्रि से पूर्व ही गांव में बदमाश घुसने की आवाज आने लगते हैं और फायरिंग शुरू हो जाती है जिससे तमाम ग्रामीण दहशत में है पुलिस को अभी तक किसी गांव से भी बदमाश पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। मसवासी नगर समेत आसपास के गांवो में शाम ढलते ही ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो जाती है मध्य रात्रि से पूर्व ही गांव में फायरिंग और पटाखे छोड़ने की कवायद शुरू हो जाती है। और रात्रि बारह बजे से पूर्व ही गांव में मारो और घेरों की आवाज शुरू हो जाती है। इस मामले से महिलाएं और बच्चे दहशत में है रातों-रात शोर कटने से ग्रामीणों की रात की नींद हराम हो गई है आसपास के गांव में से भी यही शोर सुनाई देता है। जिससे दहशत और बढ़ जाती है जबकि पुलिस और चौकीदार भी लगातार गश्त कर रहे हैं लेकिन बदमाशों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के मानपुर उत्तरी बिजारखाता भूबरा मोतीपुरा खोद खानपुर उत्तरी लोहार इनायत गंज मजरा हसन शिकारपुर शिवनगर बब्बरपुरी धर्मपुर उत्तरी सेमरा लाडपुर रहमतगंज कुंदनपुर अलीगंज सीतारामपुर घोसीपुरा मुकुंदपुर हसनपुर उत्तरी मिलक नो खरीद गागन नंगली नन्हे का मजरा काजी का मजरा किशनपुर मौलागढ़ आदि गांव में बदमाशों का आतंक बना हुआ है दिन ढलते ही इन गांवों के संपर्क मार्ग सूने हो जाते हैं और ग्रामीण घरों से निकलने में कतराते हैं उधर पुलिस का कहना है की इस मामले में ग्रामीणों से अफवाहों पर ज्यादा ध्यान न देने और अपने घरों पर सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

# रातों में आकाश में घूम रहे ड्रोन से डरे बच्चे, दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई।** रातों में आकाश में घूम रहे ड्रोन से छोटे बच्चे व परिवार डरा हुआ है। ब सोने को मजबूर हैं। रातों में आकाश में घूम रहे ड्रोन जो लाल कलर बत्ती सी जल रही है। जैसे कि एक एरोप्लेन में नीचे की तरह लाल लाइट जलती है इसी तरह ड्रोन आकाश में घूमता दिखाई दे रहा है। जिससे परिवार में छोटे बच्चे उसे देखकर डर रहे हैं रातों में सो नहीं पा रहे। वही परिवार के लोग लाठी डंडे लेकर गांव में घूम रहे हैं। ड्रोन की अफवाह यह तीन से चार दिन से गांव में अफवाह फैल रही है।

गांव में मंदबुद्धि अनजान व्यक्ति को गांव में घुसने भी ग्रामीण लोग नहीं दे रहे हैं इतना डर ड्रोन से परिवार के लोगों को हो गया है। बही ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा है कि इन ड्रोनो से चोरियां हो रही हैं। पटवाई क्षेत्र के बकेनिया मिश्रीनगर लालपुर सूपा मदारपुर मथुरापुर , हरदासपुर , सैकड़ो गांव में ड्रोन आकाश में घूमता दिखाई दिया। तो कहीं गांव के लोगों ने आकाश में घूम रहे ड्रोन का वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वही रामपुर एसपी विद्यासागर मिश्र का कहना है कि यह



अफवाह है इससे बच्चे परिवार ना डालें। पुलिस अधीक्षक साहब ने कहा है कि सभी थाना प्रभारी चौकी इंचार्ज डायल 112 पुलिस को निर्देश दे दिए गए हैं के गांव में भ्रमण करें। अगर किसी ग्रामीण को संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो पुलिस की सहायता लें। स्वयं कदम ना उठाएं। वहीं उन्होंने कहा है कि इससे ना घबराए इसको पकड़ने ब खोजबीन मै पुलिस जुटी हुई है।

# टांडा मार्केट के मामले में प्रशासन दिखाए सहानुभूति : डॉ. आजम

शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा/रामपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता और यूथ आइकॉन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आजम ने टांडा की मार्केट को बचाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। रविवार को ग्राम परशुपुरा में लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे डॉक्टर आजम ने ग्रामीणों की बात सुनी और उनके दुख-दर्द को प्रशासन तक पहुंचाने का वादा किया।

परशुपुरा में आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपनी परेशानियां उन्हें गिनाईं। जलभराव, टूटी सड़कें, बिजली कटौती आदि समस्याओं से अवगत कराया।डॉक्टर आजम ने हर शिकायत को गौर से सुना और भरोसा



दिलाया कि आपकी हर बात प्रशासन तक पहुंचेगी, और समाधान के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

टांडा मार्केट को लेकर डॉक्टरआजम ने कहा कि यह मार्केट सिर्फ दुकानों का ठिकाना नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की रोजी-रोटी का सहारा है। अतिक्रमण के नाम पर दुकानें तोड़ना ठीक नहीं। इससे व्यापार ठप होगा, लोग बेरोजगार होंगे।उन्होंने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि दुक. ानदारों के साथ हमदर्दी का रवैया इख्तियार करते हुए उनकी रोजी-रोटी बचाने के लिए मुनासिब कदम उठाया जाए। डॉक्टर आजम ने वादा किया कि वे जल्द ही जिले के दूसरे गाँवों में भी जाएंगे और लोगों की समस्याओं को सुनकर प्रशासन तक उनकी आवाज पहुंचाएंगे। इस अवसर पर मतलूब सैफी, विकास सिंह, मोहसिन कैफ, अब्दुल बक्र, मोहम्मद नावेद आदि मौजूद रहे।

# गांव-गांव घूम कर सांसद ने सुनीं जनसमस्याएं

■ संगठित रहे और बच्चों को शिक्षित जरूर करें: नदवी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने सैदनगर क्षेत्र के गांवो का भ्रमण कर लोगों की जनसमस्याएं सुनी और लोगों का आहवान करते हुए कहा कि अपने हकों के लिए संगठित रहे और अपने बच्चों की शिक्षा पर जोर दे।

सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने सैदनगर क्षेत्र के लालपुर, रूद्रपुर आदि गांवो का भ्रमण किया और लोगों की समस्याएं सुनी।

गांव रूद्रपुर में आसिफ अली और लालपुर में मौलाना यामीन अंसारी के आवास पर बैठक हुई और जनसमस्याए सुनी और लोगों ने गांव में सीसी रोड, खड़ंजा बनवाने और सोलर लाइट लगवाने की मांग की।

सांसद ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली



प्राथमिकता है। क्षेत्र में अच्छे स्कूल हो, अस्पताल हो और सड़के हो, उसके लिए हमेशा प्रयास करते रहते हैं। लेकिन भाजपा लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। गरीब बच्चों को रोजगार नहीं दे रही है। जिस कारण क्षेत्र का विकास पिछड़ रहा है। सांसद के भ्रमण के दौरान रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन, नसीम मियां, मौलाना यामीन अंसारी, आसिफ अली, अरशद पाशा एडवोकेट, मास्टर अख्तर अली, नासिर अली, हाफिज नूरी, महबूब अली, डॉ. मकतूब अली, उसमान पाशा, अब्दुल्ला तुर्की, जमील अहमद, जुबैर अली, इंतखाब खां आदि लोग साथ रहे।

# अनाला निर्माण मानक के अनुरूप न होने पर ग्रामीणों में नाराजगी, डीएम से की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के बिजारखाता में अतिक्रमण ध्वस्त करने के बाद सड़क के किनारे बनाए जा रहे नाले का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है नाम मात्र को ही नाला बनाया जा रहा है और उसमें भी मानक के अनुरूप सम गिरी का प्रयोग नहीं किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

बिजारखाता में स्वार बाजपुर मार्ग पर एक सप्ताह पूर्व अतिक्रमण ध्वस्त किया गया था। इसके बाद मार के दोनों और नाली बनाए जाने का प्रावधान है लेकिन नाले का निर्माण संकरा तरीके से किया जा रहा है। जिससे बरसात के मौसम में पानी की जल निकासी समुचित रूप से नहीं हो पाएगी और गांव में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। जिससे ग्रामीणों के मकान और दुकानों के लिए जल भराव खतरा बन जाएगा। लोक निर्माण विभाग नाले का निर्माण औपचारिक तरीके से कर रहा है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नाले का निर्माण भी मनमाने ढंग और विलंब पूर्वक किया जा रहा है जिससे आसपास के दुकानदारों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। दुकानदारों का कहना है कि आईसीसी का नाला कमजोर बनाया जा रहा है जिससे बरसात में पानी झेलने की क्षमता नहीं होगी और बरसात का जल भराव इधर-उधर बाहर हो जाएगा।

ग्रामीण राजू कुमार चमन मौर्य नरेश कुमार मुकेश कुमार पप्पू दिवाकर मदन कुमार गुलशन सिंह रूप किशोर महिपाल गौरव चंद्र हरि सिह आदि ने जिलाधिकारी से नाले का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक कराई जाने की मांग की है।



# कुन्डेसरा में पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कुन्डेसरा में क्रिकेट मैच के पुराने विवाद के चलते शनिवार को एक युवक पर गाँव के ही कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम कुंडेसरा निवासी मोनू ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की रात करीब 8 बजे अपनी स्कूटी से घर जा रहा था। इसी दौरान गाँव के ही आरिफ पुत्र छुट्टन, उसके भाई अजीम उर्फ बबलू, छुट्टन पुत्र अल्लाह वक्श और शकीला पत्नी छुट्टन ने रास्ते में उसका रास्ता रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, आरिफ के साथ उसका क्रिकेट मैच को लेकर पुराना विवाद था, जिसके चलते आरोपियों ने पहले से घात लगाकर हमले की योजना बनाई थी।

पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने गाली-गलौच शुरू की और फिर लाठी, डंडों व खतरनाक पाठल से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। आरिफ के हाथ में पाठल थी, जिसके वार से वह बाल-बाल बचा, लेकिन उसे गंभीर चोटें आईं।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पीड़ित को आरो. पियों के चंगुल से बचाया। हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

घटना की सूचना तुरंत 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित को उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस के जरिए स्थानीय सरकारी अस्पताल लाया गया। पीड़ित ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि हमलावरों ने जानबूझकर उसकी जान लेने की कोशिश की।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरिफ, अजीम उर्फ बबलू, छुट्टन और शकीला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्थानीय थाना प्रभारी ने कहा, हमने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संकल्प शाखा की तीज क्वीन बनीं करिश्मा चांदीवाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** संकल्प शाखा के अध्यक्ष सी.ए. सजल अग्रवाल ने बताया शाखा, ने तीज के उपलक्ष्य मे झूला महोत्सव का आयोजन किया जिसका शुभारंभ माँ भारती के समक्ष दीप प्रजवल्लन और मलायर्पण करके किया गया।

कार्यक्रम मे झूला मुख्य आकर्षण का केंद्र था जिसपर सभी सदस्यों ने झूलकर आनंद लिया और झूला महोत्सव मनाया। तत्पश्चात बच्चों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग मुस्कान और उनकी टीम ने दी। कार्यक्रम में शाखा द्वारा कराई जाने वाली शिव तांडव स्त्रोत और राधा कृपा कटाक्ष के



इश्लोक की प्रतियोगिता के बारे मे भी बताया गया। वही कविता गायन प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाले 18 बच्चों और 5 सदस्यो को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रति सक्सेना और संजना खनेजा ने किया। शाखा की महिला सदस्यो ने मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे तीज क्वीन का चयन एक गेम के माध्यम से किया गया जिसकी रनर अप शुभांगी अग्रवाल और तीज क्वीन करिश्मा चाँदीवाला रही। तीज क्वीन को तीज बेंड और क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे सी.ए. काव्या अग्रवाल, सी.ए. अंकुर मदान, वत्सल अग्रवाल, सी.ए. शलभ अग्रवाल, पूनम पाण्डेय, कृति अग्रवाल, हेमा मदान, नेहा मित्तल, रूपल अग्रवाल, कन्नगी गुप्ता, स्वाति अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल, अंकिता बंसल आदि लोग मौजूद रहे।

# हत्यारी नदी का होगा पुनरुद्धार, डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने कराया सीमांकन

■ सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

■ नदी क्षेत्र के पुनरुद्धार से करीब 200 किसानों को मिलेगा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** तहसील बिलासपुर के ग्राम मनिहार खेड़ा और डिबडिबा के किसानों को हत्यारी नदी के उफान की वजह से उनकी फसलों में अनावश्यक जल भराव की समस्या से निजात मिलेगा। जिलाधिकारी को तहसील बिलासपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मनिहार खेड़ा क्षेत्र में हत्यारी नदी होने के बारे में जानकारी मिली थी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ स्थलीय निरीक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा किसानों की इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए एसडीएम बिलासपुर सहित पूरी राजस्व टीम को समाधान के लिए निर्देशित किया गया था।

नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण और एनएचएआई द्वारा बनाए गए वाटरपास की वजह से बारिश के दौरान खेतों में अनावश्यक जल भराव की समस्या संज्ञान में आई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम बिलासपुर और बीडीओ बिलासपुर द्वारा राजस्व टीम और ग्राम पंचायत की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के अनुसार हत्यारी नदी का सीमांकन कराया।

एसडीएम ने बताया कि नदी क्षेत्र का पुनरुद्धार कराया जायेगा ताकि भारी बारिश में खेतों से पानी नदी के माध्यम से प्रवाहित हो सके और किसानों की फसलें सुरक्षित रह सकें।

उन्होंने बताया कि करीब 200 किसानों की 400 एकड़ भूमि इस समस्या से प्रभावित हो रहा है और जिलाधिकारी के निर्देश पर नदी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद इस समस्या का समाधान हो सकेगा।

# सावन के दूसरे सोमवार को आज होगा शिव का जलाभिषेक

## पुलिस प्रशासन की रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भगवान शिव की भक्ति को समर्पित पवित्र सावन माह में आज दूसरे सोमवार को कांवड़िए और स्थानीय भक्त भगवान शिव को जलाभिषेक करके अपनी मनोकामनाएं मांगेंगे। मंदिरों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। रविवार को डाक कांवड़ो की भी काफी संख्या देखने को मिली।

बता दें कि गजरौला क्षेत्र में चाकीखेड़ा स्थित भगवान शिव के प्राचीन चाकेश्वर मंदिर है। यहां पर सबसे ज्यादा भक्त पूजा अर्चना के लिये पहुंचते हैं। वहीं 23 जुलाई को सावन माह की शिव. रात्रि है, इस अवसर पर भी भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिलेगी। वहीं रविवार को पैदल चलने वाले कांवड़ियों सहित डाक

**आस्था**

**कांवड़िए और स्थानीय लोग करेंगे भगवान शिव की पूजा**

कांवड़े भी काफी संख्या में नगर से होकर गुजरीं। धनौरा बिजनौर मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या अधिक होने के कारण बुधवार की शाम से ही जीरो ट्रैफिक चल रहा है। वहीं हाईवे पर शुक्रवार से भारी वाहनों का डायवर्जन करने के बाद शनिवार से एक लेन पर कांवड़िए और दूसरी लेन पर छोटे वाहन चलाए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने सावन के दूसरे सोमवार पर होने वाले जलाभिषेक के द्रष्टिगत मंदिरों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। शहर के साथ साथ देहात के मंदिरों पर भी बीट आरक्षी भ्रमण करेंगे। सभी हल्का प्रभारियों व बीट आरक्षियों को इस बाबत दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। चाकेश्वर मंदिर के महंत लवकुश गिरि ने बताया कि सावन माह को भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिये विशेष माह माना जाता है। चाक. ेश्वर मंदिर पर सोमवार को तड़के से ही भगवान शिव का जलाभिषेक प्रारंभ हो जाएगा।



गजरौला। भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए हरिद्वार से जल भरकर लाते कांवड़िये।

## पुष्प वर्षा से किया कांवड़ियों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता, नौगावां सादात।** रविवार को नौगांवां सादात विधानसभा के भाजपा मंडलाध्यक्ष अमित शर्मा ने हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया और उनको फल, फ्रूटी आदि भेंट कर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजित हो उठा। उन्होंने बताया कि वे हर वर्ष कांवड़ियों की सेवा के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। इस मौके पर मंडलाध्यक्ष के साथ-साथ पूर्व मंडलाध्यक्ष सुभाष त्यागी, मंडल महामंत्री अजब सिंह चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर, मंडल उपाध्यक्ष परम सिंह सैनी, योगेंद्र त्यागी, वीर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पालकी में दादी, कंधों पर धर्म और दिल में भोलेनाथ!

## जब आस्था ने रिश्तों का थामा हाथ, 235 किलोमीटर की सेवा-भक्ति की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को यूं तो भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति का पर्व माना जाता है, लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश के हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र से जो दृश्य सामने आया, उसने इस यात्रा को मानवीय रिश्तों और सेवा भाव की नई ऊंचाई दे दी। गढ़मुक्तेश्वर के गांव आलमनगर के रहने वाले सात शिवभक्तख्रसोनू, अनुराग, अजय, अमित, रविन्द्र, अर्जुन और उनका भांजा अंशख्रने इस बार अपनी कांवड़ यात्रा को विशेष बना दिया। उन्होंने अपनी 93 वर्षीय दादी 'गौ मां' को कांवड़ यात्रा में पालकी में बैठाकर



शामिल किया, और इस नजारे ने हर देखने वाले का दिल छू लिया।

इन श्रद्धालुओं ने 14 जुलाई को हरिद्वार से गंगाजल उठाया। सबसे पहले वे अपनी वृद्ध दादी को हर की पौड़ी ले गए, जहां उन्हें गंगा स्नान कराया गया और प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए गए। इसके बाद पोते और भांजे ने मिलकर एक पालकी तैयार की, जिसके एक ओर पवित्र गंगाजल रखा गया और दूसरी ओर दादी गौ मां को बैठाया गया। इस अनूठे संतुलन के साथ वे अपनी 235 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा पर निकले। इस दृश्य ने जहां भी ये शिवभक्त पहुंचे, वहीं लोगों की आंखें नम हो गईं और श्रद्धा से सर झुक गया। 93 वर्ष की आयु में तीर्थ यात्रा का सौभाग्य पाने वाली गौ मां ने भावुक होकर कहा, "मेरे पोतों ने जो किया, वह आज के समय में कोई सोच भी नहीं सकता। इस उम्र में उन्होंने मुझे गंगा स्नान कराया, तीर्थ दर्शन कराए और अब कांवड़ यात्रा में मुझे अपने कंधों पर लेकर चल रहे हैं। भगवान सभी को ऐसे पोते दे।" गौ मां के ये शब्द न केवल पोतों के लिए आशीर्वाद थे, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी बन गए।

# अमरोहा में भी देखे गए ड्रोन, दहशत

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोगों में दहशत का केंद्र बना ड्रोन शनिवार रात भी देखे जाने का दावा किया गया है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर, सदरपुर, धनौरी, रझौहा व शकरपुर के ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने आसमान में ड्रोन उड़ता देखा है। लोग रात को पहरा दे रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही अब ड्रोन की दहशत नगर क्षेत्र में भी है। शनिवार रात को मुहल्ला कोट के लोगों ने ड्रोन देखने का दावा किया है। लगभग 12 बजे यह ड्रोन लगभग तीन मिनट आसमान में उड़ता दिखाई दिया। उसके बाद ऊंचाई पर चले जाने के कारण लापता हो गया था। वहीं पुलिस भी लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। लोगों को समझा कर अफहावों पर ध्यान न देने की अपील की जा रही है।

# त्रिशूल-डमरू से दमक उठे विद्युत पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कांवड़ियों के लिये पर्याप्त सुविधाओं आदि के लिये नगर पालिका के ईओ ललित कुमार आर्य ने शहर में भ्रमण करके कर्मचारियों को शौचालयों की स्वच्छता, जल व प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए, वहीं नगर में त्रिशुल व डमरू लगाकर विद्युत पोलों को सजाया गया। डीएम के निर्देशों का अनुपालन में ईओ ने नगर में स्थित सार्वजनिक शौचालयों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड़ियों की बढ़ते आगमन और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शौचालयों की स्वच्छता, जल व्यवस्था और प्रकाश की उपलब्धता हर हाल में दुरुस्त होनी चाहिए। ईओ ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का पर्व है, इसमें कोई भी श्रद्धालु असुविधा का शिकार न हो। ईओ ने

**प्रयास**

**कांवड़ यात्रा को लेकर ईओ ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**



कहा कि नगर को शिवमय रूप से सजाने के लिये एलईडी युक्त त्रिशुल व डमरू लगाए गए हैं। इस अवसर पर लिपिक ललित कुमार, मैट महेश, कर्मचारी बीरपाल, निशांत, महेश, पीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.शरद कुमार ने अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल संचालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

जानकारी के अनुसार नोडल अधिकारी डॉ.शरद कुमार ने टीम सहित गजरौला हाइवे पर कांकाठेर के पास स्थित श्री हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान एक महिला व दो पुरूष उपचाराधीन थे। इन मरीजों का उपचार सर्जरी/एलोपैथी पद्धति से किया जा रहा था परन्तु मौके पर कोई भी अधिकृत सर्जन व एलोपैथिक उपस्थित नहीं था। अस्पताल में नौ बेड और ओटी आदि संचालित था। यहां पर मिले संचालक देवेन्द्र पुत्र चन्दर सिंह से जब उसके अभिलेख मांगे गए मगर संचालक ने कोई मानक अनुरूप अभिलेख नहीं प्रस्तुत किए। जिसके बाद नोडल अधिकारी ने अस्पताल पर सीज की कार्रवाई की, 19 जुलाई को संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिये तहरीर दी। पुलिस ने देवेन्द्र के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कॉलोनी के सुरक्षा गार्ड के पैर में खुद से लगी गोली

**घटना**

**पुलिस ने गार्ड से की पूछताछ, सीएचसी से हॉयर सेंटर रेफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक आवासीय कॉलोनी में निजी सिक्योरिटी गार्ड के पैर में खुद से गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। कॉलोनी के लोगों ने गार्ड को उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने यहां पहुंचकर गार्ड से पूछताछ की। वहीं घायल गार्ड को बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र चौपला चौकी क्षेत्र में आशियाना कॉलोनी का है। जहां रविवार सुबह 03:50 बजे यहां कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड नरेंद्र पुत्र रामपाल निवासी जानसठ जिला मुजफ्फरनगर कॉलोनी परिसर में राउंड पर था, उसी समय उसके पैर में गोली लग गई। आनन फानन में उसे कॉलोनी के लोग सीएचसी ले गए। जहां गार्ड ने बताया कि उसके तमंचे से ही उसे खुद की गोली लगी है। स्थानीय चिकित्सक ने उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं सीओ अंजली कटारिया ने बताया कि निजी सुरक्षा गार्ड के गोली लगने की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जांच में सामने आया कि गार्ड सुरक्षा के मद्देनजर अपने पास एक तमंचा रखता था। उसी तमंचे से उसकी गलती से उसे गोली लग गई, फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। उपचार के बाद गार्ड के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**एक नजर**

## परवेज ने किया स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** पूर्व एमएलसी परवेज अली ने नगर के मौ0 सराय कोहना में समीर फाउण्डेशन के तत्वाधान में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। पूर्व एमएलसी ने फाउण्डेशन के पदाधिकारियों द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। कहा कि लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई परोपकार नहीं है। हमें हमेशा गरीब, कमजोरों व जरूरतमंदो की सेवा के लिये तैयार रहना चाहिए। इस मौके पर डॉ.समीर अहमद, डॉ.इरशाद अहमद, डॉ.मेहरबान अली, डॉ. मौ. शाकिर, डॉ.जाबिर हुसैन, जुनैद आलम आदि मौजूद रहे।

## प्रधान ने ग्राम पंचायत की जमीन पर कर दी प्लाटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ग्रामीणों ने प्रधान व 2 अन्य माफियाओं पर ग्राम पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग किये जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। रविवार को ब्लाक जोया की ग्राम पंचायत डिडोली के ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को पत्र देकर कहा है कि गांव की ग्राम पंचायत की भूमि पर ग्राम प्रधान व उसके तो अन्य माफिया साथियों ने कब्जा कर उस पर प्लाटिंग करनी शुरू कर दी है। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जांच करा कर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र पर चंद्रशेखर सोनू बृजपाल सिंह रतन सिंह परम सिंह रणजीत सिंह मनोज कुमार कमल सिंह पप्पू सिंह हरकेश आदि के हस्ताक्षर से थे

# मन्दिर के दानपात्र से चोरी करने वाला पकड़ा

## तीन सौ कैमरों की जांच से आया पकड़ में

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मंदिर में देव प्रतिमाओं के आगे हाथ जोड़कर दानपात्र चोरी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से दो हजार रुपये के अलावा घटना में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद हुआ है। नशा का शौक पूरा करने के लिए उसने दोस्त के साथ मिलकर मंदिर से दानपात्र चोरी किया था। आरोपी युवक की पहचान के लिए पुलिस को लगभग 300 कैमरों की फुटेज खंगालनी पड़ी। आरोपी का एक साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।



जानकारी के मुताबिक अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में अतरासी मार्ग पर गांव इमली वाली मढैय्या में श्रीहनुमान मंदिर स्थित है। रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। बीती 16 जुलाई की दोपहर मंदिर में पहुंचे युवक ने पहले हाथ जोड़कर पूजा की थी। इसके बाद मौका मिलते ही वह मंदिर परिसर में रखा दान पात्र चोरी कर बाहर पहले से मौजूद अपने साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया था। ये पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस तभी से आरोपी युवकों की पहचान का प्रयास कर रही थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि चोरी का खुलासा करने में लगभग 300 कैमरों की फुटेज खंगाली गई। आरोपी का चेहरे का मिलान करते हुए संदिग्ध बाइक को भी ट्रेस किया गया। इसके बाद रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी मनोज की गिरफ्तारी की गई। पूछताछ के दौरान मनोज ने मंदिर से दानपात्र चोरी करने की घटना स्वीकार कर ली। फरार साथी मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी सतेंद्र है। उसकी तलाश की जा रही है। रविवार को आरोपी मनोज को अदालत में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।उसके कब्जे से दो हजार रुपये व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पूछताछ में सामने आया है कि मनोज व सतेंद्र को नशा करने की लत है, अपना इसी शौक को पूरा करने के लिए दोनों चोरी की घटनाएं अंजाम दे रहे थे।

# बाइक की टक्कर से शिवभक्त घायल

## हालत गंभीर होने पर हायर सैंटर रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गजरौला मार्ग पर रविवार की शाम उस समय अफरा तफरी मच गई जब बृजघाट से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे शिवभक्त के बाइक सवार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। घायल शिव भक्त को उपचार के लिए नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जनपद संभल के गांव सैदपुर मूंगा निवासी प्रीत पुत्र नरदेव सिंह अपने साथियों के साथ गंगा धाम बृजघाट से जल लेकर अपनी मंजिल की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव दीपपुर गेट के निकट पहुंचा तो एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे शिव भक्त प्रीत गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शिव भक्त को निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां शिव भक्त की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वही बाइक सवार जुनेद पुत्र खालिद निवासी गांव सिहाली जागीर घायल हो गया। जिसकी हालत गंभीर होने पर उसे भी रेफर कर दिया गया। क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह ने बताया कि बाइक की टक्कर से एक शिव भक्त घायल हो गया है। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है

# विवाहिता की तहरीर पर चार पर मुकदमा

## कोर्ट मैरिज के बाद पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** युवक ने युवती को बहला फुसला कर उसके साथ कोर्ट मैरिज कर ली। उसके बाद उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव ढक्का के मोहल्ला कुरैशीयान निवासी जीनत पुत्री साबिर को जनपद सम्भल के गांव सिसोना थाना एचोड़ा कम्बोह निवासी रईस पुत्र जहीर उसे घर से बहला फुसलाकर उसे घर ले गया तथा उसके साथ कोर्ट मैरिज की थी। 10 माह बाद उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने जब मुकदमा दर्ज कराया तो ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके आ गये तथा उसके साथ गाली गलोच करते हुए हाथ में चाकू मार कर उसे घायल कर दिया था। पुलिस ने जीनत की तहरीर पर पति रईस पुत्र साबिर, सद्दाम पुत्र भूरा, अकील प्रधान पुत्र खलील प्रधान, मोहसिन पुत्र तहजीब के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाकियू ने किया स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

## हाईटेंशन की तार ऊंचे करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन असली ने स्मार्ट मीटर लगाये जाने पर सवाल खड़े करते हुए नीचे लटके हाईटेंशन लाइन के तारों को ऊपर करके लगाये जाने की मांग की है।

रविवार को मंडी समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि घरेलू कनेक्शन पर जो स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं उनको लगाये जाने से रोका जाये। उपभोक्ताओं को इससे काफी नुकसान हो रहा है। भाकियू इसे किसी भी कीमत बर्दाश्त नहीं करेगी। क्षेत्र में जहां-जहां हाई टेंशन लाइन के तार जमीन से 7 फीट की ऊंचाई पर है। उनको ठीक किया जाये। उन्होंने कहा कि गांव ईशापुर में किसानों की जान नीचे तार होने के कारण जोखिम में है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में में जो अशांति फैली हुई है कि ड्रोन कैमरे आसमान में घूम रहे हैं। और चोर



इसका संचालन कर रहे हैं यह हकीकत है या अफवाह है। इस पर प्रशासन गंभीरता से ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बैंकों में काफी समय से अधिकारी एंट्री नहीं कर रहे हैं। किसानों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों में एंट्री व्यवस्था तुरंत चालू कराई जाये। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं उनका जल्द समाधान किया जाये। इस अवसर पर चौधरी समरपाल सिंह, शराफत अली, परम सिंह, अलीमुद्दीन, मुस्तकीम सैफी, गुलशेर, रणवीर सिंह, अबरार अली, नरेश, भूकन, कुलदीप आदि मौजूद थे।

# गिल के निशाने पर 19 साल पुराना रिकॉर्ड



● **मैनचेस्टर में मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे भारतीय टेस्ट कप्तान**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू होने वाले मैनचेस्ट टेस्ट के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। एक तरफ भारतीय टीम की नजरें सीरीज में बराबरी हासिल करने पर टिकी होंगी, वहीं गिल के पास 19 साल पुराना एशियाई रिकॉर्ड तोड़ने का मौका रहेगा।


गिल के पास इंग्लैंड में एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने का मौका है। गिल फिलहाल शानदार फार्म में चल रहे हैं और उनके पास यह रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है। फिलहाल इंग्लैंड की धरती पर एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज का रिकॉर्ड मोहम्मद यूसुफ के नाम है जिन्होंने 2006 में पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे पर चार मैचों में 90.14 के औसत से 631 रन बनाए थे। गिल इस मामले में यूसुफ को पीछे छोड़ने से 25 रन दूर हैं। गिल ने मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर गिल ने तीन मैचों में 101.16 के औसत से 607 रन बनाए हैं जिसमें बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 269 रन का स्कोर शामिल है।

गिल ने पहले दो मैचों में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन लाड्र्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में उनका बल्ला खामोश रहा और वह 16 तथा 6 रन की पारी ही खेल सके थे। भारत को लाड्र्स टेस्ट में 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा था और टीम फिलहाल पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ गई है। भारतीय टीम अब आठ दिनों के अंतराल के बाद बुधवार से इंग्लैंड का सामना करने उतरेगी।

# चौथे टेस्ट से पहले अंशुल टीम में

● **इंडिया-ए में खेल चुके अंशुल कंबोज पेसर आकाश दीप और अर्शदीप के चोटिल होने के बाद हुआ बदलाव**

**ओल्ड ट्रैफर्ड, वार्ता।** दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। भारत सीरीज में 1-2 से पीछे है। आकाश दीप कमर में दर्द से जूझ रहे हैं। वे इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में खेले थे, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने अभी तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है। टेस्ट सीरीज से पहले खेले गए इंग्लैंड लायंस और इंडिया-ए सीरीज में कंबोज शामिल थे। आकाश दीप की उपलब्धता पर अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं है, जबकि अर्शदीप के मैनचेस्टर टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध होने की संभावना कम है। इसलिए सिलेक्टर्स ने कंबोज को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। अर्शदीप सिंह गुरुवार को चौथे टेस्ट के लिए प्रैक्टिस कर रहे थे। बालिंग के दौरान वे गेंद रोकने की कोशिश में खुद को इंजर्ड कर बैठे। टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच टेन डोश्चेट ने बताया था कि



बालिंग के दौरान अर्शदीप के हाथ में कट लग गया। ये कट कितना गहरा है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। अगर उन्हें हाथ में टांके लगाने की जरूरत पड़ी तो उनका प्रैक्टि प्रैक्टिस सेशन में यशस्वी जायसवाल को गेंदबाजी करने जाते अर्शदीप( हाथ में बाल)। अर्शदीप इसी दौरान चोटिल हुए थे।

# लाड्र्स में इंग्लैंड विमेंस ने भारत को हराया, सीरीज 1-1 से बराबरी पर

● **चेस्टर-ले-स्ट्रीट में होगा सीरीज का निर्णायक मुकाबला**

**लाड्र्स, वार्ता।** लाड्र्स में खेले गए दूसरे वनडे में इंग्लैंड विमेंस टीम ने भारत को 8 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली।

बारिश की वजह से मैच देर से शुरू हुआ और दोनों टीमों के लिए ओवर घटाकर 29-29 कर दिए गए। भारत ने निर्धारित 29 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 143 रन बनाए। वहीं, बारिश की वजह से इंग्लैंड को 24 ओवर में 115 रन का टारगेट दिया गया। इंग्लैंड ने 21 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना कर टारगेट को हासिल कर लिया। भारत और इंग्लैंड विमेंस के बीच लाड्र्स में खेले गए दूसरे वनडे मैच बारिश की वजह से बाधित रहा। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी भारत की खराब शुरुआत टास हारकर बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। भारत का पहला विकेट 6 रन पर ही आउट हो गई। दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर एम अर्लाट ने प्रतीका रावल को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। रावल ने 10 गेंदों का सामना कर 3 रन बनाए।

उसके बाद स्मृति मंधाना और हरलीन देओल ने भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी हुई। इस पार्टनरशिप को 10वें ओवर में सोफी एकलेस्टोन ने तोड़ा। उन्होंने 46 के स्कोर पर देओल को अपनी ही गेंद पर कैच पकड़कर आउट किया। देओल ने 24 गेंदों का सामना कर 16 रन बनाए। इसके बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। हालांकि मंधाना एक छोर पर डटी रही लेकिन दूसरे छोर से एक्लेस्टोन ने हरलीन के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत (7) को भी चलता किया।


जेमिमा रोड्रिग्स (3) और रिचा घोष (2) भी जल्दी पवेलियन लौट गयी। जिससे भारतीय टीम का स्कोर एक विकेट पर 46 रन से पांच विकेट पर 72 रन हो गया। मंधाना ने 51 गेंदों पर 42 रन बनाए। उसके बाद दीप्ति शर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने इस दौरान अरुंधति रेढी (14) के साथ सातवें विकेट के लिए 26 रन की साझेदारी की। दीप्ति ने 34 गेंदों पर नाबाद 30 रन की पारी खेल भारत का स्कोर 29 ओवर के बाद 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन तक पहुंचाया। शुरुआत में इंग्लैंड को 29 ओवर में 144 रन का लक्ष्य प्राप्त करना था।

# प्रिया मलिक ने फ्रीस्टाइल में जीता रजत पदक

● **फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया को ब्राजील की खिलाड़ी के खिलाफ 4-3 से मिली हार**

**बुडापेस्ट, वार्ता।** दो बार की वर्ल्ड कैडेट्स चैंपियन प्रिया मलिक ने पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2025 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 76 किग्रा फीस्टाइल कैटेगरी में रजत पदक जीता। हंगरी के बुडापेस्ट में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की प्रिया मलिक को ब्राजील की थामिरेस मार्टिन्स माचाडो के खिलाफ 4-3 के बेहद करीबी अंतर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय पहलवान ने टूर्नामेंट की शुरुआत क्वार्टरफाइनल में रियो 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कजाकिस्तान की एलमिरा सिजदिकोवा को 7-2 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में वैलेरिया ट्रिफोनोवा पर 11-1 की जबरदस्त जीत दर्ज की। हमवतन मनीषा ने 62 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। जहां कांस्य पदक मुकाबले में मनीषा ने क्रिस्टिना को 9-0 से पटखनी देकर जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में




मनीषा को अमीना टंडेलोवा से 11-0 से हार का सामना करना पड़ा था,

लेकिन उन्होंने रेपचेज राउंड के जरिए वापसी करते हुए फ्रांस की ओलंपियन अमेलिन डोआरे को 8-2 से हराया। वहीं, नॉर्डिक सिस्टम के तहत 55 किग्रा वर्ग में खेल रहीं पुष्पा को अमेरिका की क्रिस्टेल नोएल रोड्रिगेज और कनाडा की वर्ल्ड चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता कार्ला गोडिनेज से हार का सामना करना पड़ा। ग्रीको-रोमन कुश्ती में करण कांबोज (87 किग्रा) क्वालिफिकेशन से, अंकित गुलिया (72 किग्रा) प्रीक्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। जीते गए पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है।

जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत पाक मैच रद्द

**बर्मिंघम, वार्ता।** शिखर धवन सहित भारतीय खिलाड़ियों के बहिष्कार के कारण बर्मिंघम में रविवार को डब्ल्यूसीएल में भारत और पाक के बीच खेला जाने वाला वेटरन्स क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया है। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने बयान का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया जिसमें लिखा कि यह औपचारिक रूप से दोहराया जाता है कि श्री शिखर धवन आगामी डब्ल्यूसीएल में पाक टीम के खिलाफ किसी भी मैच में भाग नहीं लेंगे। यह चर्चा 11 मई 2025 को कॉल और व्हाट्सएप पर हमारी बातचीत के दौरान पहले ही हो चुकी थी। हमारी वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-पाक के बीच मौजूदा तनाव को देखते हुए, श्री धवन और उनकी टीम ने उचित विचार -विमर्श के बाद यह निर्णय लिया है।

### हांगकांग को हराकर भारत ग्रुप डी में शीर्ष स्थान पर पहुंचा

**इंडोनेशिया, वार्ता।** भारत ने रविवार को इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियन शिप के ग्रुप चरण में अपनी लगातार जीत के क्रम को जारी रखते हुए ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में हांगकांग को 110-100 से हराकर ग्रुप तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और हांगकांग चीन रविवार को आमने-सामने होने से पहले ही नॉक-आउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके थे, लेकिन जीत की लय बनाए रखना जरूरी था। आज यहां खेले गए मुकाबलों में रुजुला रामू ने एक बार फिर भारत को आईपी सुम याउ को 11-8 से हराकर विजयी शुरुआत दिलाई और भार्गव व विश्व तेज गोब्बुरू की विश्व की छठे नंबर की जूनियर बालक युगल जोड़ी ने चेउंग साई शिंग और दंग ची फाई के खिलाफ बढ़त को 22-13 तक पहुंचाया।




# जिम्बाब्वे ने रग्बी विश्वकप 2027 के लिए क्वालीफाई किया

**कंपाला, वार्ता।** जिम्बाब्वे की राष्ट्रीय 15एस रग्बी टीम, सैबल्स ने रग्बी अफ्रीका कप के रोमांचक फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी नामीबिया को 30-28 से हराकर रग्बी विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कंपाला के मंडेला नेशनल स्टेडियम में कप्तान हिल्टन मुदारिकी की अगुवाई वाली जिम्बाब्वे ने शानदार प्रदर्शन कर जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। कड़ी टक्कर वाले पहले हाफ 16-16 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन सैबल्स ने ब्रेक के बाद मजबूत वापसी की। गॉडफ्रे मुजानाग्वों और ब्रेंडन मुडजेकेन्येद्जी के प्रयासों और इयान प्रायर के त्रुटिहीन रूपांतरणों की बदौलत जिम्बाब्वे ने 30-16 की बढ़त बना ली। नामीबिया ने दो प्रयासों और एक रूपांतरण के साथ देर से वापसी की और अंतर को केवल दो अंकों तक सीमित कर दिया।

# क्रिकेट दुनिया के 23 देशों तक फैला

● **टेस्ट खेलने वाले केवल 12 31 लीग में भारत का कनेक्शन, भारत के बाद अमेरिका में सबसे ज्यादा लीग**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फ्रेंचाइजी क्रिकेट तेजी से बदल रहा है। यह दुनिया में कहीं भी खेला जा रहा हो, इसका भारत से कनेक्शन जरूर है। आईपीएल ने न सिर्फ सबसे सफल टूर्नामेंट के रूप में खुद को स्थापित किया है बल्कि अपनी सफलता से पूरी दुनिया की क्रिकेट अर्थव्यवस्था को नया रूप दिया है।

भारत के सक्रिय क्रिकेटर भले विदेशी लीग में खेलने से वंचित हैं, लेकिन भारतीय ब्रांड्स, कंपनियां, ब्राडकास्टर, पूर्व क्रिकेटर्स, अभिनेता बड़े पैमाने पर विदेशी लीग में किसी न किसी रूप में जुड़े हैं। किसी ने लीग में पैसा लगाया है, तो किसी ने टीमें खरीदी हैं। कोई ब्रांड एंबेसडर है तो कोई कमेंट्री कर रहा है। वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन के अनुसार, दुनियाभर में 48 क्रिकेट लीग होती हैं। इनमें से 31 में भारत का कनेक्शन है। कुछ लीग में आईपीएल फ्रेंचाइजी का मालिकाना हक है तो किसी लीग में भारत के पूर्व क्रिकेटर या फिर भारतीय मूल के क्रिकेटर खेल रहे हैं। एक चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका में क्रिकेट इतना लोकप्रिय नहीं है और शुरुआती स्तर पर है। लेकिन, वहां 11 क्रिकेट लीग खेली जाती हैं। इससे ज्यादा लीग सिर्फ भारत (21) में होती हैं। दुनिया की इन 31 लीग में भारतीयों की किसी न किसी रूप में भूमिका 1. आईपीएल, 2. आईएलटी, 3. एसए20, 4. एमएलसी, 5. हंड्रेड, 6. इंटरनेशनल मास्टर्स लीग, 7. यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग, 8. बांग्लादेश लीग, 9. बिग बैश, 10. लंका प्रीमियर लीग, 11. वर्ल्ड चौम्पियनशिप आफ लीजेंड्स, 12. नेपाल लीग, 13. हान्गकान्ग क्रिकेट सिक्सेस, 14. मैक्स60 कैरेबियन, 15. ग्लोबल सुपर लीग, 16. कनाडा सुपर60 लीग, 17. अमेरिकन प्रीमियर लीग, 18. लंका टी10, 19. अबु धाबी टी10, 20. यूएसपीएल, 21. एनसीएल60, 22. जिमअफ्रो टी10, 23. माइनर लीग, 24. ह्यूस्टन प्रीमियर लीग, 25. आजी क्रिकेट लीग, 26. यूएसए मास्टर्स टी10, 27. लीजेंड्स लीग क्रिकेट मास्टर्स, 28. एशियन लीजेंड्स लीग, 29. लीग्ज 90 लीग, 30. लीजेंड्स लीग, 31. ओवर 60 इवेंट।

टेस्ट प्लेइंग 12, पर क्रिकेट 23 देशों तक दिलचस्प बात यह है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने दुनिया के सिर्फ 12 देशों को टेस्ट नेशन की मान्यता दी है। यानी ये देश ही टेस्ट खेलते हैं। पर, फ्रेंचाइजी क्रिकेट का विस्तार 23 देशों तक है। इनमें अमेरिका, स्पेन, कतर, मलेशिया, हान्गकान्ग, कनाडा, नेपाल, नीदरलैंड्स जैसे क्रिकेट के लिए कम चर्चित देश भी शामिल हैं। सचिन तेंदुलकर और गावस्कर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के को-फाउंडर हैं। अभिषेक बच्चन की यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में हिस्सेदारी है।

# खो-खो ने वैश्विक स्तर पर बढ़ाया कदम, सिंगापुर में किया पदार्पण

**सिंगापुर, वार्ता।** भारत के सबसे पुराने देसी खेलों में से एक, खो-खो को वैश्विक मंच पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, इस खेल ने आज सिंगापुर में अपना पदार्पण किया। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें सिंगापुर की राष्ट्रीय टीम ने पहली बार हिस्सा लिया और उसका मुकाबला मलेशिया की टीम से हुआ, जो भारत में आयोजित खो-खो वर्ल्ड कप 2025 के उद्घाटन संस्करण में भी भाग ले चुकी है। यह ऐतिहासिक आयोजन एशियन खो-खो फेडरेशन (एकेकेएफ) द्वारा, खो-खो एसोसिएशन ऑफ सिंगापुर (केकेएएस) के सहयोग से, जुरोंग वेस्ट सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिंगापुर में खो-खो को लोकप्रिय बनाना था, जिसमें प्रशिक्षण सत्र, थ्योरी प्रेजेंटेशन और प्रदर्शनी मैचों का समावेश था। इस अवसर पर इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन (आईकेकेएफ) और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहाकि आज खो-खो के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि यह सिंगापुर में अपना औपचारिक पदार्पण कर रहा है। एशियन खो-खो फेडरेशन की स्थापना इस क्षेत्र में खेल के प्रसार की शुरुआत है, जो अब केवल दक्षिण-पूर्व एशिया तक सीमित नहीं रहेगा।

# रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है: टिम

**जमैका, वार्ता।** कैरेबियाई मैदान पर अधिक टी-20 मैच खेलने का अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड का मानना है कि होबार्ट हरिकेंस के साथी मिच ओवेन की शैली वेस्टइंडीज में खेलने के लिए उपयुक्त है। आप अच्छी पिच पर निर्भर नहीं रह सकते है, कई बार रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है।

रविवार से शुरु हो रही टी-20 श्रृंखला से पहले डेविड ने कहाकि वह अपने करियर की शुरुआत में है, इसलिए मुझे यकीन है कि उसे दुनिया के इस हिस्से में खेलने का काफी अनुभव होगा। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे कैरिबियन में टी-20 क्रिकेट खेलने का थोड़ा अनुभव है और मिच का खेल यहां खेले जाने वाले क्रिकेट की इस शैली के लिए काफी उपयुक्त है। आप केवल अच्छी पिचों पर निर्भर नहीं रह सकते। कई बार रन बनाने के लिए आपको पावर की जरूरत होती है, और आपको खुद पर भरोसा करना होता है। डेविड ने 31 मैच खेले हैं, जिनमें से 24 कैरिबियाई प्रीमियर लीग में और सात पिछले साल के टी-20 विश्व कप के दौरान खेले थे। यह उन्हें मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम में कैरिबियाई परिस्थितियों में खेलने का सबसे अनुभवी खिलाड़ी बनाता है। ओवेन, मैट



● **आप केवल अच्छी पिचों पर निर्भर नहीं रह सकते, कई बार रन बनाने के लिए पावर की जरूरत होती है और आपको खुद पर भरोसा करना होता है**

कुहनेमन के साथ ऑस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय टीम में शामिल दो संभावित टी-20 डेब्यू खिलाड़ियों में से एक हैं, जो कि रविवार रात से जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रहे पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए टीम में शामिल हैं। हरिकेंस को दक्षिण अफ्रीका 20, पाकिस्तान सुपर लीग, इंडियन प्रीमियर लीग और अमेरिका में मेजर लीग में उनके प्रदर्शन के कारण ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम में जगह मिली है। 23 वर्षीय मिच, जिन्होंने क्रेग सिमंस के 39 गेंदों में सबसे तेज बीबीएल शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करके होबार्ट को अपना पहला बिग बैश खिताब दिलाया था, ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाई। उन्होंने कहाकि यह मिच के लिए रोमांचक है, यह ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनका पहला मौका है और उनकी पहली सीरीज खास होती है। मिच बेहद आत्मविश्वास से भरा क्रिकेट खेल रहा है, जिसकी बदौलत हमने बीबीएल खिताब जीता, लेकिन वह दुनिया भर में लगातार ऐसा करता रहा है। ओवेन ने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 313 रन बनाए और रिकी पोंलटग की वाशिंगटन फीडम के लिए 14 विकेट लिए। उन्होंने एमएलसी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता। उनकी टीम पिछले रविवार को डलास में हुए फाइनल में एमआई न्यूयॉर्क से हार गई थी। जमैका में ऑस्ट्रेलिया के टीम होटल में डेविड के साथ अनप्लेएबल पॉडकास्ट पर बात करते हुए ओवेन ने कहा कि बिग बैश के बाद से, सब कुछ बहुत तेजी से हुआ है।

# विराट कोहली-अनुष्का शर्मा को फिल्म महावतार नरसिम्हा दिखाने की जताई इच्छा



**मुंबई, वार्ता।** फिल्म निर्देशक अश्विन कुमार ने विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को अपनी आने वाली फिल्म महावतार नरसिम्हा दिखाने की इच्छा जतायी है।

फिल्म महावतार नरसिम्हा के निर्देशक अश्विन कुमार ने कहा है कि वह चाहते हैं विराट कोहली और अनुष्का शर्मा उनकी फिल्म महावतार नरसिम्हा जरूर देखें। उन्होंने दोनों को 'नए समय के प्रेरक' और आज के युवाओं के लिए मिसाल बताया है। अश्विनी कुमार ने कहा कि महावतार नरसिम्हा की टीम की तरफ से मैं सच में चाहूंगा कि विराट और अनुष्का भी यह फिल्म देखें, क्योंकि वे आज के समय के बड़े असरदार लोग हैं और अब भक्ति की राह से भी जुड़े हैं। उन्हें अब ईश्वरीय शक्ति की अहमियत का भी एहसास है, इसलिए वे आज के युवाओं के लिए एक बड़ी मिसाल बन सकते हैं।

अश्विनी कुमार ने कहा कि इस फिल्म का मकसद सिर्फ फिल्म बनाना नहीं है, बल्कि इसे ऐसा काम बनाना है जो युवाओं के दिल में भक्ति और समझ जगाए। उन्होंने यह भी बताया कि वह इसे पूज्य श्री प्रेमानंद महाराज जी को दिखाना चाहते हैं, जिनकी बातों से उन्हें इस फिल्म को बनाने का बड़ा हौसला मिला।उन्होंने कहा, यदि हम विराट-अनुष्का को यह फिल्म दिखा सकें और उन्हें बुला सकें, तो वह हमारे लिए बहुत बड़ी कृपा होगी। क्योंकि वह सच में युवाओं और दुनिया के लोगों की भलाई के बारे में सोचते हैं। उनकी बातें हमारे लिए अनमोल हैं।

जब वह समझेंगे कि हम उन्हीं की सीख को आगे बढ़ा रहे हैं, तो यकीन है वह खुश होंगे और हमारे इस काम से दुनिया को आशीर्वाद देंगे। महावतार नरसिम्हा 3डी और पांच भारतीय भाषाओं में 25 जुलाई को रिलीज़ होगी।

# अच्छी चर्चाओं की उम्मीद

सोमवार (आज) से संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। जैसीकि परंपरा हो चली है कि सत्र शुरू होने से पूर्व सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है। रविवार को भी बैठक बुलाई गई। जिसमें विभिन्न दलों के 54 सदस्यों ने भाग लिया। यह बैठक बुलाने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि संसद कार्यवाही सुचारू रूप से चले और जिन बातों पर मतभेद हो सकता है, उसको किसी हद तक पहले ही सुलझा लिया जाए। बैठक में विपक्षी दलों ने जिस तरह के तेवर दिखाए, उससे साफ है कि संसद में गर्मागर्म बहस देखने को मिल सकती है, क्योंकि लगभग सभी दलों के नेताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में देश को संबोधित करना चाहिए। इतना ही नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आरोप और बिहार में जिस तरह मतदाता सूची को लेकर काम हो रहा है, उस पर भी अपना वक्तव्य देना चाहिए। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा भी कि इस सत्र में हम पहलगाम पर बात करेंगे। वहीं सपा के रामगोपाल यादव का भी कहना था कि उन्होंने बैठक में पहलगाम आतंकी हमला और इसमें खुफिया विफलता, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ट्रम्प के सैन्य कार्रवाई रोकने वाले बयान, पांच जैट गिराए जाने वाले बयान आदि का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विदेश नीति की विफलता के कारण ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया के किसी देश ने हमारा साथ नहीं दिया। अन्नाद्रमुक व आप नेताओं ने भी इसी तरह की बातें कही। जहां तक बात सरकार की है, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने जहां सर्वदलीय बैठक को सकारात्मक बताया, वहीं कहा कि यह सभी को सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद सत्र का शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संचालन हो, क्योंकि यही सबसे महत्वपूर्ण है। रिजिजू ने कहा कि हम अलग-अलग दलों और विचारधाराओं से हो सकते हैं लेकिन संसद को सफलतापूर्वक चलाना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने विपक्षी दलों को विश्वास दिलाया कि सरकार सभी की बात को सुनेगी। उनका कहना था कि संसद चलाना जितनी सरकार की जिम्मेदारी है, उतना ही जिम्मेदार विपक्ष भी है। उन्होंने जो और एक अच्छी बात कही वह यह कि छोटे दलों का भी ध्यान रखा जाएगा, उनकी शिकायत रहती है कि उन्हें बेहद कम समय दिया जाता है। सरकार की कोशिश रहेगी कि उनको पर्याप्त समय मिले। उनका छोटे दलों से मतलब उन दलों से है जिनके पास एक-दो सदस्य हैं। वास्तव में ऐसा होता है तो यह एक अच्छी पहल होगी और किसी को शिकायत नहीं होगी, लेकिन देखने में आता है कि संसद सत्र शुरू होने से पूर्व बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में काफी मुद्दों पर सहमति होने की बात सामने आती है, लेकिन जब संसद सत्र शुरू हो जाता है तो सारा वातावरण ही बदल जाता है और जो संसद अच्छी चर्चाओं के लिए जानी जाती है वहां हंगामा और शोर-शराबा देखने को मिलता है। कई बार तो पूरा सत्र ही हंगामे की नजर हो जाता है। जबकि संसद सत्र की कार्रवाई में जनता का भारी भरकम पैसा खर्च होता है। सरकार को और तमाम विपक्षी दलों को इस ओर ध्यान देना होगा कि संसद को किसी तरह का अखाड़ा न बनाया जाए, जनता स्वस्थ देखना चाहती है।

## पहली वफादारी देश के लिए, पार्टी के लिए नहीं



किसी भी राजनीतिक दल के नेता की पहली वफादारी देश के प्रति होनी चाहिए, पार्टी के प्रति नहीं, पार्टियां सिर्फ एक रास्ता हैं, देश को बेहतर बनाने का जरिया हैं, अगर देश ही नहीं बचेगा, तो पार्टियों का क्या फायदा, इसलिए जब देश की सुरक्षा का सवाल हो, तब सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए, जब हम कहते हैं कि देश के लिए दूसरे दलों से मिलकर काम करना चाहिए, तो कुछ लोग इसे पार्टी से गद्दारी समझ लेते हैं, यही सबसे बड़ी दिक्कत है, राजनीति में मुकाबला चलता रहता है, लेकिन मुश्किल वक्त में देश के सभी दलों को एकजुट होना चाहिए।

**-शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस**


# संसद में प्राइवेट मेंबर बिल: गंभीरता की गिरती रेखा व लोकतंत्र की अनदेखी



**वीरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था संसद का स्वरूप वर्षों में किस प्रकार बदला है, इसका सजीव उदाहरण हमें संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों के स्वरूप में देखने को मिलता है। संसद में दो प्रकार के विधेयक होते हैं एक वे जिन्हें सरकार स्वयं लाती है, जिन्हें सरकारी बिल कहा जाता है और दूसरे वे, जिन्हें किसी मंत्री के अतिरिक्त संसद का कोई भी सदस्य जिसे हम सांसद कहते हैं पेश करता है, जिसे प्राइवेट मेंबर बिल के नाम से जाना जाता है।

सरकारी बिल सरकार की नीतियों को लागू करने या किसी नए कानून को बनाने के लिए लाया जाता है। इसे सरकार का समर्थन प्राप्त होता है, इस कारण से संसद में बहुमत से पारित होने की संभावना सबसे अधिक रहती है। इसके उलट प्राइवेट मेंबर बिल उस सांसद के व्यक्तिगत या क्षेत्रीय चिंताओं, किसी जनसमूह की पीड़ा, सामाजिक अन्याय या उपेक्षित वर्ग की समस्याओं को संसद के माध्यम से उजागर करने का माध्यम होते हैं। यह बिल इसलिए भी खास होते हैं क्योंकि इनके माध्यम से आम नागरिकों के जीवन से जुड़े मुद्दे संसद में उठते हैं परंतु विडंबना यह है कि ऐसे बिलों को संसद में वह स्थान या महत्व नहीं मिलता, जिसकी एक जीवंत लोकतंत्र में अपेक्षा की जाती है।



अगर हम भारत की स्वतंत्रता के बाद की संसदीय यात्रा पर दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि 1970 तक संसद में प्राइवेट मेंबर बिलों को विशेष गंभीरता से लिया जाता था। उस कालखंड में कुल तीन सौ सत्तर प्राइवेट मेंबर बिल संसद में प्रस्तुत किए गए और उनमें से चौदह बिल कानून बनकर जनता तक पहुंचे। यह संख्या न केवल सांख्यिकीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि उस समय संसद में हर सदस्य की बात को सुना जाता था, बहस होती थी और यदि जनहित में उचित पाया जाता था तो उसे कानून का रूप भी दिया जाता था। उस दौर के कुछ बिल तो इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुके हैं। बाल विवाह को समाप्त करने वाला ऐतिहासिक शारदा अधिनियम, महिलाओं को संपत्ति में अधिकार दिलाने वाला हिंदू उत्तराधिकार संशोधन अधिनियम, धार्मिक संस्थानों में पारदर्शिता लाने वाला मुस्लिम वक्फ अधिनियम जैसे अनेक उदाहरण इस बात को प्रमाणित करते हैं कि संसद तब केवल सरकार की आवाज नहीं थी, वह आमजन की आवाज का वास्तविक मंच थी। दुर्भाग्यपूर्ण सत्य यह है कि 1970 के बाद से संसद का स्वरूप बदलता गया और संसद में प्राइवेट मेंबर बिल महज औपचारिकता बनकर रह गए।

आजादी के बाद का वह स्वर्णकाल एक विराम के साथ समाप्त हो गया। पिछले पचपन वर्षों में एक भी प्राइवेट मेंबर बिल कानून नहीं बन पाया है। न केवल कानून नहीं बना, बल्कि अनेक ऐसे बिल जिनमें समाज की धड़कनें थीं, जिनमें जनता की पीड़ा थी, उन पर बहस तक नहीं हो पाई। ऐसा लगता है कि संसद केवल सरकार के एजेंडे तक सीमित होकर रह गई है।

आज की 18वीं लोकसभा और राज्यसभा में प्राइवेट मेंबर बिलों की स्थिति अत्यंत निराशाजनक है। यदि हम मौजूदा लोकसभा की बात करें तो अब तक कुल चौसठ प्राइवेट मेंबर बिल पेश किए जा चुके हैं। वहीं राज्यसभा में उनचास बिल प्रस्तुत किए गए हैं परंतु इन दोनों सदनों में इन बिलों पर गंभीर बहस की कोई मिसाल देखने को नहीं मिलती। कोई बिल चर्चा के लिए नहीं आता और बिना चर्चा के सूची से बाहर कर दिया जाता है। यह स्थिति यह संकेत देती है कि संसद के भीतर सत्ता पक्ष की सोच किस प्रकार एकपक्षीय होती जा रही है।

बीते वर्षों में अनेक ऐसे प्राइवेट मेंबर बिल लाए गए, जिनके समाज और राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते थे। भारतीय जनता पार्टी के युवा सांसद वरुण गांधी ने शहरी गरीबों के लिए एक ऐतिहासिक प्राइवेट मेंबर बिल संसद में प्रस्तुत किया था, जिसके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में भी मनरेगा जैसी योजना लागू करने का सुझाव था। यदि यह बिल कानून बन जाता तो भारत के करोड़ों शहरी गरीबों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आ सकता था, लेकिन इस बिल को संसद में चर्चा का अवसर ही नहीं मिला। इसी प्रकार कांग्रेस की महिला नेता अलका लांबा ने महिलाओं के कार्यस्थल पर उत्पीड़न रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण बिल प्रस्तुत किया, परंतु इस बिल को भी गंभीरता से नहीं लिया गया और चर्चा तक नहीं हो सकी।

राज्यसभा में ओडिशा के युवा सांसद सुजीत कुमार द्वारा लाए गए सस्टेनेबल फैशन बिल और हेपेटाइटिस नियंत्रण विधेयक इस समय चर्चा में हैं। यदि इन विधेयकों को गंभीरता से लिया जाता तो भारत में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जवाबदेही और सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति में बड़ा सुधार संभव हो सकता था लेकिन अब तक के अनुभव यही कहते हैं कि संसद में ऐसी गंभीर पहलें हाशिए पर डाल दी जाती हैं। इस बार कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद मनीष तिवारी ने स्थानीय स्वशासन को मजबूती देने के उद्देश्य से एक बड़ा प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किया है, जिसमें नगर निगम के मेयर के कार्यकाल को एक वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने और उनके प्रत्यक्ष चुनाव का प्रावधान है।

यदि यह बिल कानून बनता है तो नगरीय लोकतंत्र को नई ऊर्जा मिल सकती है, शहरी प्रशासन में स्थायित्व आ सकता है और जनता को सीधे अपने नेतृत्व को चुनने का अवसर प्राप्त हो सकता है। परंतु संसद में प्राइवेट मेंबर बिलों के हालात देखते हुए इस बिल के भी बहस में आने या कानून बनने की संभावना क्षीण प्रतीत होती है। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि संसद अब वैसी नहीं रह गई जैसी वह अपने प्रारंभिक दशकों में थी। जनप्रतिनिधियों की आवाजें अब सत्ताधारी दलों के एजेंडे के नीचे दब जाती हैं। संसद में विपक्ष और स्वतंत्र सांसदों के सुझावों को गंभीरता से सुनने की परंपरा लगभग समाप्त हो गई है। आज सरकार की प्राथमिकता केवल उन्हीं बिलों को पारित करना है जो उसके नीतिगत और राजनीतिक हितों के अनुकूल हों। प्राइवेट मेंबर बिलों पर बहस तक न होना यह सिद्ध करता है कि वर्तमान लोकतंत्र एकपक्षीय हो गया है। अब संसद का मानसून सत्र आरंभ होने जा रहा है। यह सत्र इतिहास बनाएगा या बीते पचपन वर्षों की परंपरा को ही दोहराएगा, यह देखना अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। क्या संसद इस बार प्राइवेट मेंबर बिलों को गंभीरता से बहस का विषय बनाएगी? क्या जनप्रतिनिधियों की आवाजें संसद में गूंजेंगी या वे सत्ता के अहंकार में दब जाएंगी? यह सवाल संसद के लोकतांत्रिक चरित्र की परीक्षा का क्षण है। यदि इस सत्र में भी प्राइवेट मेंबर बिलों पर बहस नहीं होती और उन्हें कानून का दर्जा नहीं मिलता, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि संसद अब आमजन की आवाज नहीं, बल्कि सरकार का एजेंडा बनकर रह गई है, लेकिन यदि संसद इस परंपरा को तोड़ती है, तो यह लोकतंत्र के लिए एक नई उम्मीद की किरण होगी।

समाज और लोकतंत्र के सजग प्रहरी के नाते हमें इस सत्र पर पैनी दृष्टि रखनी होगी। यह जानना होगा कि संसद का यह मानसून सत्र मात्र औपचारिकता में बीतेगा या इतिहास रचेगा। क्या संसद की दीवारें फिर से जनहित की आवाजों से गूंजेंगी या वे सत्ता के आदेशों की गूंज बनकर रह जाएंगी? समय ही इसका उत्तर देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विदेशी बाजार में तेजी से पकड़ बनाता प्रसार भारती

**दूरदर्शन के वेव्स ओटीटी की सीधी टक्कर ओटीटी के बेताज बादशाह नेटफ्लिक्स से है। नेटफ्लिक्स 200 से ज्यादा देशों में देखा जाता है। यह हर देश के लिए अलग-अलग भाषा में कंटेंट और डबिंग तैयार करता है। हाल ही में नेटफ्लिक्स पर 210 करोड़ की संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी सिरीज 43 देशों में देखी गई और 10 ट्रेंडिंग लिस्ट में जगह बनाई। दूरदर्शन अब इसी स्तर की भव्यता के लिए मेगा कंटेंट्स पर काम कर रहा है। दूरदर्शन के लिए एक खास बात यह है कि उसके पास बजट की कमी नहीं है। इसके अलावा बना-बनाया इंफ्रास्ट्रक्चर है।**



**पवन सिंह**

प्रसार भारती ने भारत से बसे करोड़ों प्रवासी भारतियों के लिए कई ऐसे कार्यक्रम ला रहा है जो देश की तमाम परंपराओं, रीति-रिवाजों के अलावा जिदंगी की जद्दोजहद से उनको रू-ब-रू कराएंगे।

यह मानवीय स्वभाव होता है कि जब आदमी अपनी सरजमीं से दूर होता है तो वह भावनात्मक रूप से अपनी माटी के ज्यादा करीब होता है। वह उन पलों को पर्दे पर ही देखकर अपने अतीत और वर्तमान को उनसे जोड़ लेता है। प्रसार भारती वेव्स सहित अपने अन्य इंटरटेनमेंट चौनलों को अब इसी कंटेंट से भरने की तैयारी कर चुका है। प्रसार भारती अपने प्रसार का दायरा तेजी से बढ़ा रहा है, नए चेयरमैन, सीईओ व डीजी के आने से भविष्य में बड़े मेगा सीरियल्स दिखेंगे। विदेशों में भारतीयों की संख्या लगभग 3।54 करोड़ है, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) और भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ) शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की सबसे बड़ी प्रवासी आबादी में से एक है। वेव्स ओटीटी ने अब




विदेशी ओटीटी प्लेटफार्मों को उनके ही घर में टक्कर देने की योजना बनाई है। भारतीय संस्कृति व परंपराएं, भारतीय परिवारों का सामाजिक ढांचा, पहनावा और खान-पान।

ये तमाम ऐसे विषय लंबे समय से विदेशी दर्शकों को आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन तमाम इंटरटेनमेंट चैनलों ने विगत 20-25 सालों में इसी भारतीय समाज की कहानियों को जिस विद्रूपता के साथ परोसा, उसने बहुत नुकसान किया है। आधुनिकता को अपनाए हुए और टूटती पारिवारिक मान्यताओं की एकता कपूर स्टाइल इंटरटेनमेंट से हुए नुकसान की भरपाई करने को दूरदर्शन खुद को तैयार कर चुका है। पाकिस्तान में भारतीय इंटरटेनमेंट चैनलों का एक विशाल दर्शक समूह है लेकिन जब भारतीय परिवारों को हर क्षेत्र में मान्यताओं को धूलधूसरित करने और महिला पात्रों को यत्र-तत्र-सर्वत्र मुंह मारते हुए दिखाया जाने लगा तो इनके देखने का विरोध हुआ। परिणामस्वरूप भारतीय इंटरटेनमेंट चैनलों की लोकप्रियता का ग्राफ गिरा। दूरदर्शन इस बीच उसी तरह से खरामा-खरामा चलता रहा जैसे 84-85 के दशक में था। जहां निजी इंटरटेनमेंट चैनल्स ने भव्यता सेट लगाकर और बड़े स्टार कास्ट व बंपर पब्लिसिटी का सहारा लिया वहीं दूरदर्शन हल्के-फुल्के सेट लगाकर काम चलाता रहा। अचानक दूरदर्शन गहरी नींद से जागा और खुद को अपने ही एक चर्चित विज्ञापन ईसीई बल्ब के एक ब्लैक एंड व्हाइट विज्ञापन की तरह जागा। पूरे घर के बदल डालूंगा। शीर्ष स्तर पर बदलाव हुए और चेयरमैन, सीईओ और डीजी की तिकड़ी ने खोया हुआ जनाधार आक्रामक तरीके से हासिल करने के लिए कमर कसी। बड़ा बजट, मेगा सिरियल्स, बड़े डायरेक्टर्स, बड़े स्टार्स के साथ मनोरंजन की गला काट प्रतियोगिता में यह तिकड़ी कूद चुकी है। अब मीडिया सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर अपने प्रोजेक्ट्स की पब्लिसिटी का खाका तैयार है। दूरदर्शन के सूत्र बताते हैं कि दर्शकों ने साफ-सुथरे व मीनिंगफुल कंटेंट्स को फिर से देखना शुरू किया है। मेरा पुराना दर्शक वापस लौट रहा है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हर दिन बढ़ती बेरोजगारी देश के लिए विकट समस्या



**विनीत नारायण**

पिछले दिनों खबर छपी कि उत्तर प्रदेश में 2 हजार पदों के लिए 29 लाख आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह एक बार ऐसी भी खबर आई थी कि आईआईटी से पास हुए 38 फीसदी युवाओं को रोजगार नहीं मिला। अक्सर यह देखा जाता है कि जब भी कभी कोई सरकारी पद पर भर्ती खुलती है तो कुछ हजार पदों के लिए लाखों आवेदन आ जाते हैं। फिर वो पद छोटा हो या बड़ा, उस पद की योग्यता से अधिक योग्य आवेदक अपना आवेदन देते हैं। बात बिहार की हो उत्तर प्रदेश की या देश में किसी अन्य राज्य की, जब भी एक पद पर उम्मीद से ज्यादा आवेदन आते हैं तो स्थिति अनियंत्रित हो जाती है।



आज के दौर में अगर मेनस्ट्रीम मीडिया किन्ही कारणों से ऐसे सवालों को जनता तक नहीं पहुंचाता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि जनता तक वह सवाल पहुंच नहीं पाएंगे। सोशल मीडिया पर ऐसे सैकड़ों इंटरव्यू देखे जा सकते हैं जो बेरोजगारी की भयावय समस्या से जूझते युवाओं की हताशा दर्शाते हैं। जब यह युवा रोजगार की मांग लेकर सड़कों पर उतरते हैं तो इनके राज्यों की सरकारें पुलिस से इन पर डंडे बरसाती हैं। अगर युवाओं को सरकारी नौकरी मिलने की भी उम्मीद नहीं होगी तो हार कर उन्हें निजी क्षेत्र में जाना पड़ेगा और निजी क्षेत्र की मनमानी का सामना करना पड़ेगा। दिक्कत यह है कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार की संभावनाएं बहुत तेजी से घटती जा रही हैं। इससे और हताशा फैल रही है। नौकरी नहीं मिलती तो युवाओं की शादी नहीं होती और उनकी उम्र बढ़ती जाती है। समाज शास्त्रीय शोधकर्ताओं को इस विषय पर शोध करना चाहिए कि इन करोड़ों बेरोजगार युवाओं की इस हताशा का समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे को देखते हुए शहरों में अनौपचारिक रोजगार की मात्रा को क्रमश: घटा कर औपचारिक रोजगार के अवसर को बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। देश की सिकुड़ती हुई अर्थव्यवस्था के कारण बेरोजगारी खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। एक शोध के अनुसार भवन निर्माण क्षेत्र में 50 प्रतिशत, व्यापार, होटेल व अन्य सेवाओं में 47 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में 39 प्रतिशत और खनन क्षेत्र में 23 प्रतिशत बेरोजगारी फैल चुकी है।

चिंता की बात यह है कि यह वो क्षेत्र हैं जो देश को सबसे ज्यादा रोजगार देते हैं। इसलिए उपरोक्त आंकड़ों का प्रभाव भयावह है। जिस तीव्र गति से यह क्षेत्र सिकुड़ रहे हैं उससे तो और भी तेजी से बेरोजगारी बढ़ने की स्थितियां पैदा हो रही हैं। दो वक्त की रोटी का भी जुगाड़ न कर पाने की हालत में लाखों मजदूर व अन्य लोग जिस तरह लॉकडाउन शुरू होते ही पैदल ही अपने गांवों की ओर चल पड़े उससे इस स्थिति की भयावयता का पता चलता है।

उल्लेखनीय है कि दक्षिण एशिया के देशों में अनौपचारिक रोजगार के मामले में भारत सबसे ऊपर है। जिसका मतलब हुआ कि हमारे देश में करोड़ों मजदूर कम मजदूरी पर, बेहद मुश्किल हालातों में काम करने पर मजबूर हैं, जहां इन्हें अपने बुनियादी हक भी प्राप्त नहीं हैं। इन्हें नौकरी देने वाले जब चाहे रखें, जब चाहें निकाल दें, क्योंकि इनका ट्रेड यूनीयनों में भी कोई प्रतिनिधित्व नहीं होता। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार भारत में 53.5 करोड़ मजदूरों में से 39.8 करोड़ मजदूर अत्यंत दयनीय अवस्था में काम करते हैं। जिनकी दैनिक आमदनी 200 रुपये से भी कम होती है। इसलिए मोदी सरकार के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं। पहलीय शहरों में रोजगार के अवसर कैसे बढ़ाए जाएं, क्योंकि पिछले 7 वर्षों में बेरोजगारी का फीसदी लगातार बढ़ता गया है। दूसरा शहरी मजदूरों की आमदनी कैसे बढ़ाएं, जिससे उन्हें अमानवीय स्थित से बाहर निकाला जा सके।

इसके लिए तीन काम करने होंगे। भारत में शहरीकरण का विस्तार देखते हुए, शहरी रोजगार बढ़ाने के लिए स्थानीय सरकारों के साथ समन्वय करके नीतियां बनानी होंगी। इससे यह लाभ भी होगा कि शहरीकरण से जो बेतरतीब विकास और गंदी बस्तियों का सृजन होता है उसको रोका जा सकेगा। इसके लिए स्थानीय शासन को अधिक संसाधन देने होंगे। दूसरा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन वाली विकासात्मक नीतियां लागू करनी होंगी। तीसरा शहरी मूलभूत ढांचे पर ध्यान देना होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सुधरे। चौथा देखा यह गया है कि विकास के लिए आवंटित धन का लाभ शहरी मजदूरों तक कभी नहीं पहुंच पाता और ऊपर के लोगों में अटक कर रह जाता है। इसलिए नगर पालिकाओं में विकास के नाम पर खरीदी जा रही भारी मशीनों की जगह अगर मानव श्रम आधारित शहरीकरण को प्रोत्साहित किया जाएगा तो शहरों में रोजगार बढ़ेगा। पांचवां शहरी रोजगार योजनाओं को स्वास्थ्य और सफाई जैसे क्षेत्र में तेजी से विकास करके बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आज यह हालत नहीं है कि वो प्रवासी मजदूरों को रोजगार दे सके। अगर होती तो वे गांव छोड़ कर शहर नहीं गए होते।

मौजूदा हालात में यह सोचना कि पढ़े-लिखे युवाओं के लिए एक ऐसी योजना लानी पड़ेगी जिससे इनको भी रोजगार मिल जाए, पर ऐसा करने से करोड़ों बेरोजगारों का एक छोटा सा अंश ही संभल पाएगा। जबकि बेरोजगारों में ज्यादा तादाद उन नौजवानों की है जो आज देश में बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेकर भी बेरोजगार हैं। उनका आक्रोश इतना बढ़ चुका है और सरकारी तंत्र द्वारा नौकरी के बजाए लाठियों ने आग में घी का काम किया है। कुछ वर्ष पहले सोशल मीडिया पर एक व्यापक अभियान चला कर देश के बेरोजगार नौजवानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को ही बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया था। उस समय इसी कॉलम में मैंने कहा था कि यह एक खतरनाक शुरुआत है जिसे केवल वायदों से नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में शिक्षित रोजगार उपलब्ध कराकर ही रोका जा सकता है। मोदी जी ने 2014 के अपने चुनावी अभियान के दौरान प्रतिवर्ष 2 करोड़ नए रोजगार सृजन का अपना वायदा अगर निभाया होता तो आज ए हालात पैदा न होते।

यहां यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि कोई भी राजनैतिक दल जो अपने चुनावी अभियान में बेरोजगारी दूर करने का सपना दिखता है, वो सत्ता में आने के बाद अपना वायदा पूरा नहीं करता। इसलिए सभी राजनैतिक दलों को मिल बैठ कर इस भयावय समस्या के निदान के लिए एक नई आर्थिक नीति पर सहमत होना पड़ेगा। जिसके माध्यम से देश की सम्पदा, चंद हाथों तक सीमित होने के बजाय उसका विवेकपूर्ण बंटवारा हो। छोटे और मंझले उद्योगों के तेजी से बंद होने की मजबूरी को दूर करना होगा और इन उद्योगों को अविलंब पुन: स्थापित करने की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल में युद्ध के खिलाफ फूटा गुस्सा, सड़कों पर उतरे हजारों

## गाजा में बंधकों की वापसी के लिए ट्रम्प से हस्तक्षेप करने की मांग

**तेल अवीव।** इजरायल व हमास के बीच गाजा में करीब डेढ़ साल से चल रहे युद्ध को रो. कने की मांग उठ रही है। समझौते की मांग को लेकर इजरायल की जनता सड़कों पर उतर आई है। लोगों ने युद्ध विराम को लेकर समझौता करने की मांग की। लोगों ने कहा कि युद्ध समाप्त किया जाए और गाजा में बंद सभी 50 जीवित और मृत बंदियों को वापस लाया जा सके।

साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते कराने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर लिए हुए थे, जिस पर लिखा था कि ट्रम्प को बड़ा समझौता कराना चाहिए। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा है कि गाजा में संघर्ष को खत्म करने के लिए सभी संबंधित पक्षों को एक टेबल पर लाया जा सके। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह संघर्ष और जटिल हो सकता है और इसका असर पूरे पश्चिम एशिया पर पड़ेगा। अमेरिका यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि गाजा में मानवीय संकट न बढ़े। वहीं काउंसिल आन अमेरि. कन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) ने गाजा में भुखमरी के बावजूद कार्रवाई न करने के लिए वैश्विक समुदाय की निंदा की है। सीएआईआर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने हमारी अपनी सरकार की मिलीभगत से बेंजामिन नेतन्याहू की अति-दक्षिणपंथी सरकार द्वारा फलस्तीनी नागरिकों के नरसंहार को न केवल सहन किया है, बल्कि उसे सामान्य बना दिया है। ये दुर्घटनाएं नहीं हैं। ये अमेरिकी करदाताओं द्वारा दिए गए अरबों डालर के हथियारों और सहायता से समर्थित क्रूरता और दंडमुक्ति की प्रणाली के परिणाम हैं। हम इजरायल के हमले के लिए अमेरिका के सभी समर्थन को समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। चुप्पी नरसंहार में सहभागिता है और नरसंहार को सामान्य बनाना मानवता के साथ विश्वासघात है।



■ ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह संघर्ष और जटिल हो सकता है

## ईरान और रूस में भूकंप के तेज झटके


**काहिरा/मॉस्को।** ईरान में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शनिवार को उत्तरी और मध्य ईरान में अंतर्राष्ट्रीय समय 21:37 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र 36.72 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 55.10 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर निर्धारित था। केन्द्र ने बताया कि इसी समय पर उत्तर-पूर्वी ईरान के कुर्नाबाद गांव से 31 किलोमीटर पूर्व में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र 36.84 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 54.94 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10 किलोमीटर की गहराई पर निर्धारित था। वहीं रूस के पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 142 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण- पूर्व में रविवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि आज 06:28 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.0 आंकी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से हुई क्षति की मरम्मत में जुटा पाक

## सरकार ने मरम्मत के लिए 100 करोड़ दिए

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' छेड़ कर 7 मई की रात पाकिस्तान में आतंक की 9 फैक्ट्रियों को तबाह कर दिया था, लेकिन पाक ने इन ठिकानों की मरम्मत का ना-पाक काम फिर शुरू कर दिया। लगभग ढाई महीने बाद यहां मरम्मत कराई जा रही है।

लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों की ओर से संचालित मदरसों में छात्र लौट आए हैं। इन ठिकानों में हुई तबाही की मरम्मत के लिए पाकिस्तानी आर्मी और शहबाज सरकार ने सरकारी खजाना खोल दिया है। पहले 50 करोड़ रुपये का फंड जारी हुआ था सूत्रों के मुताबिक, अब इन 9 आतंकी ठिकानों के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है। इस फंड को बढ़ाने के लिए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने खुद पहल की। पता चला है कि मुनीर ने पाक आर्मी वेलफेयर और आर्मी हाउसिंग स्कीम से फंड को डायवर्ट करने के आदेश दिए हैं। ये राशि स्ट्राइक में मारे गए लोगों के परिवार वालों को दी जाने वाली सहायता राशि से अलग होगी। पाकिस्तान सरकार और आर्मी ने ऐसे 15 परिवारों को 10 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया हुआ है। पाक सरकार ने इन कंस्ट्रक्शन साइट पर काम के लिए चीन की गेझोउबा ग्रुप कंपनी से भी संपर्क किया है।



### इस्लामाबाद ने चीन की कंपनी से किया संपर्क

ये कंपनी पहले से पीओके में काम कर रही है। मुजफ्फराबाद, कोटली और भिंबर के कुछ स्थानों पर ये कंपनी मरम्मत का काम कर सकती है। पंजाब सूबे में भी काम के लिए चीन की कंपनी को तलाशा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार आर्मी चीफ आसिम मुनीर का झुकाव जैश के प्रति बढ़ रहा है। जैश के मुख्यालय बहावलपुर में सुभान अल्लाह मस्जिद की निगरानी रिपोर्ट सीधे उनके पास जाती है। जैश के सुप्रीमो मसूद अजहर को भी स्पेशल आईएसआई के सेफ हाउस में रखा गया है। पता चला है कि मसूद की लोकेशन हर पखवाड़े बदल दी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### फलस्तीन राष्ट्रीय परिषद के चुनाव साल के अंत में

**रामअल्लाह।** फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने नई फलस्तीन राष्ट्रीय परिषद के चुनाव इस साल के अंत से पहले कराने के शनिवार को आदेश जारी कर दिए। फलस्तीन समाचार एजेंसी वाफा के अनुसार, यह फैसला फलस्तीन मुक्ति संगठन की कार्यकारी समिति ने गुरुवार को हुई बैठक में लिया। बैठक में तय किया गया कि साल 2025 के अंत से पहले चुनाव करा लिए जाएंगे। वाफा ने बताया कि चुनाव की तारीख कार्यकारी समिति के अध्यक्ष तय करेंगे। इस 350 सदस्यीय परिषद में दो-तिहाई सदस्य देश से चुने जाएंगे और शेष एक-तिहाई प्रवासी और विदेशों में रह रहे फलस्तीनी मूल के लोग होंगे।

### सूडान ने यूरोपीय संघ के नए प्रतिबंधों की निंदा की

**खार्तूम।** सूडान ने शनिवार को यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा करते हुए कहा कि इनमें 'निष्पक्ष कानूनी मानकों' का अभाव है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सूडानी सशस्त्र बलों की 'गैरकानूनी विद्रोही सशस्त्र समूहों' के साथ तुलना करना संभव नहीं है। बयान में यूरोपीय संघ से सूडान की विशिष्ट राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया गया। यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को एसएएफ और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) से संबद्ध दो व्यक्तियों और दो संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जिनमें संपत्ति जब्त करना, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से धन या आर्थिक संसाधनों के प्रावधान पर प्रतिबंध और यात्रा प्रतिबंध शामिल हैं।

### वियतनाम में जहाज डूबने से 37 लोगों की मौत

**हनोई।** उत्तरी वियतनाम के हा लॉन्ग खाड़ी में शनिवार को एक यात्री जहाज के डूब जाने से 37 लोगों की मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि जहाज के मलबे को आज तड़के जांच के लिए किनारे पर लाया गया। दुर्घटना के समय जहाज पर 48 वियतनामी पर्यटक सवार थे। दस पर्यटकों को बचा लिया गया। सरकारी मीडिया के अनुसार जहाज में चालक दल के पांच सदस्य भी सवार थे। वियतनाम के उप-प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा के निर्देश पर क्वांग निन्ह प्रांत के अधिकारियों ने बचाव अभियान में सहायता के लिए चार बड़े जहाज और मुख्य बचाव बल तैनात किए।

# मध्य गाजा को खाली करने का आदेश

## संघर्ष विराम पर वार्ता थमी, तो इजरायल ने हमले तेज किए, लोगों को मुवासी जाने की दी सलाह

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने मध्य गाजा को खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। मध्य गाजा उन इलाकों में शामिल है, जहां इजरायल के सैनिकों ने ज्यादा कार्रवाई नहीं की है। इससे दीर अल बलाह और राफा और खाना यूनिस के बीच संपर्क टूट गया है।

वहीं संघर्ष विराम बातचीत कई महीनों से थमी है, ऐसे में इजरायल हमले तेज करने की तैयारी कर रहा है। इजरायल और हमास, कतर में युद्धविराम को लेकर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों का कहना है कि फिलहाल कोई सफलता नहीं मिली है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों से हमास पर बातचीत करने का दबाव पड़ेगा। हालांकि अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। गाजा के जिस इलाके में निकासी का आदेश दिया गया है, वहां कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी स्थित हैं जो लोगों को सहायता वितरित करने का प्रयास कर रहे हैं। संगठनों ने इजरायल की निकासी चेतावनियों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। इजरायली सेना ने मध्य गाजा में रहने वाले लोगों को मुवासी क्षेत्र में जाने की अपील की है। मुवासी गाजा के दक्षिणी तट पर एक तंबू शिविर है, जिसे इजरायली सेना ने मानवीय शि. विर घोषित किया है।

इजरायली सेना ने चेतावनी दी है कि वे आतंकवादियों पर हमले तेज करने वाले हैं। हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल में हमला किया, जिसने गाजा में युद्ध की शुरुआत की। हमास के हमले में इजरायल में 1200 लोग मारे गए थे और 251 अन्य को बंधक बना लिया गया था। अभी भी 50 लोग बंधक हैं, जिनमें से आधे से भी कम जीवित बचे हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इसके बाद हुए इजरायली सेना के हमले में 58000 से जयादा फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय ने ये नहीं बताया कि मृतकों में कितने आतंकवादी हैं, लेकिन मृतकों में आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।



### लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह नेता की मौत

**यरूशलम/बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में शनिवार को हुए इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह की योहमोर चौकी का प्रमुख अहमद मुहम्मद सलाह मारा गया। यह जानकारी इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को दी। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि सलाह योहमोर क्षेत्र में हिजबुल्लाह की सैन्य अवसंरचना को फिर से स्थापित करने की कोशिशों में शामिल था। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने इससे पहले कहा था कि नाबातीह जिले के योहमोर के शारबिक इलाके में एक मोटरसाइकिल पर हुए इजरायली ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## हसीना को कभी माफ नहीं किया जा सकता: बीएनपी

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने रविवार को कहा कि अपदस्थ शेख हसीना को जुलाई के जन विद्रोह के दौरान हुई हत्याओं और क्रूरताओं के लिए कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने 'जन विद्रोह 2024-सदाबहार स्मृतियां' नामक एक कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि सुहसीना मानवता के लिए कलंक हैं, माताओं के लिए कलंक हैं। फखरूल ने आंदोलन में अपने बेटे की मृत्यु के बारे में भावुक होकर बताया कि अपने बेटे के ज़रिए भविष्य का सपना देखा था। लेकिन उसे गोली मार दी गई, फिर दूसरों के साथ एक वैन में फेंक दिया गया। बाद में, शवों को आग लगा दी गई। ज़रा सोचिए कि हम एक आज़ाद देश के नागरिक हैं। यह कार्यक्रम बीएनपी संस्थापक ज़ियाउर रहमान की समाधि स्थल पर कार्यक्रम का आयोजित हुआ।

# बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी पार्टी ने किया शक्ति प्रदर्शन

■ राजधानी ढाका में शक्ति प्रदर्शन किया, देश की यूनुस सरकार से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की

**ढाका।** बांग्लादेश की इस्लामिक पार्टी जमात- ए- इस्लामी ने राजधानी ढाका में विशाल रैली कर अपनी राजनी. तिक ताकत का प्रदर्शन किया। इस रैली में लाखों समर्थक जुटे। माना जा रहा है कि यह प्रदर्शन अगले साल होने वाले आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

जमाते इस्लामी ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वह 10 लाख लोगों को जुटाएगी। रात से ही हजारों समर्थक ढाका यूनिवर्सिटी कैंपस में डटे रहे। शनिवार सुबह वे ऐतिहासिक सुवर्रवर्दी उद्यान के लिए रवाना हुए। यह वही जगह है जहां 16 दिसम्बर 1971 को भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया था। 66 वर्षीय पार्टी प्रमुख शफीकुर रहमान ने भाषण के दौरान दो बार बेहोश हो गए। उन्हें बाद में जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि 2024 का संघर्ष केवल फासीवाद के खिलाफ नहीं है, अब भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। हम युवा शक्ति को एकजुट कर इस लड़ाई को जीतेंगे।

पार्टी ने अंतरिम यूनुस सरकार के सामने 7 प्रमुख मांगें रखीं हैं। रैली में शामिल 40 वर्षीय इकबाल हुसैन ने कह हम एक ऐसे नए बांग्लादेश के लिए यहां हैं, जहां शासन इस्लाम के सिद्धांतों पर आधारित हो, ईमानदार लोग सत्ता में हों और भ्रष्टाचार न हो। जरूरत पड़ी तो जान भी देंगे। 20 वर्षीय छात्र मो. हिदुल मोर्सलीन सय्यम ने कहा हम कुरान के रास्ते पर चलते हैं, इसलिए जमात के राज में किसी से भेदभाव नहीं होगा। सभी को अधिकार मिलेंगे। यह पहला मौका है जब 1971 के बाद जमाते इस्लामी को सुवर्रवर्दी उद्यान में रैली की इजाजत मिली।



उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में मानसून के मौसम में उफनती गंगा नदी के कारण जलमग्न हुए आस-पास के इलाके।

# ट्रम्प प्रशासन स्पेसएक्स के साथ अनुबंध जारी रखेगा

## ट्रम्प प्रशासन ने अरबों डॉलर के समझौतों में संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए अनुबंधों की समीक्षा शुरू की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स के साथ सरकारी अनुबंधों का मूल्यांकन करने के बाद ट्रम्प प्रशासन इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उनमें से अधिकांश को बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि वे पेंटागन और नासा के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रविवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के सूत्रों के अनुसार, जून की शुरुआत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह घोषणा की थी कि वह कुछ दिनों बाद एलन मस्क के साथ मौजूदा सरकारी अनुबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। इसी के मद्देनजर ट्रम्प प्रशासन ने अरबों डॉलर के समझौतों में संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए अनुबंधों की समीक्षा शुरू की। स्पेसएक्स की अध्यक्ष ग्वेने शॉटवेल ने स्पेसएक्स अनुबंधों के मूल्यांकन के दौरान व्हाइट हाउस के अधिका. रियों से मुलाकात की। समाचारपत्र के एक सूत्र ने कहा कि स्पेसएक्स के कुछ अनुबंधों की आगे जांच की जा सकती है। समाचारपत्र ने कहा कि अनुबंधों का मूल्यांकन स्पेसएक्स का एक प्रमुख रॉकेट निर्माता के रूप में और विश्व के मुख्य उपग्रह इंटरनेट संचार प्रदाता की स्थिति को उजागर करता है। जून में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और अरबपति मस्क के बीच सार्वजनिक विवाद शुरू होने के बाद व्हाइट हाउस ने रक्षा विभाग और नासा को स्पेसएक्स के साथ बड़े अनुबंधों पर विस्तृत जानकारी एकत्रित करने का निर्देश दिया था। ट्रम्प द्वारा स्पेसएक्स के साथ अनुबंध समाप्त करने की धमकी के बाद एलन मस्क ने कहा था कि वह ड्रैगन अंतरिक्ष यान उड़ाना बंद कर सकते हैं। इससे अंतरिक्ष एजेंसी यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने और वापस लाने की क्षमता खो सकती थी। एलन मस्क बाद में अपनी धमकी पर पीछे हट गए लेकिन उनकी घोषणा ने नासा अधिकारियों में चिंताए उत्पन्न कर दी जिन्होंने स्पेसएक्स पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रखने का भरोसा किया था और पेंटागन अपने महत्वपूर्ण उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए उनकी कंपनी पर अधिक निर्भर है।



### समाचारपत्र के एक सूत्र ने कहा: स्पेसएक्स के कुछ अनुबंधों की आगे जांच की जा सकती है

# सऊदी अरब के राजकुमार का निधन

**दोहा।** सऊदी अरब के राजकुमार अल-वलीद बिन खालिद बिन तलाल (36) का शनिवार को निधन हो गया। बीस वर्ष पहले लंदन में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद वह कोमा में चले गए थे। शाही कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकुमार को सऊदी अरब में 'सोता हुआ राजकुमार' कहा जाता था। समय-समय पर ऐसी अफवाहें उड़ती रहीं कि वह ठीक हो रहे हैं, लेकिन कभी इसकी पुष्टि नहीं हुई। कार्यालय ने एक बयान में कहा कि 'राज. कुमार के अंतिम संस्कार के लिए आज रियाद स्थित इमाम तुर्की बिन अब्दुल्ला ग्रैंड मस्जिद में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। राजकुमार के पिता खालिद बिन तलाल ने एक्स पर निधन की जानकारी दी। उन्होंने एक भावुक पोस्ट में कहा कि अल्लाह की मर्जी और नियति में विश्वास रखते हुए गहरे दुख के साथ हम अपने बेटे के निधन की सूचना दे रहे हैं, अल्लाह उन पर रहम करे। वह अस्पताल में अपने बेटे से मिलने के बाद नियमित रूप से सोशल नेटवर्क पर कई तस्वीरें पोस्ट करते थे।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज). वीजा एक्सटेंशन. इंश्योरेंस. मेडिकल. ट्रांसपोर्टेशन. लॉन्डरी.
एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट